नई दिल्ली
शनिवार, 30 अगस्त 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 136
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 27

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

प्रधानमंत्री मोदी और इशिबा के बीच टोक्यो में हुए 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन से निकला यह निष्कर्ष

दोनों नेताओं की वार्ता में आपसी संबंधों सहित चीन की आक्रामकता, हिंद-प्रशांत क्षेत्र के तनाव, यूक्रेन विवाद, आतंकवाद, मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष और म्यांमार संकट जैसे मुद्दे शामिल किए गए

अगले 10 वर्षों में जापान, भारत में करेगा 10 ट्रिलियन येन का निवेश

दोनों देशों के बीच हुए कुल 13 समझौतों पर हस्ताक्षर

# भारत-जापान की विशेष सामरिक, वैश्विक साझेदारी में जुड़ेगा नया अध्याय, रोडमैप तैयार: पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली





टैरिफ की चुनौती के बीच...

अमेरिका द्वारा दुनियाभर के देशों पर लगाए जा रहे टैरिफ से बढ़ती आर्थिक उथल-पुथल और संघर्षों से उत्पन्न चिंताजनक हालातों के बीच शुक्रवार को भारत और जापान के प्रधानमंत्रियों के बीच टोक्यो के कांतेई (पीएम इशिबा का आधिकारिक निवास) में 15वां वार्षिक शिखर सम्मेलन (पार्टनरशिप फॉर सिक्योरिटी एंड प्रोस्पेरिटी ऑफ अवर नेक्स्ट जेनरेशन) हुआ। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों, महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़ी साझेदारी के अलावा पूर्वी-दक्षिण चीन सागर में बढ़ते तनाव, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्वतंत्रता, यूक्रेन और मध्य पूर्व में जारी विवाद, आतंकवाद-कट्टरता, यूएनएससी में सुधार ▶▶ शेष पेज 5 पर

## पहलगाम हमले की निंदा की

*पहलगाम हमले के साथ ही दोनों नेताओं ने सीमापार आतंकवाद सहित आतंकवाद-चरमपंथ के सभी प्रकारों की कड़ी निंदा की। वार्ता में यूएन की उस रिपोर्ट का जिक्र किया गया। जिसमें हमले के लिए जिम्मेदार टीआरएफ का उल्लेख किया गया था। दोषियों को जल्द न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिए। यूएन आधारित आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। पीएम मोदी ने कहा, आतंकवाद, साइबर सुरक्षा को लेकर हमारी चिंताएं समान हैं। रक्षा-समुद्री सुरक्षा से हमारे साझा हित जुड़े हुए हैं। दोनों ने निर्णय लिया है कि रक्षा उद्योग और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत बनाएंगे।*

चीन की यात्रा से ठीक पहले जापान के समाचारपत्र 'योमीउरी शिंबुन' को दिए साक्षात्कार में बोले भारत के प्रधानमंत्री

# भारत और चीन को स्थिर वैश्विक व्यवस्था के लिए एक होना चाहिए: प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इस सप्ताह रविवार को तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से ठीक पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय मुलाकात होगी। इस संबंध में उनकी यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। जिसके पहले पड़ाव के रूप में अभी फिलहाल वह जापान में हैं। जहां पीएम ने अमेरिकी टैरिफ को लेकर दुनिया में जारी तनाव के बीच चीन को एक जरूरी संदेश दिया है। जापान के समाचार पत्र 'योमीउरी शिंबुन' को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि एक स्थिर वैश्विक व्यवस्था के लिए भारत और चीन को एक होना चाहिए। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति के लिए भारत को चीन के साथ स्थिर संबंधों की दरकार है। यहां बता दें कि 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर हुए विवाद के बाद प्रधानमंत्री की यह पहली चीन यात्रा है। जिसमें वह एससीओ सम्मेलन में भागीदारी के अलावा समूह के कई अन्य देशों के शीर्ष नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। इसी संदर्भ में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ भी 1 सितंबर को पीएम की एक बैठक होगी। जो खासी महत्वपूर्ण रहेगी। क्योंकि रूस से जारी तेल खरीद से उखड़े अमेरिका द्वारा नई दिल्ली पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के दौर में दोनों नेता मिलेंगे। पीएम की चीन यात्रा दो दिवसीय होगी। जिसमें वह 31 अगस्त से 1 सितंबर तक वहां रहेंगे।

## संबंधों का आधार आपसी सम्मान, साझा हित

*उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंध आपसी सम्मान, साझा हितों और संवेदनशीलता पर आधारित होने चाहिए। भारत चीन के साथ उन्नत द्विपक्षीय संबंधों के लिए तैयार है। जिसमें रणनीतिक और दीर्घकालिक मत भी शामिल है। इसके अलावा पीएम ने भारत-चीन के बीच स्थिर और मित्रतापूर्ण संबंधों की वकालत करते हुए कहा कि इनकी मदद से क्षेत्रीय शांति और वैश्विक आर्थिक स्थिरता को बरकरार रखने में भी मदद मिलेगी। दोनों देश दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए एकजुटता से काम करना चाहिए। एशिया के दो बड़े देशों के बीच स्थिर, मित्रवत संबंध वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। पीएम ने विकास संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए दोनों पक्षों के बीच रणनीतिक संचार बढ़ाने पर भी जोर दिया।*

## संबंधों में सुधार का उल्लेख किया

उन्होंने साक्षात्कार में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में हालिया समय में हुए सुधार का जिक्र किया और कहा कि हमारे संबंध केवल दोनों देशों के लिए ही नहीं बल्कि विस्तृत पैमाने पर एशिया क्षेत्र के लिए भी खासी अहमियत रखते हैं। इनका क्षेत्रीय से लेकर वैश्विक शांति और समृद्धि पर भी वृहद प्रभाव पड़ सकता है। इसके अलावा यह बहुध्रुवीय एशिया और विश्व के लिए भी जरूरी हैं। उन्होंने कजान में राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ पिछले साल हुई बैठक के बाद दोनों देशों के संबंधों में तेजी से सकारात्मक सुधार का तर्क दिया। साथ ही आगामी एससीओ सम्मेलन को साझा हितों और क्षेत्रीय चुनौतियों के बारे में विचार-विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करने वाला बताया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### भारत की जीडीपी वृद्धि दर पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही।



अमेरिका के भारी शुल्क लगाए जाने से पहले की पांच तिमाहियों में यह सबसे अधिक है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण जीडीपी वृद्धि दर बढ़ी है। भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

### नीचे आने लगा विमान कराई इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली से आने वाली स्पाइसजेट की एक फ्लाइट की शुक्रवार को श्रीनगर एयरपोर्ट पर



इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान सुरक्षित रूप से उतर गया। फ्लाइट एसजी-385 में 4 बच्चों सहित 205 यात्री और चालक दल के 7 सदस्य सवार थे। दबाव की समस्या के कारण फ्लाइट की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई।

### हरमनप्रीत की 'हैट्रिक' से चीन को पटखनी

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशिया कप-2025 की विजयी शुरुआत की है। बिहार में



खेले गए पहले मैच में चीन को 4-3 से हरा दिया। मैच काफी रोमांचक रहा और आखिरी क्वार्टर में स्कोरलाइन बराबरी पर थी। तभी कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए भारत को आगे किया और उनका ये गोल विजयी गोल साबित हुआ।

ट्रंप की टैरिफ की चुनौती के बीच भारत की दो टूक...

# 'राजनीतिक-आर्थिक स्थिरता' के साथ ही पारदर्शी नीतियों पर टिका है भारत: पीएम



- भारत-जापान एशियाई सदी में स्थिरता, विकास और समृद्धि को मिलकर आकार देंगे
- यह जानकारी पीएम ने टोक्यो में 'भारत-जापान आर्थिक फोरम' को संबोधित करते हुए दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

50 फीसदी टैरिफ से उठे आर्थिक संकट के बीच शुक्रवार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय जापान यात्रा की शुरुआत हुई। वह टोक्यो पहुंचे और वहां पर सबसे पहले उन्होंने 'भारत-जापान आर्थिक फोरम' को संबोधित किया। जिसमें नाम लिए बगैर पीएम ने अमेरिका को साफ शब्दों में ये संदेश दे दिया कि 'भारत में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता' तो है ही। उसके साथ ही नीतियों में पूर्वानुमान और पारदर्शिता भी मौजूद है। कारोबारी सुगमता के इन प्रयासों ने भारतीय बाजार ▶▶ शेष पेज 5 पर



## एशियाई सदी को देंगे आकार

प्रधानमंत्री ने जापान की कंपनियों को भारत में व्यापार-निवेश के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मैन्युफैक्चरिंग, तकनीक से लेकर हरित ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में निवेश के लिए भारत एक आकर्षक स्थान है। जापानी व्यापार को वैश्विक दक्षिण के देशों तक पहुंचाने के लिए भारत, जापान को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। दोनों देश एकजुटता से स्थिरता, विकास और समृद्धि के साथ एशियाई सदी को आकार देंगे। आर्थिक फोरम का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और जापान व्यापार महासंघ (कीदानरेन) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। जिसमें जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा और दोनों देशों के बिजनेस लीडर्स फोरम के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ ही दोनों देशों के उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया।

## बड़े सुधारों से रूबरू कराया

उन्होंने कहा, दोनों देशों के संबंधों के केंद्र में विशेष रणनीतिक-वैश्विक साझेदारी है। अंतरराष्ट्रीय विकास में भारत का योगदान 18 फीसदी है। हमारे पूंजीगत बाजार में अच्छे रिटर्न मिल रहे हैं, बैंकिंग सेक्टर भी मजबूत है। कम महंगाई के साथ ब्याज दरें भी कम हैं। देश के पास करीब 700 बिलियन डॉलर का फॉरेक्स रिजर्व है। बदलाव के पीछे हमारा दृष्टिकोण सुधार, प्रदर्शन और बदलाव का है। 2017 में हमने वन नेशन-वन टैक्स की शुरुआत की थी। अब इसमें नए और बड़े सुधार लाने पर काम जारी है। पीएम ने बताया कि कुछ समय पहले हमारी संसद ने नए और सरल आयकर कोड को भी मंजूरी दी है। इन सुधारों का संबंध केवल कर प्रणाली तक सीमित नहीं है। हमने व्यापार की सुगमता ▶▶ शेष पेज 5 पर

## इन 5 सुधारों से मजबूत होगी साझेदारी

- *दोनों देशों की साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए पीएम मोदी ने 5 सुझाव दिए। जिनमें पहला- मैन्युफैक्चरिंग, ऑटो सेक्टर की सफलता के जादू को भारत-जापान मिलकर बैटरीज, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, शिप बिल्डिंग और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में दोहरा सकते हैं। ग्लोबल साउथ खासतौर पर अफ्रीका के विकास में भी दोनों की भागीदारी रहेगी। मेक इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड के लिए जापानी कंपनियों को आमंत्रित करते हुए उन्होंने कहा कि सुजुकी और डाइकिन की सफलता की कहानियां फिर से दोहराई जा सकती हैं।*
- *दूसरा- तकनीक और इनोवेशन, जापान टेक और भारत एक टैलेंट पावर हाउस है। हमने एआई, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग, बायोटेक, स्पेस में बड़े-महत्वाकांक्षी निर्णय लिए हैं। जापान की तकनीक और भारत की प्रतिभा मिलकर इस सदी की तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सकते हैं।*
- *तीसरा- ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन, भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट और 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा का लक्ष्य रखा है। सोलर सेल या ग्रीन हाइड्रोजन साझेदारी की भरपूर संभावनाएं हैं। दोनों के बीच संयुक्त क्रेडिट तंत्र को लेकर समझौता हुआ है। जिसका लाभ उठाकर स्वच्छ और हरित भविष्य के निर्माण में सहयोग किया जा सकता है।*
- *चौथा- अगली पीढ़ी का इंफ्रास्ट्रक्चर, बीते 1 दशक में हमारे बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हुई है। 160 से अधिक हवाईअड्डे, 1 हजार किमी. लंबी मेट्रो लाइन बनी है। जापान के सहयोग से मुंबई, अहमदाबाद हाईस्पीड रेल लाइन पर काम जारी है। जापान की उत्कृष्टता और भारत का कौशल एक उचित भागीदारी का निर्माण कर सकते हैं।*
- *पांचवां- कौशल विकास व लोगों के संबंध, प्रतिभाशाली भारतीय युवाओं को जापानी भाषा और सॉफ्ट स्किल का प्रशिक्षण देकर जापान रेडी वर्कफोर्स तैयार हो सकती है। जो साझा विकास में मददगार होगी। दोनों देशों की भागीदारी सामरिक और स्मार्ट है। जिसके पीछे आर्थिक तर्क मौजूद है। दोनों देश साझा हितों को साझा समृद्धि में तब्दील कर सकते हैं।*

भारतीयों के साथ-साथ प्रधानमंत्री के स्वागत में बेहद प्रफुल्लित नजर आए जापान के नागरिक, दी विशेष प्रस्तुति

# जापान में हुआ पीएम मोदी का भव्य स्वागत, भेंट की गई दारुमा गुड़िया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय यात्रा के तहत शुक्रवार सुबह जापान पहुंचे। जहां पहले टोक्यो हवाईअड्डे पर उनका आधिकारिक रूप से जापानी पक्ष के प्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया और उसके बाद होटल में बड़ी तादाद में मौजूद भारतीय समुदाय के लोगों ने पीएम का जोरदार अंदाज में स्वागत किया। जिसकी खास बात ये रही कि इस बार टोक्यो में केवल भारतीय ही नहीं जापानी लोग भी भारतीय प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए मौजूद रहे। किसी ने तबला बजाकर तो किसी ने राजस्थानी लोकगीत गाकर उनका अभिनंदन किया। पीएम ने भी सभी के प्रति धन्यवाद जताया। एक्स पर पोस्ट में अपने इस शानदार स्वागत से अभिभूत होकर प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, टोक्यो में भारतीय समुदाय के गर्मजोशी और स्नेह से भरे स्वागत से मैं बहुत प्रभावित हूं। जापानी समाज में सार्थक योगदान देते हुए हमारी ▶▶ शेष पेज 5 पर

रिलायंस एजीएम में मुकेश अंबानी का ऐलान 2026 की पहली छमाही तक जियो आईपीओ

## भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत उभर रहा, इसे कोई रोक नहीं सकता

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की 48वीं वार्षिक आम



- भारत को दुनिया के मॉडल की नकल करने की जरूरत नहीं

बैठक यानी एजीएम शुरू हो गई है। इस मौके पर बोलते हुए रिलायंस समूह के मुखिया मुकेश अंबानी ने कहा है कि भारत तरक्की की राह पर आगे बढ़ रहा है। अंबानी ने बताया कि आईपीओ के सारे प्रबंध पूरा करते हुए इसे 2026 की पहली छमाही तक लाने की कोशिश होगी। अंबानी ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद ▶▶ शेष पेज 5 पर

बनेगा सुरक्षित डेटा सिस्टम

## वाहन, सारथी व फास्टैग डेटा एक्सेस के नए नियम

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नेशनल ट्रांसपोर्ट रिपॉजिटरी से डेटा शेयरिंग के लिए नई पॉलिसी





- 39 करोड़ से ज्यादा वाहनों का रिकॉर्ड

पेश की है। इसमें वाहन, सारथी, फास्टैग, ई-चालान और हादसे से जुड़े रिकॉर्ड शामिल होंगे। पॉलिसी का मकसद नागरिकों की प्राइवेसी, डेटा सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। यह डेटाबेस पूरे देश के वाहन पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, चालान और सड़क हादसों के रिकॉर्ड को जोड़ता है। सड़क परिवहन ▶▶ शेष पेज 5 पर

अवैध प्रवासियों का मामला

## सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार से सवाल अमेरिका जैसी दीवार बनाना चाहते हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या वह अवैध प्रवासियों का देश में प्रवेश रोकने के लिए सीमा पर अमेरिका जैसी दीवार बनाना चाहता है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने केंद्र से अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने में (खासकर बांग्लादेश को) सरकारों द्वारा अपनाई गई मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के बारे में जानकारी देने को कहा। शीर्ष अदालत ने इस मामले में गुजरात सरकार को भी पक्षकार बनाया। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार ▶▶ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने बेंगलुरु, कर्नाटक में किया आईसीएआर के संस्थानों का दौरा

# शिवराज ने किसानों, पशुपालकों, स्टार्टअप उद्यमियों, वैज्ञानिकों से किया संवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को बेंगलुरु में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के संस्थानों का दौरा कर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने साथ ही किसानों, पशुपालकों, स्टार्टअप चलाने वाले उद्यमियों, वैज्ञानिकों और अन्य हितधारकों से सीधा संवाद किया। इस दौरान शिवराज सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा



कि भारत अब किसी पर निर्भर नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि किसानों का हित सर्वोपरि रखते हुए हम किसानों की आय बढ़ाने के लिए इंटीग्रेटेड फार्मिंग का मॉडल बना रहे हैं, वहीं किसानों को सावधान करते हुए वे बोले कि पेस्टीसाइड से मित्र कीट, धरती और मनुष्यों के स्वास्थ्य को खतरा है, कीटों के माध्यम से पेस्टीसाइड का उपयोग कम किया जाएगा। साथ ही कहा कि पशुपालकों को पशुओं में फैलने वाली बीमारी के बारे में पूर्व सूचना देकर बचाव के उपाय किए जाएंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह आईसीएआर के राष्ट्रीय पशुरोग जानपदिक एवं सूचना विज्ञान संस्थान की गतिविधियों की जानकारी ली। ▶▶ शेष पेज 5 पर

# लोक सभा अध्यक्ष ने विधि निर्माताओं से राष्ट्रहित के मुद्दों पर दलगत भावना से ऊपर उठकर कार्य करने का किया आग्रह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को विधिनिर्माताओं से राष्ट्रहित के मुद्दों पर दलगत भावना से ऊपर उठकर कार्य करने का आग्रह किया । उन्होंने विधानमंडलों की बैठकों की संख्या में कमी और विधायी निकायों में सदस्यों के अमर्यादित आचरण पर क्षोभ व्यक्त किया। भुवनेश्वर, ओडिशा में संसद और राज्य विधानमंडलों की अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण समितियों के



सभापतियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए, बिरला ने कहा कि विधानमंडलों में चर्चा-संवाद का स्तर कम होना चिंता का विषय है। बिरला ने कल्याणकारी योजनाओं को समाज के वंचित वर्गों तक सही मायने में पहुँचाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए सरकारी धन के प्रभावी उपयोग और सुदृढ़ निगरानी तंत्र की आवश्यकता पर बल दिया और समावेशी विकास को गति देने में वित्तीय अनुशासन और प्रशासनिक जवाबदेही की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य वंचित वर्गों के उत्थान के उद्देश्य से सामाजिक कल्याण पहलों के लिए हर साल पर्याप्त संसाधन आवंटित किए जाते हैं । समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, ▶▶ शेष पेज 5 पर

त्योहारों के दौरान बेहतर भीड़ प्रबंधन के लिए बनाए जा रहे हैं ये होल्डिंग एरिया

# दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जल्दी पूरा करें होल्डिंग एरिया का निर्माण: वैष्णव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एक कार्यक्रम में शामिल होने नई दिल्ली स्टेशन पहुँचे। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर में बन रहे होल्डिंग एरिया का जायजा लिया और वहाँ मौजूद अधिकारियों को होल्डिंग एरिया का काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

त्योहारों के दौरान, जब यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है, यात्रियों के सुचारू प्रबंधन के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन परिसर के अजमेरी गेट की ओर एक स्थायी होल्डिंग एरिया बनाया जा रहा है। वर्तमान में, इस होल्डिंग क्षेत्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस होल्डिंग क्षेत्र के निर्माण के दौरान, एटीएम



काउंटरों को स्थानांतरित करना, दो इलेक्ट्रिक हाईमास्ट को स्थानांतरित करना, दो मोबाइल टावरों को हटाना, प्रीपेड टैक्सी स्टैंड को स्थानांतरित करना, दिल्ली पुलिस केबिन को स्थानांतरित करना जैसे कई चुनौतीपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। ▶▶ शेष पेज 5 पर

## होल्डिंग एरिया को तीन क्षेत्रों में विभाजित रहेगा

- प्री-टिकटिंग एरिया: 1950 वर्ग मीटर, इस जगह पर व्यस्त समय में लगभग 2700 यात्री बैठ सकते हैं।
- टिकटिंग एरिया: 2288 वर्ग मीटर, इसमें यात्रियों की सुचारू आवाजाही के लिए 3100 यात्री बैठ सकते हैं।
- टिकट-पश्चात क्षेत्र: 1570 वर्ग मीटर, इसमें लगभग 1350 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था है, जिससे कतार में लगने, सुरक्षा जाँच और सामान की स्कैनिंग के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध है।

## 48 पूजा स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

*पूजा स्पेशल इन ट्रेनों की श्रृंखला के तहत दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा सर्वाधिक 48 ट्रेनें चलाई जाएंगी, जो 684 ट्रिप्स पूरा करेंगी। इन ट्रेनों का संचालन मुख्यतः हैदराबाद, सिकंदराबाद और विजयवाड़ा जैसे प्रमुख स्टेशनों से किया जाएगा। पूर्व मध्य रेलवे ने 14 ट्रेनें अधिसूचित की हैं, जो पटना, गया, दरभंगा और मुजफ़्फ़रपुर जैसे बिहार के प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेंगी और कुल 588 ट्रिप्स लगाएंगी। पूर्व रेलवे द्वारा कोलकाता, सियालदह, हावड़ा जैसे भीड़भाड़ वाले स्टेशनों से 24 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी, जिनके मदद से 198 ट्रिप्स संचालित होंगी। वहीं पश्चिम रेलवे ने मुंबई, सूरत, वडोदरा जैसे शहरों से 24 स्पेशल ट्रेनें घोषित की हैं जो 204 ट्रिप्स पूरी करेंगी। दक्षिण रेलवे द्वारा चेन्नै, कोयंबत्तूर, मदुरै जैसे स्टेशनों से 10 ट्रेनें चलाई जाएंगी, जिनसे 66 ट्रिप्स होंगी। इसके अलावा पूर्व तट रेलवे से भुवनेश्वर, पुरी और सम्बलपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे से रांची, टाटानगर, उत्तर मध्य रेलवे से* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## एक करोड़ 34 लाख रुपये नकदी बरामद

# कॉलेजों में दाखिले के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




द्वारका जिले की साइबर पुलिस ने राजधानी के प्रतिष्ठित कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दाखिले के नाम पर ठगी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम कुशाग्र श्रीवास्तव (35) और चिन्मय सिन्हा (32) पता चलें। आरोपियों के पास से 1.34 करोड़ रुपये नकदी बरामद हुई। आरोपी प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों के अभिभावकों को बड़ी संख्या में एसएमएस भेजकर ठगी करते थे। वे खुद को प्रतिष्ठित कॉलेजों और विश्वविद्यालयों का प्रवेश सलाहकार बताते थे और मैनेजमेंट कोटे के तहत दाखिला दिलाने का झांसा देते थे।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार गिरोह ने कथित तौर पर अपने कार्यालय बंद करने और गायब होने से पहले भारी रकम एकट्ठा की थी। कुशाग्र बीटेक स्नातक है। जबकि चिन्मय वाणिज्य स्नातक है। दोनों गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके के रहने वाले हैं। दिल्ली पुलिस की एक हेड कांस्टेबल की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के बाद जांच शुरू की गई, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसे एक एसएमएस मिला था, जिसमें उसके बेटे को गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में प्रबंधन कोटे के तहत दाखिला दिलाने की पेशकश की गई थी। बयान में कहा गया है कि एसएमएस में लावण्या नाम की एक महिला का संपर्क विवरण दिया गया था और उसका कार्यालय नेहरू प्लेस में बताया गया था। बातचीत के बाद ठगों ने एक प्रतिष्ठित कॉलेज में दाखिला दिलाने के लिए कथित तौर पर 3.5 लाख रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसने 29 जुलाई को उनके कार्यालय में 2.3 लाख रुपये का भुगतान किया, लेकिन आरोपियों ने अपने फोन बंद कर दिए और कुछ ही देर बाद परिसर खाली कर दिया। शिकायत के आधार पर 25 अगस्त को द्वारका के साइबर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया और आगे की जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इसी गिरोह के खिलाफ कालकाजी थाने में पहले से ही 31 शिकायतें दर्ज हैं, जिन्हें बाद में आर्थिक अपराध शाखा को स्थानांतरित कर दिया गया था। जांच और छापेमारी के बाद दोनों को इंद्रापुरम से गिरफ्तार कर लिया गया। इनसे 1.34 करोड़ रुपये नकदी, छह महंगे मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और कई दस्तावेज बरामद किए गए।

# येलो लाइन पर मेट्रो सिगनलिंग में हुई तकनीकी खराबी



■ कई घंटे यात्रियों को झेलनी पड़ी परेशानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की लाइफ लाइन बन चुकी दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन एक बार फिर यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनी। शुक्रवार सुबह ड्यूटी समय के दौरान समयपुर बादली-मिलेनियम सिटी सेंटर गुरुग्राम अंतर्गत नई दिल्ली और पटेल चौक स्टेशनों के बीच सिग्नलिंग संबंधी समस्या के कारण मेट्रो परिचालन बुरी तरह प्रभावित रहा। तकनीकी खराबी के चलते येलो लाइन के अधिकांश स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ जुट गई। मेट्रो खराबी के बाद यात्रियों ने जमकर दिल्ली मेट्रो प्रबंधन को कोसा। दैनिक यात्री हितेश यादव के अनुसार सुबह 6 बजे करीब येलो लाइन में खराबी हुई जिसके चलते मेट्रो रूक रूक कर आगे बढ़ने लगी।

हितेश के अनुसार सुबह 6:34 बजे वह समयपुर बादली से गुरुग्राम जाने के लिए बैठे थे। लेकिन मेट्रो रूक रूक कर चलने लगी। खराबी के कारण बादली से राजीव चौक तक पहुंचने में ही 1 घंटा 20 मिनट में पहुंची जबकि जबकि समयपुर बादली से गुरुग्राम तक ही कुल 1 घंटा 25 मिनट का समय लगता है। यात्रियों का कहना है कि क्या इसलिए ही मेट्रो के किराए में बढ़ोतरी की गई है, कि लोगों को घंटो फंसाए रखो। यात्रियों का कहना है कि डीएमआरसी को कोचों की संख्या बढ़ाने के साथ रखरखाव पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। अधिकांश यात्रियों में इस बात नाराजगी है कि गत कई वर्षों से लगातार दिल्ली मेट्रो तकनीकी समस्या से जूझ रही है लेकिन डीएमआरसी प्रबंधन कुछ नहीं कर रहा है।


**एसबीईसी शुगर लिमिटेड**
**सीआईएनः L15421UP1991PLC019160**
**पंजीकृत ऑफः गांवः** लोयन मलकपुर, तहः बड़ौत, बागपत, उत्तर प्रदेश–250611
**फोनः** 011–42504878 **ईमेल आईडीः** investors@sbecsugar.com,
**वेबसाइटः** www.sbecsugar.com
**कंपनी की 31वीं वार्षिक आम बैठक के बारे में जानकारी**

प्रिय सदस्य(गण)

**एसबीईसी शुगर लिमिटेड** के सदस्यों की 31वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") **गुरुवार, 25 सितंबर, 2025 को सुबह 11:00 बजे (आईएसटी)** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") और उसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ("सेबी लिस्टिंग विनियम") के सभी लागू प्रावधानों के अनुपालन में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी सभी लागू परिपत्रों के साथ पढ़े जाने के अनुसार आयोजित की जाएगी। एजीएम बुलाने वाले नोटिस में निर्धारित व्यवसाय का संचालन करने के लिए वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम के उद्देश्य के लिए गिना जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट और उसके साथ संलग्न किए जाने वाले अन्य दस्तावेजों के साथ एजीएम की सूचना कंपनी के उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजी जाएगी, जिनका ई–मेल पता कंपनी/बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत है। एजीएम की सूचना और उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com और स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होंगे।

**ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीकाः**
सदस्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("ई–वोटिंग") के माध्यम से एजीएम की सूचना में बताए अनुसार व्यवसाय पर अपना वोट डाल सकते हैं। डीमैटरियलाइज्ड फॉर्म में शेयर रखने वाले सदस्यों, फिजिकल मोड और जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनके लिए वोटिंग का तरीका, जिसमें रिमोटली वोटिंग ("रिमोट ई–वोटिंग") शामिल है, एजीएम की सूचना में दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के माध्यम से वोटिंग की सुविधा एजीएम ("इंस्टा पोल") में भी उपलब्ध होगी और एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट नहीं डाला है, वे इंस्टा पोल के माध्यम से एजीएम में वोट कर सकेंगे।

**ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट करने का तरीकाः**
क. इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गए शेयरों के लिएः सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट करें, जहां वे अपने डीमैट खाते रखते हैं।
ख. भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के लिएः कृपया फॉर्म ISR-1, फॉर्म ISR-2 और फॉर्म संख्या SH-13 (नामांकन फॉर्म) को उसमें बताए गए निर्देशों के अनुसार विधिवत भरा हुआ और सहायक दस्तावेजों के साथ कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (RTA) मेसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, स्थानीय शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के पास, नई दिल्ली –110062 या ई–मेलः beetalrta@gmail.com पर उपलब्ध कराएं। उक्त फॉर्म कंपनी की वेबसाइट यानी www.sbecsugar.com और इसके RTA की वेबसाइट www.beetalfinancial.com पर उपलब्ध हैं।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स को ध्यान से पढ़ें, जिसमें एजीएम में शामिल होने के निर्देश और एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग/ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीका शामिल है। कृपया किसी भी सहायता के लिए कंपनी को लिखें।

**एसबीईसी शुगर लिमिटेड के लिए**
**हस्ता/–**
**स्थानः नई दिल्ली** — **अंकित बिष्ट**
**दिनांकः 29.08.2025** — **कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**


# नकली ईनो और गोल्ड फ्लेक सिगरेट बनाने वाले छह दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नकली ईनो, सेंसोडाइन और गोल्ड फ्लेक सिगरेट बनाने वाले रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में रोहिणी, बवाना और माजरी कराला में छापेमारी के बाद छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से करीब 30 लाख के नकली उत्पाद जब्त किये गये हैं। इसके अलावा नकली उत्पाद बनाने में इस्तेमाल मशीनरी और पैकेजिंग सामग्री भी कब्जे में ली गई है।

डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार अपराध शाखा नकली उत्पादों के निर्माण और बिक्री के खिलाफ अपना निरंतर अभियान जारी रखे हुए है। एसीपी अशोक शर्मा के समग्र पर्यवेक्षण में इंस्पेक्टर अजय गहलावत के नेतृत्व में एक टीम ने नकली ईनो, सेंसोडाइन और गोल्ड फ्लेक सिगरेट के कारोबार में लगे एक रैकेट का भंडाफोड़ किया। बड़ी मात्रा में नकली उत्पाद और पैकेजिंग सामग्री बरामद की गई। विजय विहार, फेज-1, रोहिणी, केला घाट मार्ग, कश्मीरी गेट, गांव मोहम्मदपुर माजरी-कराला और सेक्टर-3, बवाना में अलग अलग समय पर छापेमारी की गई। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपी ओणम जैन उर्फ ओम उर्फ महावीर जैन (28) निवासी राजेंद्र नगर, साहिबाबाद, जिला-गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया। उसने 2022 से नकली ईनो और सेंसोडाइन की खरीद-फरोख्त में शामिल होने की बात कबूली। उसने सह-आरोपियों के नाम भी बताए जिसके बाद उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य आरोपियों के नाम सुरेंद्र बंसल, शिवा उर्फ शिव कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, दीपक उर्फ दीपू और मनीष जैन है। इन नकली सामानों के पूरे नेटवर्क और स्त्रोतों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।



■ बवाना, रोहिणी और माजरी कराला से 30 लाख का माल जब्त

# मुख्यमंत्री रेखा ने किया वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन फिनिशर मेडल का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ 12 अक्टूबर को आयोजित होने वाली इस हाफ मैराथन में महिलाओं की संख्या होगी अधिक

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2025 के फिनिशर मेडल का अनावरण किया। इस आयोजन का उद्देश्य खेल भावना, फिटनेस और स्वास्थ्य के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 12 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें दिल्ली के हजारों लोग न केवल दिल्ली से बल्कि पूरे देश और विश्वभर से हिस्सा लेंगे। यह आयोजन 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' के विज़न को आगे बढ़ाने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अब महिला मुख्यमंत्री है, इसलिए हम चाहेंगे कि मैराथन में भाग लेने वालों में इस बार महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक हो। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह हाफ मैराथन सिर्फ़ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि यह स्वस्थ, सशक्त और अनुशासित समाज के निर्माण की दिशा में एक बड़ा अभियान है। मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर धावक का संकल्प और मेहनत समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि यह मेडल केवल धावकों की जीत का प्रतीक नहीं है, बल्कि उनकी हिम्मत, लगन और प्रतिबद्धता का सम्मान है।

मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से, विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में इसमें भाग लें। मुख्यमंत्री ने वेदांता के इस प्रयास को अत्यंत महत्वपूर्ण और गंभीर पहल बताते हुए कहा कि प्रतिभागी केवल औपचारिकता निभाने के लिए नहीं, बल्कि पूरे मन से दौड़ते हैं और फिटनेस को अपनी प्राथमिकता बनाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार चाहती है कि राजधानी का हर नागरिक स्वस्थ रहे और फिट रहकर दिल्ली के विकास में योगदान दे।

मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि इस आयोजन के लिए दिल्ली सरकार हर तरह की सहायता और सहयोग उपलब्ध कराएगी। उन्होंने उत्साहपूर्वक कहा कि इस वर्ष दिल्ली एकजुट होकर दौड़ेगी। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 2019 में शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट को हमें और आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को अपने स्वास्थ्य और देश की समृद्धि दोनों का ध्यान रखना चाहिए।


**पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड**
PEARL
PET POLYETHYLENE TEREPHTHALATE JARS BOTTLES
**CIN:** L25209DL1971PLC005535
पंजी. कार्यालय : ए-97/2, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली-110020, भारत
**Tel. No.:** +91-11-47385300
**Email:** pearl@pearlpet.net, **Website:** www.pearlpet.net

**वीडियो कांफ्रेसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जानी 54वीं वार्षिक सामान्य बैठक (''एजीएम'') की सूचना, ई-वोटिंग और बुक क्लोजर जानकारी**

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि :

1. कम्पनी की 54वीं वार्षिक सामान्य बैठक ('एजीएम') का आयोजन एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेसेज का सम्पादन करने के लिए 'एमसीए सरकुलर्स' के अनुसरण में वीडियो कांफ्रेसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से सोमवार, 22 सितम्बर 2025 को अप. 12.30 बजे किया जाएगा। एमसीए सरकुलर्स और सेबी सरकुलर्स के अनुसार, एजीएम की सूचना सहित वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक रिपोर्ट, के साथ-साथ ई-वोटिंग निर्देश और प्रत्यायक सदस्यों को 28 अगस्त 2025 को केवल ई-मेल के माध्यम से भेज दिए गए हैं, जिनके ई-मेल पते आरटीए/कम्पनी अथवा डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास पंजीकृत हैं। ये दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.pearlpet.net और बीएसई लिमिटेड तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड जहां कम्पनी के इक्विटी शेयर सूचीकृत हैं, की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com क्रमशः से डाउनलोड भी किए जा सकते हैं।
2. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014, समय-समय पर संशोधित अनुसार, के नियम 20, और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 44 तथा एमसीए सरकुलर्स के प्रावधानों के अनुपालन में, कम्पनी नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के माध्यम से एजीएम में ई-वोटिंग और दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है।
3. ई-वोटिंग सुविधा एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट किसी अथवा सभी बिजनेसेज पर एजीएम में ई-वोटिंग और दूरस्थ ई-वोटिंग का उपयोग करते हुये उनके मताधिकार का उपयोग करने के लिए उन सदस्यों को प्रदान की जा रही है जिनके नाम कट ऑफ तिथि अर्थात सोमवार, 15 सितम्बर 2025 के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर में अथवा डिपॉजिटरीज द्वारा मेनटेन किए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में शामिल होने हेतु और दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा तथा एजीएम में ई-वोटिंग हेतु विस्तृत प्रक्रिया और निर्देश एजीएम की सूचना में वर्णित है।
4. दूरस्थ ई-वोटिंग के प्रारम्भ और समाप्ति की तिथि और समय :
**प्रारम्भ : शुक्रवार, 19 सितम्बर 2025 (पूर्वा. 9.00 बजे)**
**समापन : रविवार, 21 सितम्बर 2025 (अप. 5.00 बजे)**
कट ऑफ तिथि 15 सितम्बर 2025 के अनुसार या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयरधारण करने वाले कम्पनी के सदस्य इस अवधि के दौरान दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर सकते हैं।
5. दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल रविवार 21 सितम्बर 2025 को अप. 5.00 बजे के पश्चात मतदान हेतु अयोग्य बन जाएगा और सदस्यों को उपरोक्त तिथि व समय के पश्चात दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एकबार किसी प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा मतदान कर दिया जाता है तो उसको तदोपरांत इसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
6. सदस्य जो एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर चुके हैं, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं परन्तु वे दोबारा मतदान करने के हकदार नहीं होंगे। सदस्य जो दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान नहीं कर चुके हैं और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हैं, एजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के लिये पात्र होंगे।
7. कोई व्यक्ति जो शेयर अर्जन कर चुका है और एजीएम सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी का सदस्य बनता है और कट ऑफ तिथि अर्थात् सोमवार, 15 सितम्बर 2025 के अनुसार शेयरधारण करता है, evoting@nsdl.co.in पर अथवा आरटीए, एमएएस सर्विसेज लिमिटेड को info@masserv.com पर एक आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है और एजीएम की सूचना में वर्णित अनुसार दूरस्थ ई-वोटिंग और एजीएम में ई-वोटिंग के निर्देशों का पालन करते हुये अपना मतदान कर सकता है।
यद्यपि, यदि सदस्य ई-वोटिंग हेतु एनएसडीएल के पास पहले से ही पंजीकृत हैं, तो वे अपना मतदान करने के लिये अपना मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं।
8. कम्पनी निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से दूरस्थ ई-वोटिंग के साथ-साथ एजीएम की तिथि को ई-वोटिंग आयोजित करने की प्रक्रिया के लिए संवीक्षाकर्ता के रूप में कार्य करने के लिए श्री अभिषेक गुप्ता, प्रैक्टिसिंग कम्पनी सैक्रेटरी (सदस्यता सं. एफ9857 ; सीपी सं. 12262) को नियुक्त कर चुकी है, जो बैठक के समापन के 48 घंटे तक पक्ष में और विरोध में दिये गये कुल मतों, यदि कोई हो, की एक समेकित संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट, इसके बाद कम्पनी के अध्यक्ष अथवा उनके द्वारा अधिकृत किसी व्यक्ति को लिखित में जमा करवाएंगी और इसके पश्चात अध्यक्ष अथवा उनके द्वारा अधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा परिणाम घोषित किए जाएंगे।
9. सदस्य जो अपने ई-मेल पते और बैंक खाता विवरण पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, से आग्रह किया जाता है कि ई-मेल पता पंजीकरण करने के लिए फोलियो नं., शेयरधारक का नाम, शेयर सर्टिफिकेट की स्कैन की हुई प्रति (फ्रंट और बैक), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति), प्रदान करके कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट (आरटीए), मास सर्विसेज लिमिटेड को info@masserv.com पर एक हस्ताक्षरित आग्रह भेजकर इसको पंजीकृत करवाएं। कृपया मूल कैंसल्ड चैक सहित अपना बैंक विवरण हमारे आरटीए (अर्थात मास सर्विसेज लिमिटेड, टी-34, द्वितीय तल, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली-110020 को फोलियो नं. वर्णित करते हुए पत्र, यदि पहले ही पंजीकृत नहीं है) को भेजें। भौतिक होल्डिंग के मामले में और यदि डिमैट रूप में शेयरधारित है, कृपया आपके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से सम्पर्क करें और अपना ई-मेल पता और बैंक विवरण पंजीकृत करवाएं।
10. किसी पूछताछ के मामले में, शेयरधारकों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यूएस) और www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देखें अथवा टोल फ्री नं. : 1800 1020 990 और 1800 22 44 30 पर कॉल करें अथवा श्री अमित विशाल, सहायक उपाध्यक्ष, एनएसडीएल को evoting@nsdl.co.in पर एक आग्रह भेजें। इसके अतिरिक्त, सदस्य श्री दीपांशु रस्तोगी, सहायक प्रबंधक, एमएएस सर्विसेज लिमिटेड, कम्पनी के आरटीए से टी-34, द्वितीय तल, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली-110020 पर सम्पर्क भी कर सकते हैं, फोन नं. 011-26387281/82/83, ई-मेल info@masserv.com.
11. **बुक क्लोजर**
कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 10 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के प्रावधानों और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमों 2015 के अनुसरण में, कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स, वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु एजीएम के प्रयोजन के लिये मंगलवार, 16 सितम्बर 2025 से सोमवार 22 सितम्बर 2025 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।

**सदस्यों से आग्रह किया जाता है कि एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट सभी नोट्स और विशेषतः एजीएम ज्वाइन करने के लिए निर्देश, एजीएम में मतदान करने का तरीका ध्यानपूर्वक पढ़ें।**

**कृते पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड**
**हस्ता/-**
**स्थान : नई दिल्ली** — **उदित सेठ**
**दिनांक : 28.08.2025** — **अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**


# कल अंतिम दिन चालू वित्त वर्ष के लिए उठाए लाभ : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम ने नागरिकों से कल, 31 अगस्त, 2025 तक चालू वित्त वर्ष के एकमुश्त संपत्ति कर भुगतान पर 10 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने निगम के अधिकार क्षेत्र के सभी पात्र संपत्ति करदाताओं से संपत्ति कर माफी योजना 2025-26 सम्पत्तिकर निपटान योजना (सुनियो) का लाभ उठाने का आग्रह किया है। महापौर सिंह ने कहा कि हम सभी संपत्ति मालिकों/कब्जाधारियों से अपील करते हैं कि वे सुनियो के तहत इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाएं और बिना किसी दंड या ब्याज के अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान करें। सुनियो के तहत, करदाता वित्तीय वर्ष 2020-21 से पहले ब्याज और दंड सहित संपत्ति कर की पूर्ण छूट का लाभ उठा सकते हैं, बशर्ते वे चालू वर्ष (2025-26) और पिछले पांच वित्तीय वर्षों (अर्थात, वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-25) के लिए बिना किसी ब्याज और दंड के संपत्ति कर की मूल राशि का भुगतान करें। निगम प्रशासन ने बताया कि संशोधित दिल्ली नगर निगम अधिनियम 1957 की धारा 123(बी) उप-खंड 3 के अनुसार, वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में किए गए एकमुश्त भुगतान पर छूट दी जाती है, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून है। करदाताओं की सुविधा के लिए, दिल्ली नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 10 प्रतिशत छूट के साथ संपत्ति कर के एकमुश्त भुगतान की अंतिम तिथि को दो बार 30 जून से 31 जुलाई और फिर 31 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया है।

# हत्या के प्रयास केस में फरार दो आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी जिले के गोकलपुरी इलाके में हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों की पहचान चमन पार्क के इंद्र विहार निवासी फैजान (22) और सैकुल (23) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी 20 अगस्त को फायरिंग के केस में वांछित थे। पुलिस के अनुसार करावल नगर निवासी 17 वर्षीय शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि इंद्र विहार की अली बिल्डर वाली गली में दो लोगों ने उस पर गोली चलाई थी। पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी थी। गुरुवार देर रात गश्त के दौरान टीम ने मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों को रुकने का इशारा किया। लेकिन आरोपी भागने लगे। एक आरोपी भागने में सफल रहा, जबकि एक को पकड़ लिया गया। पकड़े गये आरोपी का नाम फैजान पता चला। उसने बताया कि भागने वाला युवक सैकुल है। बाद में जोहरीपुर की डबल पुलिया के पास तड़के करीब साढ़े चार बजे एक मुठभेड़ के बाद सैकुल को भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को काबू करने की कोशिश में एक कांस्टेबल के दाहिने हाथ में चोट लग गई, जबकि सैकुल बाएं पैर में गोली लगने से घायल हुआ है। दोनों का जीटीबी अस्पताल में उपचार चल रहा है। आरोपियों के पास से दो सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने रंजिश के चलते शिकायतकर्ता पर गोली चलाने की बात कही है। जांच में पता चला कि फैजान के खिलाफ पहले से तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि सैकुल के खिलाफ छह मामले दर्ज हैं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंजू गुप्ता पत्नी श्री अजय गुप्ता पताः ए–18, कुमार इलेक्ट्रॉनिक वाली गली, लक्ष्मी डेयरी के पास, किशन विहार, नई दिल्ली–86 ने सीसी संख्या 3673/2018 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अंजू गुप्ता** मिल नहीं रही हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अंजू गुप्ता** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी संख्या 3673/2018 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थाना मॉडल टाउन, दिल्ली के उक्त अंजू गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**डॉ. नेहा खेरिया**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02**
**जिला उत्तर कमरा नं.319, तीसरी मंजिल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
DP/11489/NW/2025


## पैरोल लेकर हो गया था फरार

# बच्ची से बलात्कार और हत्या का दोषी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने छह साल की बच्ची के साथ बलात्कार और हत्या के दोषी को बिहार से गिरफ्तार किया है। आरोपी पैरोल से भागने के बाद चार साल से ज्यादा समय से फरार था। आरोपी बच्ची को समोसा दिलाने का लालच देकर अपने साथ ले गया और 2007 में एक खाली प्लॉट में उसके साथ बलात्कार करने के बाद हत्या कर दी थी। इसे 2010 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। 2014 में दिल्ली उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने भी इसकी सजा बरकरार रखी। 2021 में इसे पैरोल पर रिहा किया गया था, लेकिन आरोपी ने आत्मसमर्पण नहीं किया।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसर पैरोल के बाद दोषी ने पुलिस को धोखा देने के लिए अपना नाम संजय से बदलकर सुजॉय रख लिया था। 40 वर्षीय आरोपी ने कापसहेड़ा में इस वारदात को अंजाम दिया था। डीसीपी के अनुसार 26 अक्टूबर 2007 को ओबेरॉय फार्म के पास एक शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो मृत लड़की का पिता वहां मिला। उसने शव की पहचान अपनी छह वर्षीय बेटी के रूप में की थी। पीड़िता के माथे, सिर, चेहरे और गुप्तांगों पर चोट के निशान थे। मृतका के पिता का बयान दर्ज किया गया। उसमें बताया कि बेटी पिछली शाम को उस समय लापता हो गई थी जब वह अपने भाई और अन्य बच्चों के साथ घर के पास ही खेलने गई थी। उन्हें बेटे विक्रम ने बताया कि शाम लगभग सात बजे उसकी बहन को संजय समोसा देने के बहाने ले गया था।

■ पुलिस ने आरोपी को बिहार से दबोचा

### आजीवन कारावास की हुई थी सजा

25 नवंबर 2010 को संजय को अतिरिक्त सत्र न्यायालय, द्वारका द्वारा आजीवन कारावास और 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। लगभग तीन महीने तक पुलिस इसके संभावित ठिकानों पर नजर रख रही थी। आखिरकार पुलिस ने संजय उर्फ सुजॉय को पटना, बिहार से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पैरोल मिलने के बाद पटना चला गया था, जहां उसने अपनी आपराधिक गतिविधियां जारी रखीं। पैरोल की अवधि के दौरान वह अपने पड़ोसी के घर में घुस गया और घर की महिलाओं के साथ शील भंग करने के इरादे से मारपीट की। इस संबंध में उसके विरुद्ध थाना दीदारगंज, पटना में धारा 452/341/323/354 आईपीसी के अंतर्गत एफआईआर भी दर्ज है। पैरोल की अवधि पूरी होने के बाद वह कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बचने के लिए अपने पैतृक घर से निकल गया। पुलिस को चकमा देने के लिए अपना नाम 'संजय' से बदलकर 'सुजॉय' रख लिया। इसके बाद वह बिहार के अलग-अलग इलाकों में रहने लगा। पैरोल तोड़ने के बाद इसने दो शादियां की। 2025 में वह पटना वापस लौट आया था। इसका जन्म पटना में हुआ था। एक पत्नी से एक बच्चा है, जबकि दूसरी पत्नी गर्भवती है। 2003 में वह एक निर्यात कंपनी में काम करने के लिए दिल्ली आया था।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **चंदन, पुत्र जग्गा राम निवासी मकान नंबर 364, 12.5 गज, रघुबीर नगर, दिल्ली** दूसरा पता **एनडब्ल्यू 364, न्यू विष्णु गार्डन, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 616/2022 दिनांक 06.06.22 धारा 33/38 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना ख्याला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **चंदन** मिल नही रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **चंदन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 616/2022 दिनांक 06.06.22 धारा 33/38 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना ख्याला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **चंदन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **04.10.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अंशुल सिंघल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04 (पश्चिम)**
**कमरा नं.268, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली**
**DP/10947/WD/2025**





# भारी बारिश से जलमग्न हुई राजधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश के चलते दिल्ली के कई क्षेत्रों में जलभराव से यातायात जाम के हालात पैदा हुए और लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। सबसे बुरी हालात यमुना पार एरिया में देखने को मिला क्योंकि नोएडा व गाजियाबाद आदि क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के चलते यह पूरा क्षेत्र जाम में फंस गया। झील खुरंजा, पटपड़गंज, मयूर विहार, बारापुला, मथुरा रोड, विकास मार्ग, आईटीओ, पंडारा रोड, आईएसबीटी, आनंद विहार, गीता कॉलोनी, नेशनल हाईवे नंबर 24, कालिंदी कुंज बॉर्डर और सरिता विहार , बदरपुर –आश्रम रोड, सीमापुरी, नंद नगरी व राजाराम कोहली मार्ग आदि क्षेत्रों में जाम के हालात बने रहे। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले 24 घंटों में रिज एरिया मे 37.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। जबकि सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच सबसे अधिक बारिश लोधी रोड में 36.6 मिमी दर्ज की गई। जबकि पालम में 5.0 , आया नगर में 11.8 और रिज एरिया में 1.1 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी के अनुसार लगातार बारिश के चलते दिल्ली का अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 4.3 डिग्री नीचे है।



## बारिश के बाद प्रमुख मार्गों पर भारी यातायात जाम

**नई दिल्ली।** राजधानी में शुक्रवार को तेज बारिश के चलते यात्रियों को कई प्रमुख मार्गों पर भारी यातायात जाम का सामना करना पड़ा। दिल्ली-नोएडा-डायरेक्ट (डीएनडी) फ्लाईवे, मथुरा रोड, विकास मार्ग, आईएसबीटी, गीता कॉलोनी, सराय काले खां, प्रगति मैदान, महरौली-बदरपुर रोड, अक्षरधाम, रोहतक रोड, पीरागढ़ी रोड, दिल्ली जयपुर राजमार्ग, मधुबन चौक, एमबी रोड, एमजी रोड, धौलाकुंआ, आईटीओ और राजाराम कोहली मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। बदरपुर से आश्रम तक वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे कार्यालय जाने वालों और स्कूल बसों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। जाम के कारण वाहनों की गति धीमी हो जाने पर यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। एक यात्री ने कहा कि दिल्ली जाने वाले एनएच 8 पर यातायात इतना धीमा क्यों है? यहां तक कि एम्बुलेंस को भी एक इंच आगे बढ़ने में दिक्कत हो रही है। एक अन्य यात्री ने बदरपुर से सरिता विहार तक के मार्गखंड पर फंस जाने का जिक्र करते हुए लिखा, मुझे चार किलोमीटर की दूरी तय करने में एक घंटे से अधिक समय लगा और अब 30 मिनट से कोई हलचल नहीं है। राजधानी के जिन इलाकों में जलभराव और यातायात बाधित होने की सूचना मिली, उनमें पंचकुइयां मार्ग, मथुरा रोड, शास्त्री भवन, आर के पुरम, मोती बाग, महरौली-गुड़गांव रोड, नेहरू प्लेस, ईस्ट ऑफ कैलाश और किदवई नगर शामिल हैं। यातायात पुलिस ने कहा कि वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त संख्या में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।

**मंडावली में बारिश का कहर**

## मकान की दीवार गिरी, तीन स्कूली बच्चे बाल-बाल बचे

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मंडावली में शुक्रवार को बारिश के चलते कमजोर हो चुकी एक खाली मकान की दीवार गिर गई। इस घटना में स्कूल से घर लौट रहे तीन स्कूली बच्चे बाल-बाल बच गए। हालांकि उन्हें मामूली चोटें आई हैं। चोटिल बच्चों के नाम पंकज (8), ध्रुव (10) और आदी (8) बताये गये हैं। पुलिस के अनुसार बड़ा चौक के पास मंडावली से दोपहर 12.58 बजे एक कॉल आई, जिसमें साकेत ब्लॉक निवासी मनीषा (35) ने बताया कि एक दीवार गिर गई है और कुछ स्कूली बच्चे उसके नीचे फंस गए हैं। उस समय स्कूली बच्चे घर लौट रहे थे। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय लोगों और एक पीसीआर टीम ने तीनों बच्चों को मलबे से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। डीएफएस के अनुसार उन्हें दोपहर एक बजे घटना की सूचना मिली, जिसके बाद पांच दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था। दमकल के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों और पीसीआर की टीम द्वारा तीनों बच्चों को मलबे से बाहर निकालकर निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती करवाया जा चुका था।

## भाजपा की 'चार इंजन सरकार' ने दिल्ली को डुबो दिया : अंकुश नारंग



नई दिल्ली। सिर्फ कुछ देर की बारिश में ही दिल्ली की सड़कें और गलियाँ तालाब में बदल गईं। सिर्फ 6 महीने में ही भाजपा की 'चार इंजन सरकार' ने दिल्ली को डुबो दिया है। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि पटपड़गंज का हाल देखिए। जिसमें एक व्यक्ति सड़क पर हुए जलभराव में तैरते हुए दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, क्या यही है आपका तथाकथित प्रोपर मेनेजमेंट था? महापौर राजा इकबाल कहते हैं कि 100 प्रतिशत नालों की सफाई कराई गई थी। अगर सच में सफाई हुई थी तो फिर दिल्ली पानी-पानी क्यों हैं? दरअसल, हकीकत यही है कि कागजों पर सफाई, जमीन पर गंदगी और जनता के लिए सिर्फ परेशानी।

## मानसूनी जलभराव से गरीबों को उठानी पड़ रही परेशानियां, रेखा सरकार फेल : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने रेखा गुप्ता को एक बार फिर बरसाती जलभराव को लेकर घेरा है। यादव ने आरोप लगाए है कि दिल्ली की अनाधिकृत, पुनर्वास कॉलोनियों, जेजे क्लस्टरों, शहरी और गांवों में रहने वाले गरीब लोगों को लगातार मानसून की बारिश के कारण भयानक पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि रेखा गुप्ता सरकार मानसून की समस्याओं को दूर करने में विफल ही रही हैं। यादव ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से शहर में लगातार हो रही बारिश में दिल्ली पूरी तरह जलमग्न हो रही है और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कहीं दूर लोगों से मिलकर फोटो खिचवाने और कोरी बयानबाजी में लगी है। यादव ने कहा कि रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री बनते ही मार्च महीने में दावा किया था कि दिल्ली में इस बार जलभराव से राहत देना भाजपा सरकार की पहली जिम्मेदारी होगी।

## थोड़ी देर की बारिश में फिर डूबी दिल्ली : आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली एक बार फिर डूब गई। शुक्रवार को कुछ देर ही बारिश हुई, लेकिन सरकार फेल हो गई। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज, दिल्ली विधानसभा सभा में नेता विपक्ष आतिशी समेत अन्य नेताओं ने पटपड़गंज, संगम बिहार, लक्ष्मी नगर, एम्स, गीता कॉलोनी, संजय झील, साउथ दिल्ली, एमबी रोड समेत दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में हुए जलभराव का वीडियो साझा कर भाजपा सरकार को जमकर घेरा। आप ने भाजपा से अनुरोध करते हुए कहा कि जब दिल्ली का यही हाल रखना है तो भाजपा अपने चारों इंजन कबाड़ी को बेचकर 4 नांव खरीद ले। भाजपा की दी गई इन सुविधाओं का दिल्लीवाले अकेले क्यों मजा लें। सौरभ भारद्वाज ने बारिश के बाद हुए जलभराव पर भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि बारिश से संजय झील का भी बहुत अच्छा हाल है। संजय झील के आसपास का कई किलोमीटर का एरिया झील में तब्दील हो गया है। वहीं दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने भी पटपड़गंज में हुए जलभराव का वीडियो साझा कर कहा कि पटपड़गंज का हाल देखिए। कुछ देर की बारिश में ही दिल्ली की सड़कें और गलियां दरिया बन रही हैं। पार्टी ने संगम बिहार में हुए जल भराव की वीडियो साझा किया, जिसमें सड़क पर घुटने से ज्यादा पानी भरा हुआ था और वाहन पानी में फंसे हुए थे।

## दिल्ली सरकार ने की तुरंत सुनिश्चित जल निकासी : सचदेवा

**नई दिल्ली।** मानसून में थोड़े बहुत जलभराव का सामना तो दिल्ली वालों को करना पड़ा है पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की तत्परता के चलते जल बोर्ड, लोक निर्माण विभाग, डीडीए, एनडीएमसी सहित सभी सम्बंधित एजेंसियों ने पंप लगाकर एवं कर्मचारी नियुक्त कर जल निकासी सुनिश्चित करने का प्रबंध सुनिश्चित किया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को बारिश के बाद यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा है कि अनेक वर्ष बाद दिल्ली ने एक लम्बा मानसून का अनुभव किया है, समय से पूर्व लगभग 20 जून से प्रारम्भ मानसून आज अगस्त अंत तक लगातार चल रहा है पर एक दिन भी जनजीवन रूका नहीं है। सचदेवा ने आम आदमी पार्टी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा है कि मानसून को लेकर आप नेताओं अरविंद केजरीवाल, आतिशी मार्लेना एवं सौरभ भारद्वाज के आरोप प्रत्यारोप उनके लिए शर्मनाक हैं। काश जलभराव का दोष भाजपा सरकार पर लगाने से पहले टीम अरविंद केजरीवाल दिल्ली की जनता का बताती कि दस साल सत्ता में रहकर उनकी सरकार ने दिल्ली के सीवर मास्टर प्लान पर क्या काम किया।

## छापेमारी के दौरान ईडी अधिकारियों ने किया गैरकानूनी व्यवहार : सौरभ




हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को बताया कि छापेमारी के दौरान ईडी अधिकारियों ने उनके साथ गैरकानूनी व्यवहार किया है। उन्होंने इस संबंध में ईडी के डायरेक्टर को ईमेल के माध्यम से शिकायत भेजी है। सौरभ ने शुक्रवार को प्रैसवार्ता में बताया कि 26 तारीख को सुबह 7:15 बजे मेरे घर पर ईडी के अधिकारी छापेमारी के लिए पहुंचे और 27 तारीख की सुबह लगभग 2:20 बजे या ये कहा जाए कि देर रात तक ईडी के अधिकारी मेरे घर से गए। सौरभ ने ईडी के डायरेक्टर को भेजी शिकायत में बताया है कि किस प्रकार से ईडी के अधिकारियों द्वारा मुझ पर बयान बदलने के लिए दबाव बनाया गया, मुझे और मेरे परिवार के लोगों को मेरी गिरफ्तारी का डर दिखाया गया, मेरे घर के बाहर पुलिस को बुलाकर बैरिकेडिंग की गई, रस्से बंधवाए गए और ऐसा दिखाने की कोशिश की गई, कि बस अब तो मुझे गिरफ्तार करके ले जाएंगे, और इस प्रकार के कृत्य कर कर के हम पर दबाव बनाने की कोशिश की गई। सौरभ ने कहा कि ईडी के अधिकारियों की इस प्रकार की कार्यशैली, ईडी विभाग की ईमानदारी, मामले की गोपनीयता और निजता पर एक प्रश्न चिन्ह हैं। वहीं सौरभ ने ईडी द्वारा छापेमारी के दौरान किए गए गैर संवैधानिक कृत्यों के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी ट्वीट कर अवगत कराया और आग्रह किया कि इस मामले में जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।

## जांघिल के बर्ड फ्लू से संक्रमित होने के बाद चिड़ियाघर को दर्शकों के लिए किया गया बंद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली चिड़ियाघर में दो जांघिलों के एच5एन1 बर्ड फ्लू वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि होने के बाद शनिवार से अगले आदेश तक इसे दर्शकों के लिए बंद रखने का निर्णय लिया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चिड़ियाघर प्रशासन ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि इस बीमारी को अन्य पक्षियों, जानवरों या चिड़ियाघर के कर्मचारियों में फैलने से रोकने के लिए सख्त सुरक्षा और निगरानी उपाय लागू किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों मृत पक्षियों के नमूने 27 अगस्त को भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (एनआईएचएसएडी) भेजे गए थे और 28 अगस्त को जांच में उनमें एच5एन1 वायरस की पुष्टि हुई। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक एवियन इन्फ्लूएंजा-ए (एच5एन1) इन्फ्लूएंजा वायरस का एक उपप्रकार है जो मुख्य रूप से पक्षियों को संक्रमित करता है।

## हर छात्र को किसी न किसी खेल से जुड़ना चाहिए: इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन, स्वास्थ्य और राष्ट्र निर्माण का माध्यम हैं। हर छात्र को किसी न किसी खेल से जुड़ना चाहिए। राज्य के खिलाड़ी विश्वस्तर पर भारत का परचम लहराएं, इसके लिए दिल्ली सरकार प्रोत्साहन देगी एवं सभी तरह की सुविधाएं विकसित करेगी। यह बात समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने रोहिणी सेक्टर-23 स्थित डॉ. बीआर आम्बेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस में राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही। मंत्री इंद्राज ने बवाना के नांगल ठाकरान स्थित दादा मालदेव खेल परिसर में आयोजित विशाल कुश्ती दंगल में खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आधुनिक खेलों के साथ परम्परागत खेलों को बढ़ावा देना दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है। रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया संकल्प से खेल जगत और खिलाड़ियों की सुविधाओं व पदकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार ने राजधानी में खेलों को बढ़ावा देने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। दिल्ली में शीघ्र ही खेल और युवा मामलों का एक अलग विभाग बनाया जाएगा, जो खिलाड़ियों और युवाओं की आवश्यकताओं पर विशेष रूप से कार्य करेगा।

**दिल्लीवालों को घर के पास ही मिलेगी इलाज की सुविधा**

# दिल्ली सरकार हर माह खोलेगी 100 आयुष्मान आरोग्य मंदिर: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों में हर माह 100 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलन का लक्ष्य रखा है ताकि आमजन को घरों के आसपास ही समुचित प्राथमिक इलाज मिल सके। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि मरीजों का तेजी से इलाज हो और सरकारी अस्पतालों में दबाव कम हो। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि सरकार ने तय क्षेत्रफल से अधिक में भी आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने का निर्णय लिया है ताकि किसी इमरजेंसी के दौरान इनका उपयोग किया जाए सके। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण और उनके उद्घाटन को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अलावा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि वैसे तो आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण के लिए 100 गज जमीन ही काफी है। लेकिन उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इससे भी बड़े साइज की सरकारी जमीनों को चिन्हित करें और वहां इनका निर्माण करें। उन्होंने कहा कि बड़े आकार के आरोग्य मंदिरों में बड़े हॉल आदि बनाए जाएं, ताकि इमरजेंसी के हालात वहां बेड आदि की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने कहा कि बड़े आकार के बनने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पार्किंग आदि की व्यवस्था भी की जा सके। हमारी सरकार पुराने प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों में यह आरोग्य मंदिर खोल ही रही है, साथ ही इन केंद्रों के लिए बड़े स्तर पर नई इमारतें भी बनाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि जिस तेज गति से आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निर्माण चल रहा है। सरकार के विभिन्न विभाग इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के लिए साथ-साथ मेडिकल व नॉन मेडिकल उपकरणों व अन्य सामान की भी खरीदारी कर रहे हैं ताकि इनके उद्घाटन के बाद किसी भी प्रकार की अड़चन पैदा न हो। संबंधित स्टाफ की नियुक्ति को भी प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने राजधानी में इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के परिचालन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद दिया और बताया कि दिल्ली सरकार को इस मद में केंद्र सरकार से 2400 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हो चुकी है, इसलिए इन आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निर्माण व परिचालन में किसी प्रकार की समस्या नहीं आने वाली। उन्होंने का कि इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था का इतना आधुनिक सेटअप रखा जा रहा है कि लोगों को सामान्य व मौसमी बीमारियों के लिए अस्पतालों में न जाना पड़े। हमारी सरकार का संकल्प है कि दिल्ली के लोगों के अपने घरों के आसपास ही सामान्य बीमारियों का इलाज उपलब्ध हो।

## डीयू साउथ कैम्पस में विद्यार्थियों ने निकाली रैली

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के आत्माराम सनातन धर्म महाविद्यालय में शुक्रवार को ग्रीन कैम्पस-क्लीन कैम्पस की तहत साउथ कैम्पस के एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस के विद्यार्थियों ने रैली निकाली। इस अभियान में साउथ कैम्पस के आत्माराम के साथ श्री वेंकटेश्वर महाविद्यालय, विश्वविद्यालय के साउथ कैम्पस, आर्यभट्ट महाविद्यालय, राम लाल आनंद महाविद्यालय और मोतीलाल नेहरू महाविद्यालय ने हिस्सा लिया। सभी महाविद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस के विद्यार्थी इसमें शामिल हुए। अभियान की शुरुआत करते हुए दिल्ली विवि के कुलानुशासक प्रो. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि किस तरह पर्यावरण और प्रकृति की दशा बिगड़ती जा रही है। ऐसे में हम सभी का यह फर्ज बनता है कि हम उन सभी कारणों को कम करने की ओर बढ़ें जो हमारे आसपास की अस्वच्छता का कारण है। उन्होंने बताया कि कुलपति प्रो. योगेश सिंह के निर्देशानुसार यह आयोजन किए जा रहे हैं। डीसीपी साउथ कैम्पस ऐश्वर्या सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि स्वच्छता और हरियाली हमारे स्वास्थ्य और भविष्य के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि साफ सफाई और हरियाली से मन शांत रहता है और शांत मन से ही किसी काम को करने की इच्छा होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को वोट के अधिकार का महत्व बताते हुए कहा कि हम सभी को इसके प्रति सचेत रहना चाहिए और अपने वोट रूपी अधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### शिविर में ग्रामीणों को बैंक संबंधी जानकारी दी



**पलवल।** केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय फरीदाबाद द्वारा पलवल जिले के अन्तर्गत आने वाले गांव रखौता, अली ब्राह्मण और अंधौप में शिविर का आयोजन कर ग्रामीणो को बैंक सेवाएं संबधी जानकारी दी गई। अवसर पर केनरा बैंक के मंडल प्रमुख जीए अनुपम के बहुमूल्य मार्गदर्शन और केनरा बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख कमल कुमार के गतिशील नेतृत्व में अंधूप गांव में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर तीनों गांवों के आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को स्कूल बैग वितरित किए गए।

### चेन लूटने वाला लुटेरा मुठभेड़ में गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** महिला के गले से सोने की चेन लूटने वाले एक लुटेरा थाना विजयनगर पुलिस के साथ गुरुवार की रात में हुई मुठभेड़ में लंगड़ा हो गया, जबकि उसका साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। लेकिन बाद में पुलिस ने उसे दबोच लिया। घायल लुटेरे को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। कब्जे से एक पीली धातु की चैन, साढ़े पांच हजार रुपए व घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल एवं अवैध अस्लाह व कारतूस बरामद किए गए हैं। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने शुक्रवार को बताया कि गुरवार की रात में विजयनगर पुलिस सीएसपी स्कूल के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी इसी दौरान एक मोटर का साइकिल पर सवार दो युवक संदिग्ध अवस्था में वहां जाते हुए दिखाई दिए जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन फिर रुक नहीं बल्किमोटर साईकिल को सीएचएसपी फ्लाईवर को जाने वाले कच्चे रास्ते पर मोडकर भागने लगे ।

## विधायक शर्मा ने कहा- हरियाणा में भाजपा सरकार के कार्यकाल में सबसे अधिक खेल महोत्सव

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने किया आह्वान, खेलेगा युवा, तो बढ़ेगा इंडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि देश के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है खेलेगा युवा तो बढ़ेगा इंडिया। आज ऐसी शख्शियत का जन्मदिवस है जिन्होंने हॉकी में देश का मान बढ़ाया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सेक्टर-12 खेल परिसर में आयोजित 3 दिवसीय कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा, बड़खल विधायक धनेश अदलखा, एनआईटी फरीदाबाद विधायक सतीश फागना बतौर वशिष्ठ अथिति शिरकत की।

### मेजर ध्यानचंद के खेल में अद्भुत जादू था

कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर पुष्प अर्जित करके किया गया। इसके बाद अर्जुन अवार्डी जगरूप सिंह, प्रणव सूरमा और जोन डेविड का सम्मानित किया गया। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे देशभर में आज राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेजर ध्यानचंद के खेल में ऐसा अद्भुत जादू था कि जब वे हॉकी स्टिक थामते थे तो गेंद खुद-ब-खुद गोलपोस्ट की ओर बढ़ जाती थी। उनका खेल न केवल मैदान में विरोधियों को चौंकाता था, बल्कि पूरे भारत को एक नई पहचान भी प्रदान करता था। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार वास्तव में खेलों को प्रोत्साहन देने वाली सरकार है।



आज अधिक से अधिक युवाओं को खेलों में भागीदारी का अवसर मिल रहा है और प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

### छोटे-बड़े खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला

उन्होंने बताया कि आज से सांसद खेल महोत्व के रजिस्ट्रेशन भी शुरू किये है। इसलिए अधिक से अधिक खिलाड़ी सासंद खेल महोत्सव में रजिस्ट्रेशन कराए। सांसद खेल महोत्सव में सभी छोटे बड़े क्षेत्रों के खिलाड़ियो को अपनी प्रतिभा दिखने का मौका मिलता है इसलिए सासंद खेल महोत्सव की शुरुवात की गयी। उन्होंने कहा कि हरियाणा तो खेलो की खान है। ओलम्पिक, पेरा ओलंपिक, एशियन गेम्स और कॉमनवैल्थ गेम्स में भारत देश जितने भी पदक जीता है उनमे सब में हरियाणा के खिलाड़ियो ने सबसे ज्यादा पदक हासिल किए है। उन्होंने कहा कि खेलों का हर व्यक्ति के जीवन में अनमोल महत्व है। खेल शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाते है। हमारा शरीर 24 घंटे हमारा साथ देता है तो हमे ही रोजाना अपने शहर को स्वस्थ रखने के लिए 1 घंटा अवश्य निकालना चाहिए।

### सफलता की कुंजी कड़ी मेहनत और ईमानदारी में छिपी है

शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में हरियाणा में सबसे अधिक खेल महोत्सवों का आयोजन किया गया है। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियो और युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि सफलता की कुंजी कड़ी मेहनत और ईमानदारी में छिपी है। यदि खिलाड़ी दृढ़ संकल्प और अनुशासन के साथ निरंतर प्रयास करें तो हरियाणा के खिलाड़ी और अधिक पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ा सकते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल तथा बल्लभगढ़ से सोहनपाल छोकर, डीसी विक्रम सिंह, एडीसी सतबीर मान आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस ने स्मार्ट सिटी व वोट चोरी के मुद्दे को उठाया

# हर मोर्चे पर विफल साबित हुई भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार: प्रवक्ता गौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुमित गौड़ ने स्मार्ट सिटी, वोट चोरी व पंजाबी समाज को लेकर शुक्रवार को अपने सेक्टर-10 स्थित जिला कांग्रेस भवन में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। इस मौके पर उनके साथ मुख्य रुप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजन ओझा, सत्यवीर डागर, वेदपाल दायमा, प्रदेश प्रवक्ता नितिन सिंगला, जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विकास दायमा, कांग्रेसी नेता राजकुमार शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय सोलंकी, महिला कांग्रेसी नेत्री रेणू चौहान वशिष्ठ, युवा समाजसेवी वरुण बंसल, जिले के पूर्व प्रभारी मोहम्मद बिलाल, मनोज कुमार, संजय शर्मा आदि मौजूद थे। सुमित गौड़ ने भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार को पूरी तरह से फेल बताते हुए कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है।

### सरकार को रखरखाव की व्यवस्था करनी चाहिए

आज फरीदाबाद शहर में चहुंओर समस्याएं ही समस्याएं व्याप्त है, लोग जल निकासी, कूड़े के ढेर, टूटी सड़कें और बढ़ती बेरोजगारी भाजपा सरकार को सच्चाई का आईना दिखा रही है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में बैठे मंत्रियों, विधायकों व पार्षदों ने स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता के खून पसीने की कमाई को लूटने का काम किया है, जिसके चलते जनता का अब इस सरकार से मोहभंग होने लगा है। सुमित गौड़ ने कहा कि उन्होंने समय-समय पर आमजन की आवाज को बुलंद करने का काम किया है, चाहे बरसाती पानी में नाव चलाना हो, कूड़े पर बैठकर प्रदर्शन करना हो या फिर लघु सचिवालय पर विरोध जताना है। उन्होंने सदैव छत्तीस वर्गो के हक-हकूक की आवाज उठाई है। गौड़ ने कहा कि जिस गौमाता के नाम पर भाजपाई राजनीति करते है, आज वह गौमाता गंदगी के ढेरों में कूड़ा खाने को मजबूर हो रही है, सड़कों पर विचरन कर रही है, आखिर सरकार इनके रखरखाव की व्यवस्था



क्यों नहीं करती। उन्होंने भाजपा सरकार पर वोट चोरी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार ईवीएम में गड़बड़ी करके सत्ता में आई है और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भाजपा सरकार की पोल खोलने में लगे हुए है, जल्द ही यह साबित भी हो जाएगा। सुमित गौड़ ने कहा कि वैसे तो वह समाज की सभी छत्तीस बिरादरियों का सम्मान करते है, लेकिन राजनैतिक पार्टियां पंजाबी समाज की अनदेखी कर रही है, जो ठीक नहीं है, इसलिए वह पंजाबी समाज के मान सम्मान की आवाज को उठाने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने भाजपा सरकार को चेताते हुए कहा कि वह फरीदाबाद शहर में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए सरकार को एक माह का समय देते है, अगर इस दौरान सभी समस्याओं का निराकरण हो गया तो ठीक है अन्यथा फरीदाबाद में एक बड़ा जनाअंदोलन किया जाएगा। जिसमें कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय नेताओं को बुलाकर फरीदाबाद के विकास की आवाज को बुलंद किया जाएगा।

## कैलाश मानसरोवर भवन प्राधिकरण को हेंड ओवर किए जाने की प्रक्रिया हुई तेज

# प्राधिकरण स्तर से गठित समिति ने कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन की इन्वेन्टरी बनाने का कार्य किया आरंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए)उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा निर्देशन में इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन को उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम से प्राधिकरण को हेंड ओवर करने की दिशा में प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस कड़ी में प्राधिकरण स्तर से गठित समिति के द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन की समस्त इन्वेन्ट्री को भली- भांति निरीक्षण कर सूचीबद्व किए जाने का कार्य आरंभ कर दिया गया। समिति को बकायदा प्रत्येक कक्ष की विडियो/ फोटोग्राफी भी किए जाने के आदेश दिए गए है। समिति में प्राधिकरण की तरफ से अभियंत्रण जोन-6 और विद्युत अनुभाग से अधिशासी अभियंता को इन्वेटरी के कार्य को पूरा कराने के लिए अधिकृत किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की तरफ से 28 अगस्त 2025 को एक पत्र के माध्यम से हस्तातरण प्राप्त किए जाने के लिए अधिकारी नामित किए जाने के लिए कहा गया था।

हाल ही में मुख्यमंत्री के गाजियाबाद आगमन के दौरान इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन गाजियाबाद विकास प्राधिकरण स्तर से संचालित किए जाने के आदेश दिए गए थे। प्राधिकरण के द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन को किस तरीके से संचालित किया जाए इसके लिए रूप रेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## नगर निगम गोबर से बनाएगा प्राकृतिक पेंट, सितंबर माह में लगेगा प्लांट

# प्राकृतिक पेंट से पर्यावरण को भी मिलेगा लाभ, शहर को मिलेगी गोबर की समस्या से निजात : नगर आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

ब्लूमबर्ग फिलैन्थ्रैपिज़ मेयर्स चेलेंज 2025 के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम गोवंश के गोबर से पेंट बनाने के लिए पायलेट प्रोजेक्ट की शुरुआत करने जा रहा है। सितंबर माह में नंदग्राम स्थित नंदी पार्क में गोबर से पेंट बनाने की कार्यवाही को प्रारंभ किया जाएगा। जिसके लिए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। 10 दिन के भीतर कार्यवाही पूर्ण करते हुए गोबर से बनाने वाली मशीनों को नंदग्राम नंदी पार्क में स्थापित कराया जाएगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम ब्लूमबर्ग फिलैन्थ्रैपिज़ मेयर्स चेलेंज 2025 के क्रम में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गोवंश के गोबर से पेंट बनाने की कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है, जिसको विश्व स्तर पर प्रशंसा मिली है, सितंबर माह में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर प्रारंभ किया जाएगा गोबर से पेंट बनाने की कार्यवाही में निगम को आय भी प्राप्त होगी।

### प्रतिदिन 2 से 5 क्विंटल की खपत होगी




पर्यावरण को भी लाभ होगा गोबर से बने हुए पेंट के इस्तेमाल से टेंपरेचर में भी कमी आती है जिससे पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा। दुर्गंध रहित तथा केमिकल रहित पेट तैयार किया जाएगा जिसमें 50प्रतिशत गोबर तथा 50प्रतिशत पानी में अन्य पदार्थ के माध्यम से पेट बनाया जाएगा। प्रतिदिन 2 से 5 क्विंटल की खपत होगी। जिससे 1000 से 2000 लीटर पेंट तैयार होगा, गोबर की समस्या से शहर वासियों को भी निजात मिलेगी। नगर आयुक्त ने बताया कि प्लांट पर 15 से 17 मशीनों को लगाया जाएगा जो की हाई स्पीड डिस्पेंसर होगी। डिस्टेंपर तथा इमलशन पेट बनाया जाएगा।ब्लूमबर् पायलट प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए प्राप्त 50 लाख की धनराशि से प्रोजेक्ट को मजबूत बनाया जाएगा जिसके क्रम में सफल होने के उपरांत अन्य लाभ भी निगम को प्राप्त होंगे।

# एपिरॉक ने रखी नए प्रोडक्शन और आरएंडडी सुविधा की नींव

**गुरुग्राम।** माइनिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर इंन्डस्ट्रीज के लिए अग्रणी प्रोडक्टिविटी और सस्टेनेबिलिटी पार्टनर, एपिरॉक एबी ने भारत के नासिक में नए प्रोडक्शन और आरएंडडी सुविधा की नींव रखी है। एपिरॉक की प्रेसिडेंट और सीईओ हेलेना हेडब्लॉम ने कहा, ₹नासिक में नई सुविधा हमारे लिए तेजी से बढ़ते और बेहद महत्वपूर्ण भारतीय बाज़ार में अपनी मौजूदगी को और विस्तार देने की दिशा में एक अहम कदम है। यह हमारे वैश्विक ग्राहकों को भी सहयोग प्रदान करेगी।

एपिरॉक इंडिया के प्रेसिडेंट अरुणकुमार गोविंदराजन ने कहा, भारत में इस विस्तार को लेकर हम बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि यहाँ हमें जबरदस्त विकास की संभावना दिखाई देती है। हम इस निवेश के माध्यम से अपने स्थानीय और वैश्विक ग्राहकों के लिए प्रोडक्टिविटी और सस्टेनेबिलिटी के विश्वसनीय भागीदार बने रहने की उम्मीद करते हैं। यह नई सुविधा हमारे 'मेक इन इंडिया' पहल को भी समर्थन देती है।

## गौंछी ड्रेन में गिरी कार, तीन लोगों की डूबने से मौत

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने व मुआवजा देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बीती रात को मछली मार्केट के पास गौछी ड्रेन में एक कार गिर गई। कार में तीन लोग सवार थे। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने तीनों को बाहर तो निकाल लिया। वहीं, पुलिस की पीसीआर और एंबुलेंस में उन्हें जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल भेज दिया गया है। तीनों की उम्र 40 वर्ष के आसपास थी। तीनों की मौत हो गई। तीनों की पहचान पवन मौर्य, अमित झा और गौरव रावत के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार नंबर एचआर 87 एल-8901 मछली मार्केट से संजय कॉलोनी की ओर जा रही थी। थाना मुजेसर क्षेत्र के अंतर्गत मछली मार्केट के पास ही कार ड्रेन में गिर गई। यहां चौड़ी रोड है, पर प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब 10.40 बजे पुलिया से संजय कॉलोनी की ओर मुड़ते समय चालक संतुलन खो बैठा और उनकी कार सीधा ड्रेन में चली गई। लोगों ने कार गिरते देखी तो शोर मचा दिया। आसपास वार्ड नंबर चार की संजय कालोनी के लोग वहां आ गए।

मुजेसर थाना एसएचओ समेर सिंह मौके पर पहुंच गए। इस दौरान लोगों ने रस्सियों के सहारे तीनों डूबे हुए लोगों को कड़े प्रयासों के बाद बाहर निकाला। एंबुलेंस में उनकी छाती पर दबाव डाल कर पंपिंग भी की गई, पर शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। डूबी हुई कार का भी किसी तरह से नंबर हासिल किया। यह कार अमित झा नाम से है। कार की आरसी के मुताबिक जिसमें मकान नंबर 4949, गली नंबर छह, नंगला अटल चाचा चौक संजय एन्क्लेव का पता निकला।



### हादसे में मारे गए लोगों के आश्रितों के उचित मुआवजा दे सरकार: बलजीत

घटना की सूचना मिलते ही जिला कांग्रेस कमेटी फरीदाबाद के अध्यक्ष बलजीत कौशिक बीती रात ही तुरंत मौके पर पहुंचे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | टी/एफ हेतु 6 वर्ष की और सभी अन्य मदों के लिए 3 वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी अवधि समेत सेक्टर-7 और 8 (पार्ट) सोनीपत (बी/डब्ल्यू) में सभी सम्बद्ध कार्यों सहित 200 केवीए ट्रांसफॉर्मर का प्रावधान (जीएसटी समेत) + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.09.2025 | रु. 1,23,00,444/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xenelectrfk@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38209/I/88/7 दि. 29.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम, रोहतक में शीला टी-प्वाइंट (शीला सिनेमा के निकट) पर ट्रैफिक लाइट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन + 2 कार्य। | 26.08.2025 03.09.2025 | रु. 72.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | मॉडल टाउन, वार्ड नं. 14, रोहतक में म. नं. 2आर और 174आर-173एल से म. नं. 10एल तक गली का निर्माण + 1 कार्य। | 26.08.2025 03.09.2025 | रु. 52.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम, रोहतक की सीमाओं के अंदर घूमने वाले आवारा मवेशी (गाय, बछड़ा, सांड) को पकड़ने और गांव पहरावर गऊशाला में उनको छोड़ने / भेजने के सम्बन्ध में। | 28.08.2025 04.09.2025 | -- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/38212/I/88/7 दि. 29.08.25



**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
**सीआईएन: L74210DL1987PLC029979**
**पंजीकृत कार्यालय:** 1400, हेमकुंट टॉवर, 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
**फोन:** 011-42504954 / 4878, **फैक्स:** 28293822
**ईमेल आईडी:** sbecsystems@rediffmail.com **वेबसाइट:** www.sbecsystems.in

**36वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में जानकारी**

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों की 36वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") **गुरुवार, 25 सितंबर, 2025 को दोपहर 02:00 बजे (आईएसटी)** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से, 8 अप्रैल, 2020 के सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 और इस संबंध में जारी किए गए बाद के परिपत्रों के अनुपालन में आयोजित की जाएगी, जिनमें से नवीनतम कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी 19 सितंबर, 2024 का परिपत्र संख्या 09/2024 और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी 3 अक्टूबर, 2024 का परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/पीओडी-2/पी/सीआईआर/2024/133 के अनुसार एजीएम बुलाने की सूचना में निर्धारित व्यवसाय का संचालन करने के लिए आयोजित की जाएगी। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम के प्रयोजन के लिए गिना जाएगा

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से कंपनी के उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ईमेल पते कंपनी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) या डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के पास पंजीकृत हैं। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होंगे।

कंपनी अपने सभी सदस्यों को एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर अपना वोट डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा ("रिमोट ई-वोटिंग") प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त, कंपनी एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से मतदान की सुविधा ("ई-वोटिंग") प्रदान कर रही है। रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग और सदस्यों द्वारा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भागीदारी के लिए विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में प्रदान की गई है। वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम नोटिस इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने के लिए ई-मेल पते के पंजीकरण/अद्यतन का तरीका:

क. **डीमैट फॉर्म में रखे गए शेयरों के लिए:** कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) के साथ ईमेल पते और मोबाइल नंबर पंजीकृत/अपडेट करें।

ख. **भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के लिए:** कृपया फॉर्म ISR-1, फॉर्म ISR-2 और फॉर्म संख्या SH-13 (नामांकन फॉर्म) को उसमें बताए गए निर्देशों के अनुसार विधिवत भरकर सहायक दस्तावेजों के साथ कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (RTA), मेसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, स्थानीय शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के पास, नई दिल्ली - 110062 या ई-मेल: beetalrta@gmail.com पर उपलब्ध कराएं। उक्त फॉर्म कंपनी की वेबसाइट यानी www.sbecsystems.in और इसके RTA की वेबसाइट www.beetalfinancial.com पर उपलब्ध हैं।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स को ध्यान से पढ़ें, जिसमें एजीएम में शामिल होने के निर्देश और एजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीका शामिल है। कृपया किसी भी सहायता के लिए कंपनी को लिखें।

**बोर्ड के आदेश से**
**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड के लिए**
**हस्ता/-**
**हिमानी मित्तल**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 29.08.2025**



**HINDUSTAN TIN WORKS LIMITED**
**REGD OFFICE:** 426, DLF Tower–A, Jasola, New Delhi-110025
**Website :** www.hindustantin.biz. **Contact No. :** +91 11-49998888
**CIN: L27109DL1958PLC003006 Fax No. : 011-49998822**

Shaping a canvironment friendly future

**NOTICE TO THE MEMBERS OF 67TH ANNUAL GENERAL MEETING**

NOTICE is hereby given that the Sixty Seventh (67th) Annual General Meeting ('AGM') of the Members of Hindustan Tin Works Limited ('Company') will be held on Friday, September 26, 2025 at 11.00 a.m. through Video Conferencing ('VC')/Other Audio Visual Means ('OAVM'), without the physical presence of the Members at the meeting, in compliance with all applicable provisions of the Companies Act, 2013 (Act) and the Rules made thereunder and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with MCA General Circulars No. 14/2020, dated 08th April, 2020, No. 17/2020, dated 13th April, 2020, No. 20/2020 dated 05th May, 2020, No. 02/2021 dated 13th January, 2021, No. 21/2021 dated 14th December, 2021 and No. 2/2022 dated 05th May, 2022, No. 10/2022 dated 28th December, 2022, No. 09/2023 dated 25th September, 2023, No. 09/2024 dated 19th September, 2024 ('MCA Circulars') and SEBI circulars No. 2020/79 dated 12th May, 2020, No. 2021/11 dated 15th January, 2021 and No.2022/079 dated 03rd June, 2022, No. 2023/4 dated 05th January, 2023, No. 2023/167 dated 07th October, 2023, No. 2024/133 dated 03rd October, 2024 ('SEBI Circulars') (MCA Circulars and SEBI Circular collectively referred as 'Circulars'), to transact the businesses as set out in the Notice of the AGM.

In compliance with Circulars, the Notice of the 67th AGM along with the Annual Report for FY 2024-25 ('Annual Report') has been sent by email to all the Members whose email addresses are registered with the Company/Depositories. The requirements of sending the physical copy of Annual Report to the Members have been dispensed with vide the aforesaid MCA and SEBI Circulars. Additionally, a letter indicating the weblinks of the Annual Report and the Notice of the AGM are being sent to the Members whose email ids are not available with the RTA/ Company/ Depositories/ Depository Participants.

The Notice of the AGM and Annual Report are being made available on the Company's website at www.hindustantin.biz, and websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited at www.bseindia.com and also on the website of Central Depository Services (India) Limited (CDSL) at www.evoting.cdsl.com.

Pursuant to Section 108 of the Act, read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time and Regulation 44 of the SEBI (LODR) Regulations and SS-2, the Company is providing the remote e-Voting facility before the AGM and e-Voting facility at the AGM to its members to exercise their right to vote on all the resolutions proposed to be transacted at the AGM by electronic means and the facility being provided by CDSL. Facility for e-Voting at the AGM will be made available to those Members present in the AGM through VC/OAVM facility and have not cast their vote on the Resolutions through remote e-Voting. The Members who have cast their vote by remote e-Voting prior to the AGM may also attend/ participate in the AGM through VC/OAVM but shall not be entitled to cast their vote again. Detailed process and manner of remote e-Voting, e-Voting at the AGM and instructions for attending the AGM through VC/OAVM are being provided in the Notice of the AGM.

The remote e- voting period begins on Tuesday, 23rd September, 2025 (9 a.m.) and ends Thursday, 25th September, 2025 (5 p.m.). During this period shareholders of the Company, holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date (record date) of 19th September, 2025 may cast their vote electronically.

Members who have not cast their vote through remote e-Voting shall be allowed to vote at the ensuing AGM through e-Voting system. Members who have cast their vote by e-Voting shall not be entitled to cast their vote again at the AGM, however, such Members will be entitled to attend the AGM.

Any person who acquires shares of the Company and becomes shareholder of the Company after sending the Notice of the AGM and holding shares as oncut-off date, may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@cdsl.com. However, if a person is already registered with CDSL for remote e-Voting then existing user ID and password can be used for casting vote.

The register of members and share transfer books of the Company will remain closed from Saturday, 20th September, 2025 to Friday, 26th September, 2025 (both days inclusive).

Members whose email ids are already registered with the Company/ Depositories, may follow the instructions for remote e-Voting as well as e-Voting at AGM as provided in the Notice of the AGM. Members whose e-mail ids are not registered with the Company/Depository participants may follow the below process for registering or updating their email ids for receiving all communications including Annual Report, Notices etc. from the Company electronically. Upon successful registration of email id, the login ID and password for e-Voting shall be shared on the member's registered email id:

1. Demat holding: Members holding Equity Shares of the Company in electronic/demat form and who have not registered their email ids are requested to register their email ids for receipt of Notice, Annual Report and the login details for joining the AGM through VC/OAVM facility including e-voting with their DPs only, as per the process advised by their DPs. The registered e-mail address will also be used for sending future communications.
2. Physical holding: Members holding Equity Shares of the Company in physical form and who have not registered their email ids and/or Bank details may register their details with Company's RTA, Beetal Financial & Computer Services (P) Ltd.

For detailed instructions pertaining to e-Voting and joining the Meeting through VC/OAVM, Members may refer to the Notice of 67th AGM.

The results of the e-Voting along with the Scrutinizers' Report shall be placed on the Company's website and on the website of CDSL. The Company shall simultaneously forward the results to the BSE Limited where the equity shares of the Company are listed.

This notice is issued for the information and benefit of the Members of the Company in compliance with above mentioned Circulars.

For **Hindustan Tin Works Limited**
Sd/-
**Rajat Pathak**
**EVP (Finance) & Company Secretary**

Place: New Delhi
Date: August 29, 2025

Hundreds of Products... One Can!

## खबर संक्षेप

### वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश



**पटना।** बिहार में जारी राहुल गांधी और तेजस्वी की वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होने के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव शुक्रवार को पटना पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर बातचीत के दौरान उन्होने भाजपा पर हमला बोला। कहा कि जैसे अवध से हम लोगों ने भाजपा को बाहर किया गया, वैसे ही अब मगध से भाजपा को हटाएंगे, भाजपा का बिहार से पलायन तय है।

### छात्रा की मौत मामले में प्रिंसिपल सस्पेंड



**पटना।** यहां के चितकोहरा स्थित अमलाटोला कन्या मध्य विद्यालय के शौचालय में आग से झुलसकर 12 वर्षीय पांचवीं कक्षा की छात्रा की मौत के मामले में डीएम के निर्देश पर डीईओ पटना साकेत रंजन ने विद्यालय की प्रधान अध्यापक प्रेम लता कुमारी को बिहार सरकारी सेवक नियमावली के प्रावधान के तहत निलंबित कर दिया है। उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

### राहुल गांधी-तेजस्वी यादव पर मुजफ्फरपुर कोर्ट में मुकदमा



**पटना।** दरभंगा में मंच से पीएम नरेंद्र मोदी की मां को अपशब्द कहे जाने के मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के विरुद्ध मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के कोर्ट में शुक्रवार को परिवाद दाखिल किया गया है । यह परिवाद भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल कुमार सिंह ने दाखिल किया है। इस मामले में 11 सितम्बर को अगली सुनवाई होगी।

# योगी ने किया निर्वाचन आयोग के भवन का शिलान्यास

परिसर में रोड पाथवे, ओपन पार्किंग और रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में राज्य निर्वाचन आयोग के आधुनिक कार्यालय भवन का शिलान्यास किया। इस भवन में कई अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। इस दौरान कहा कि 12 करोड़ से अधिक मतदाता त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाग लेते हैं, यह किसी भी राज्य की आबादी से अधिक ...

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अवध विहार योजना में उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आधुनिक कार्यालय भवन का शिलान्यास किया। करीब 50 करोड़ की लागत से बनने वाला यह भवन 2618.59 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैला होगा और इसमें स्टिल्ट फ्लोर सहित कुल छह मंजिलें होंगी। भवन की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए छत पर 25,000 लीटर क्षमता का आरसीसी टैंक और भूमिगत स्तर पर एक लाख लीटर क्षमता का अंडरग्राउंड टैंक स्थापित किया जाएगा। परिसर में रोड पाथवे, ओपन पार्किंग और रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। 25 केएलडी क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाया जाएगा। पूरे भवन में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी सिस्टम होगा। कर्मचारियों और आगंतुकों की सुविधा के लिए 13 यात्री क्षमता वाली दो लिफ्ट और 8 यात्री क्षमता वाली एक लिफ्ट लगाई जाएगी। इसके साथ ही आंतरिक विद्युतीकरण और पावर वायरिंग की अत्याधुनिक व्यवस्था भी की जाएगी। यह भवन न केवल निर्वाचन आयोग के कामकाज को गति देगा बल्कि तकनीक और सुविधाओं से लैस होकर एक मॉडल ऑफिस के रूप में भी उदाहरण प्रस्तुत करेगा।



### पंचायत चुनाव में 12 करोड़ से अधिक मतदाता

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग का स्वयं का भवन होना लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पंचायत और स्थानीय निकाय चुनाव की विशाल प्रक्रिया को आयोग अब और बेहतर तरीके से संपन्न कर सकेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था में अकेले 12 करोड़ से अधिक मतदाता मतदान में भाग लेते हैं, जो किसी भी अन्य राज्य की कुल आबादी से अधिक है। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 57,600 ग्राम पंचायतें, 826 क्षेत्र पंचायतें और 75 जिला पंचायतें हैं। वहीं, 17 नगर निगम, 199 नगर पालिकाएं और 544 नगर पंचायतें भी हैं, जिनके साथ 14,000 से अधिक पार्षदों के चुनाव की जिम्मेदारी भी राज्य निर्वाचन आयोग ही निभाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है तो उसमें उत्तर प्रदेश की यह व्यापक चुनावी प्रक्रिया अहम भूमिका निभाती है।

**भवन लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाएगा**

*कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन व्यवस्था को नई मजबूती देगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाएगा। सीएम योगी ने कहा कि जनता हमारे लिए केवल जतना नहीं बल्कि जनार्दन है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश से ही भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।*

## योगी आदित्यनाथ सरकार का बड़ा फैसला

# महिलाओं की तरह अब भूतपूर्व सैनिकों व दिव्यांगजनों को भी स्टाम्प शुल्क में छूट

यूपी के स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग की समीक्षा बैठक गुरुवार को हुई। इसमें सीएम योगी ने विभागीय अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। अब 20 हजार रुपए से अधिक निबंधन शुल्क पर सभी जिलों में ई-भुगतान अनिवार्य होगा।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी में महिलाओं की तरह भूतपूर्व सैनिकों और दिव्यांगजनों को भी स्टाम्प शुल्क में छूट का लाभ देने का ऐलान किया है। स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने विभाग को कई अहम निर्देश दिए। बैठक में विभागीय मंत्री रविंद्र जायसवाल भी मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अब 20 हजार रुपए से अधिक निबंधन शुल्क पर सभी जिलों में ई-भुगतान अनिवार्य होगा। उन्होंने फर्जीवाड़े पर रोक लगाने के लिए आधार प्रमाणीकरण लागू करने और प्राधिकरण के आवंटियों के लिए सिंगल विंडो से ई-पंजीकरण शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के रुख पर विभाग दो लाख रुपए सालाना रेंट होने की दशा में 500 रुपए स्टांप ड्यूटी लेकर ही एग्रीमेंट करने की सुविधा देने पर विचार कर रहा है। पांच लाख रुपए रेंट होने पर एक हजार रुपए स्टांप शुल्क तय किया जा सकता है।

*ई-भुगतान के जरिए ही लिया जाएगा 20 हजार रुपए से अधिक निबंधन शुल्क*

### वेंडरों के कमीशन को तार्किक बनाया जाए



सीएम योगी ने विभाग को जल्दी से जल्दी रिक्त पदों पर भर्ती पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वेंडरों के कमीशन को तार्किक बनाया जाए और 10 साल तक की अवधि वाले छोटे किरायेनामों पर शुल्क में छूट देने पर विचार किया जाए। बैठक में बताया गया कि 2002 से 2017 तक के 99% विलेखों का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है और वर्तमान में 98% निबंधन ई-स्टाम्प के जरिए हो रहे हैं। वहीं जिलों में मूल्यांकन सूची का पुनरीक्षण कर विसंगतियां दूर की जा रही हैं और उप-पंजीकरण कार्यालयों में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं।

### डेमोग्राफी चेंज अब नहीं होने देंगे, बदलने की कोशिश की तो पलायन को मजबूर होना पड़ेगा

**संभल रिपोर्ट पर योगी ने चेताया**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल पर रिपोर्ट आने के एक दिन बाद शुक्रवार को चेताया कि अब भाजपा की डबल इंजन की सरकार डेमोग्राफी चेंज नहीं होने देगी। अगर किसी ने डेमोग्राफी बदलने का प्रयास किया तो उसे पलायन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। योगी ने शुक्रवार को रिपोर्ट की चर्चा करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के समय में चुन चुन कर हिंदुओं को निशाना बनाया जाता था। कैसे उनकी डेमोग्राफी को उनकी जनसंख्यकी को काम करके लगातार उन पर अत्याचार करवाए जाते थे। कैसे दंगे करवा करके उस क्षेत्र को हिंदू विहीन कर दिया जाता था मगर आज यह डबल इंजन की सरकार है जो डेमोग्राफी को भी नहीं बदलने देगी। जो भी डेमोग्राफी को बदलने का प्रयास करने उसको स्वयं पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बिना भेदभाव के शासन की योजना का लाभ हर नागरिक को प्राप्त हो रहा है। अब तुष्टिकरण नहीं संतुष्टीकरण के माध्यम से सशक्तिकरण की तरफ हम लोग आगे बढ़ रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में 24 नवंबर, 2024 को हुई संभल हिंसा की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने हिंदू जनसंख्या में कमी और जामा मस्जिद को शिव मंदिर बताकर हिंदुओं द्वारा किए गए दावे के बारे में कई निष्कर्ष निकाले हैं। न्यायिक आयोग ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 450 पृष्ठों की एक रिपोर्ट सौंपी है।

## सीएनटी एक्ट उल्लंघन से जुड़ा है मामला

# झारखंड में पूर्व मंत्री एनोस एक्का व पत्नी समेत 10 आरोपी दोषी करार



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर बड़े पैमाने पर आदिवासियों की जमीन खरीदने के मामले में अदालत ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी मेनन एक्का समेत कुल 10 आरोपियों को दोषी करार दे दिया। सीबीआई की विशेष अदालत ने 15 साल पुराने इस मामले में फैसला सुनाया, हालांकि सजा की घोषणा शनिवार 30 अगस्त को अगली सुनवाई पर की जाएगी। इस दौरान अदालत ने एक आरोपित गोवर्धन बैठा को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।

### फर्जी पते पर आदिवासी जमीन की खरीद-बिक्री

पूर्व मंत्री एनोस पर पद का दुरुपयोग करते हुए फर्जी पते पर आदिवासी जमीन की खरीद-बिक्री करने का आरोप है। दोषी पाए जाने के बाद अदालत ने एनोस और मेनन समेत सभी आरोपियों को जेल भेज दिया। सजा के अन्य बिंदु पर शनिवार 30 अगस्त को भी सुनवाई होगी।

### गोवर्धन बैठा को सबूतों के अभाव में बरी

दोषी पाए गए लोगों में एनोस एक्का, उनकी पत्नी मेनन एक्का, रांची के तत्कालीन एलआरडीसी कार्तिक कुमार प्रभात, राज किशोर सिंह, फिरोज अख्तर, ब्रजेश मिश्रा, अनिल कुमार, मणिलाल महतो, परशुराम केरकेट्टा और ब्रजेश्वर महतो शामिल हैं, जबकि एक आरोपी गोवर्धन बैठा को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।

## पेज एक का शेष

### भारत-जापान की विशेष...

और म्यांमार संकट जैसे मामलों पर गंभीरता के साथ विचार-विमर्श किया गया। चूंकि वैश्विक अस्थिरता के दौर में यह बैठक हुई। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पीएम शिगेरू इशिबा ने अपनी विशेष सामरिक-वैश्विक साझेदारी में एक नए और सुनहरे अध्याय की नींव रखने के लिए एक दस वर्षीय रोडमैप की घोषणा की। दोनों देशों के बीच कुल करीब 13 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) और समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी। पीएम ने जापान के प्रधानमंत्री को अगले वार्षिक सम्मेलन के लिए भारत यात्रा का न्योता दिया। वहीं, कांतेई पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का जोरदार अंदाज में स्वागत किया गया। जापानी रक्षा बलों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

**टॉप एजेंडे में होंगे सेमीकंडक्टर्स-रेयर अर्थ मिनरल्स** : दोनों शीर्ष नेताओं ने साझेदारी से जुड़े तीन बिंदुओं को स्वीकार किया। जिसमें सबसे पहले अगले दशक के लिए संयुक्त विजन के तहत आर्थिक, आर्थिक सुरक्षा, गतिशीलता, पर्यावरण, तकनीक-नवाचार, स्वास्थ्य, लोगों का लोगों से संबंध और राज्य आधारित गतिविधियां जैसे आठ स्तंभों को लेकर बतौर राष्ट्र विकास के प्रयासों को गति प्रदान करने पर सहमति जताई गई। दूसरे में सुरक्षा सहयोग को लेकर संयुक्त घोषणापत्र सामने आया। जिसके जरिए रक्षा-सुरक्षा संबंधों को अगले स्तर तक पहुंचाया जाएगा। परंपरागत भू-राजनीतिक वास्तविकताओं और क्षेत्र की सुरक्षा का मामला भी इसमें शामिल रहेगा। तीसरे में भारत-जापान मानव संसाधन एक्सचेंज और सहयोग के लिए कार्य योजना प्रस्तुत की गई। जिसमें अगले 5 वर्षों में दोनों तरफ से 5 लाख लोगों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहन दिया जाएगा। 50 हजार कौशलयुक्त भारतीय जापान की अर्थव्यवस्था में सक्रिय योगदान देंगे। दोनों देशों की साझेदारी केवल दिल्ली-टोक्यो तक सीमित नहीं रहेगी। अब भारत के राज्य और जापानी प्रीफेक्चर्स के बीच संस्थागत सहयोग के माध्यम से जुड़ाव और गहरा होगा। जिससे व्यापार, पर्यटन, शिक्षा और सांस्कृतिक एक्सचेंज के नए द्वार खुलेंगे। उच्च तकनीक वाले क्षेत्र में सहयोग दोनों की प्राथमिकता है। जिसमें डिजिटल भागीदारी 2.0, एआई सहयोग कदम लिया जा रहा है। दोनों नेताओं ने स्वीकार किया कि सेमीकंडक्टर्स और रेयर अर्थ मिनरल्स हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर होंगे।

**जापान करेगा 10 ट्रिलियन येन का निवेश** : सम्मेलन के बाद अपने संयुक्त वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापानी पीएम के साथ हुई बातचीत को उद्देश्यपूर्ण और उत्पादक बताया। उन्होंने कहा कि विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और जीवंत लोकतंत्र के रूप में हम एकमत हैं कि हमारी साझेदारी केवल केवल हमारे लिए ही नहीं बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी महत्वपूर्ण है। जिसका आधार साझा मूल्यों और आपसी विश्वास की नींव पर टिका हुआ है। ये हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में भी साफ तौर पर झलकता है। दोनों देश घरेलू से लेकर विश्व शांति, प्रगति और समृद्धि के एक जैसे सपने को साकार करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। दोनों बेहतर दुनिया को आकार देने में मजबूत लोकतंत्र में प्राकृतिक भागीदार हैं। दोनों देशों के विजन के केंद्र में निवेश, नवाचार, आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरण, तकनीक, स्वास्थ्य, गतिशीलता और राज्य प्रायोजित भागीदारी मुख्य हैं। हमने अगले 10 वर्षों में जापान से भारत में 10 ट्रिलियन येन के निवेश का लक्ष्य रखा है। सूक्ष्म-मध्यम उद्योगों और स्टार्टअप को जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। दोनों आर्थिक सुरक्षा सहयोग कदम लांच कर रहे हैं। जिसमें जटिल, रणनीतिक क्षेत्रों में एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेंगे।

**चंद्रयान-5 के लिए इसरो-जेक्सा सहयोग करेंगे** : उन्होंने कहा कि हम दोनों मानते हैं कि जापानी तकनीक और भारतीय प्रतिभा एक विनिंग कॉम्बिनेशन है। हम हाईस्पीड रेल पर काम कर रहे हैं। वहीं अगली पीढ़ी की गतिशीलता भागीदारी के तहत बंदरगाहों, विमानन, शिपबिल्डिंग जैसे क्षेत्रों में भी तेजी से प्रगति करेंगे। चंद्रयान-5 मिशन में सहयोग के लिए इसरो और जेक्सा (जेएएक्सए) के बीच सहयोग के लिए बनी सहमति का हम स्वागत करते हैं। हमारी साझेदारी पृथ्वी की सीमाओं को पार कर अंतरिक्ष में भी मानवता की प्रगति का प्रतीक बनेगी। दोनों का संयुक्त क्रेडिट तंत्र ऊर्जा के लिए बड़ी जीत है। जो हमारी हरित के अलावा मजबूत आर्थिक भागीदारी का प्रमाण प्रस्तुत करती है। इस दिशा में हम सतत ईंधन कदम और बैटरी सप्लाई चेन भागीदारी शुरू कर रहे हैं।

**यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर** : पीएम मोदी और इशिबा ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों (यूएन चार्टर) के तहत यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान को लेकर अपना समर्थन प्रदान किया। उन्होंने वर्तमान में कई देशों द्वारा जारी कूटनीतिक प्रयासों का भी स्वागत किया। जो शांति स्थापना के लक्ष्य तक पहुंचने में मददगार साबित हो सकते हैं। दोनों शीर्ष नेताओं ने चीन का नाम लिए बिना पूर्व-दक्षिण चीन सागर की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए ड्रैगन को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए एक खुले हुए, स्वतंत्र-समृद्ध और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। बलपूर्वक यथास्थिति को बदलने के किसी भी एकतरफा कदम, विवादित जगहों के सैन्यीकरण करने का भी भारत-जापान ने विरोध किया। समुद्री विवाद का शांतिपूर्ण ढंग से वैश्विक नियमों के तहत समाधान निकाला जाना चाहिए। क्षेत्र के आर्थिक विकास-समृद्धि के लिए प्रायोगिक परियोजनाओं के जरिए मजबूत सहयोग पर भी दोनों सहमत हैं।

**मध्य पूर्व संघर्ष के बीच शांति पर जोर** : मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के बीच शांति और स्थिरता को लेकर दोनों ने प्रतिबद्धता जाहिर की। साथ ही सभी पक्षों से संयम, नागरिकों की सुरक्षा व वैश्विक कानूनों के पालन पर जोर देते हुए तनाव बढ़ाने वाले कदमों से बचने की अपील की। यूएनएससी में तत्काल सुधारों पर भी दोनों सहमत हुए। उत्तर कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षणों पर पीएम मोदी, इशिबा ने चिंता जाहिर की है।

### राजनीतिक-आर्थिक ...

को लेकर निवेशकों के मन में एक नया विश्वास कायम किया है। जो अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा भारत की नवीनतम रेटिंग में सुधार से भी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान अशांत वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को लेकर विश्वसनीय मित्रों के बीच गहरी होती आर्थिक साझेदारी विशेष रूप से प्रासंगिक है। आज भारत दुनिया की सबसे तेज गति से विकास करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है। जल्द ही हम तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर हैं। विदेश मंत्रालय ने 29 अगस्त को पीएम के संबोधन के बारे में जानकारी साझा की।

**सौंपी गई आईजेबीएलएफ की रिपोर्ट** : कार्यक्रम में 12वें भारत-जापान बिजनेस लीडर्स फोरम (आईजेबीएलएफ) के सह-अध्यक्षों द्वारा इसकी रिपोर्ट दोनों नेताओं को भेंट की। भारत-जापान के बीच बढ़ती उद्योग साझेदारी का उल्लेख करते हुए जापान एक्सटर्नल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जेईटीआरओ) के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नोरिहिको इशिगुरो ने इस्पात, कृत्रिम मेधा, अंतरिक्ष, शिक्षा, कौशल, स्वच्छ ऊर्जा और मानव संसाधन का आदान-प्रदान जैसे तमाम क्षेत्रों में भारत, जापान की कंपनियों के बीच हस्ताक्षरित बी2बी समझौता ज्ञापनों की घोषणा की।

**मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं की दरकार** : जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण के लिए भारतीय प्रतिभाओं, जापानी प्रौद्योगिकी के बीच साझेदारी के लिए जापान की कंपनियों की रुचि जाहिर की। उन्होंने दोनों देशों के बीच तीन प्राथमिकताओं पर जोर दिया। जिसमें पी2पी साझेदारी को मजबूत बनाना, प्रौद्योगिकी का संयोजन, हरित पहल व बाजार, उच्च-उभरती हुई प्रौद्योगिकियों जिसमें मुख्य रूप से सेमीकंडक्टर जैसे अहम क्षेत्र में सहयोग पर जोर दिया।

### बड़े सुधारों से रूबरू कराया...

पर भी जोर देते हुए उसके लिए एकल डिजिटल विंडो की व्यवस्था की है। भारत ने रक्षा, अंतरिक्ष जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को निजी क्षेत्र के लिए खोल दिया है। अब हम इसमें परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को भी शामिल करने जा रहे हैं। सुधारों के पीछे का उद्देश्य विकसित भारत बनाने का है। हमारी प्रतिबद्धता, रणनीति और दृढ़ विश्वास है, जिसे दुनिया ने पहचानने के साथ ही सराहा भी है। आज दुनिया भारत को न केवल देख रही है। बल्कि उसका आकलन भी करती है।

### जापान में हुआ पीएम का...

सांस्कृतिक जड़ों को संरक्षित करने की इनकी प्रतिबद्धता सही मायनों में सराहनीय है। पीएम ने आगे लिखा कि भारत और जापान अपने विकासात्मक सहयोग को मजबूत कर रहे हैं। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह जापान यात्रा 29 से 30 अगस्त तक होगी। जिसके बाद 31 अगस्त से वह एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा करेंगे।

**पीएम को भेंट की दारुमा गुड़िया** : वहीं, ताकासाकी गुन्मा स्थित शोरिनजन दारुमा मंदिर के मुख्य पुजारी सेशी हिरोसे ने पीएम मोदी को एक दारुमा गुड़िया भेंट की। यह विशेष भाव भारत और जापान के बीच घनिष्ठ सभ्यताकालीन और आध्यात्मिक संबंधों की पुष्टि का प्रमाण प्रस्तुत करता है। दरअसल जापानी संस्कृति में दारुमा गुड़िया को शुभ और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। गुन्मा में ताकासाकी शहर प्रसिद्ध दारुमा गुड़िया का जन्मस्थान है। जापान में दारुमा परंपरा बोधिधर्म की विरासत पर आधारित है। जो कांचीपुरम के एक भारतीय भिक्षु थे। जापान में उन्हें दारुमा दाइशी के नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि वह यहां एक हजार साल से भी पहले आए थे।

### भू-राजनीतिक...

भारत उभर रहा है और इसे कोई रोक नहीं सकता। भारत पहले ही दुनिया की शीर्ष चार अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की जीडीपी सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में सबसे तेजी से बढ़ रही है। भारत को दुनिया के मॉडल की नकल करने की जरूरत नहीं है। हमारे पास अपना विजन है। हमारे पास अपना इंडिया फर्स्ट मॉडल बनाने की क्षमता है। डीप टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके हमारा मॉडल भारत की सुरक्षा को मजबूत करेगा। लोगों के जीवन को बेहतर बनाएगा और पर्यावरण की रक्षा करेगा।

### वाहन, सारथी...

और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने इस महीने की शुरुआत में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नेशनल ट्रांसपोर्ट रिपॉजिटरी से डेटा साझा करने की नीति भेजी। इस रिपॉजिटरी में वाहन, सारथी, ई-चालान, ई-डार, इलेक्ट्रॉनिक एक्सीडेंट रिपोर्ट और नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन फास्टैग जैसे प्लेटफॉर्म से डेटा लिया जाता है। इसमें 39 करोड़ से ज्यादा वाहनों और 22 करोड़ से अधिक ड्राइविंग लाइसेंस का रिकॉर्ड मौजूद है। इस लिहाज से यह देश का सबसे बड़ा सरकारी डेटाबेस माना जा सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट का केंद्र...

मेहता ने बंगाल प्रवासी कल्याण बोर्ड द्वारा दायर याचिका पर आपत्ति जताई। इसमें बांग्लादेशी नागरिक होने के संदेह में बांग्ला भाषी प्रवासी कामगारों को हिरासत में लेने का आरोप लगाया गया था। मेहता ने कहा कि कोई भी पीड़ित पक्ष अदालत में मौजूद नहीं है। हमें पता है कि कुछ राज्य सरकारें कैसे अवैध प्रवासियों पर फलती-फूलती हैं। जनसांख्यिकीय परिवर्तन एक गंभीर मुद्दा बन गया है।

### शिवराज ने किसानों, ...

किसानों, पशुपालकों की जिंदगी आसान बनाना है, आय बढ़ाना है तो केवल खेत से या फूड ग्रेन, व्हीट, राइज, शुगरकेन, एक-दो क्रॉप से काम नहीं चलेगा, हमें इंटीग्रेटेड फॉर्मिंग करनी पड़ेगी। हम न केवल फूड ग्रेन पैदा करें, हम राइस भी पैदा करें। यहां दालें होती हैं, तुअर, अरहर, हम पल्सेस, ऑयल सीड्स पैदा करें, साथ-साथ फूड वेजिटेबल, फूलों, फलों, सब्जियों, औषधि की खेती करें और पशुपालन पर भी ध्यान दें। पशुपालन में सबसे बड़ी दिक्कत आती है बीमारियों की, अब इस संकट से हमें फार्मर्स को बचाना पड़ेगा और इसलिए जरूरी है कि समय रहते बीमारियों का पता लग जाए, एक बार बीमारी फैल गई तो कंट्रोल करना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा कि अब डेटा एनालिसिस करके संभावना ढूंढ लेते हैं कि कौन-सी परिस्थितियों में कौन-सी बीमारी आ सकती है, उसकी सूचना राज्य सरकारों को देते हैं ताकि पहले से ही वैक्सीनेशन करके उस बीमारी से पशुओं का बचाने का इंतजाम कर लिया जाएं। 72 से 90-95% तक यह जो फोरकस्ट करते हैं, वो लगभग सही होता है, इसका फायदा होता है कि राज्य सरकार एक्टिव हो और वैक्सीनेशन का काम शुरू कर दे, वैक्सीनेशन अगर हो जाता है तो जान बच जाती है, बीमारी फैल नहीं पाती। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि संस्थान के प्रयत्नों से और भारत सरकार के इनिशिएटिव से जो वैक्सीनेशन का काम हुआ है उसने खुरपका, मुंहपका जैसी बीमारियों को काफी हद तक नियंत्रित किया है।

### लोक सभा अध्यक्ष ने...

बिरला ने कहा कि समितियां संसदीय लोकतंत्र का मुख्य आधार हैं। सदन में चर्चा पर हावी होने वाली राजनीतिक बाध्यताओं के विपरीत, समितियाँ दलगत राजनीति से ऊपर उठाकर मुद्दों की विस्तार से जाँच करती हैं और आम सहमति पर आधारित सिफ़ारिशें करती हैं।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन...

**ये सुविधाएँ उपलब्ध होंगी** : 22 टिकट काउंटर, 2 शौचालय ब्लॉक, जन संबोधन प्रणाली, सूचना के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड, एआई आधारित निगरानी कैमरे, सामान स्कैनर, यात्रियों के मार्गदर्शन के लिए साइनेज, मेट्रो कनेक्टिविटी से एकीकृत

**त्योहारी सीजन में चलेंगी 12 हजार अतिरिक्त ट्रेनें** : त्योहारों का मौसम शुरू होते ही रेल यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जाती है। इसी बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा के लिए हजारों विशेष ट्रेन सेवाओं के संचालन का फैसला लिया है। बिहार जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए ही 12000 से अधिक ट्रेनों को चलाने की योजना बनाई जा चुकी है। जिन ट्रेनों के संचालन की योजना बन चुकी है उनका नोटिफिकेशन भी अब जारी किया जाना प्रारंभ हो चुका है । 21 सितंबर से 30 नवंबर 2025 तक कुल 150 पूजा स्पेशल ट्रेनों का संचालन संबंधी अधिसूचना जारी कर दी गई है जिनके माध्यम से कुल 2024 अतिरिक्त फेरे (ट्रिप्स) सुनिश्चित किए जाएंगे। भारतीय रेल द्वारा यह निर्णय त्योहारों के अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने और उन्हें अपने प्रियजनों के साथ उत्सव मनाने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। विशेष रूप से उत्तर भारत, पूर्वी भारत और दक्षिण भारत के बड़े स्टेशनों से चलने वाली इन ट्रेनों से महानगरों और ग्रामीण इलाकों के बीच बेहतर संपर्क सुनिश्चित किया गया है।

### 48 पूजा स्पेशल ट्रेनें चलेंगी...

प्रयागराज, कानपुर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से बिलासपुर, रायपुर और पश्चिम मध्य रेलवे से भोपाल, कोटा जैसे स्टेशनों को जोड़ते हुए विशेष ट्रेनें संचालित की जाएंगी। स्पेशल ट्रेनों की सूची, समय सारणी, रूट और ठहराव की विस्तृत जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट, आईआरटीसीटी और नजदीकी रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध है। रेलवे यात्रियों से अपील करता है कि वे इन विशेष ट्रेनों में यात्रा करने के लिए अग्रिम बुकिंग कराएं और अपने टिकट की पुष्टि सुनिश्चित करें। साथ ही यात्रियों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि सफर के दौरान रेल मंत्रालय द्वारा जारी सुरक्षा और स्वच्छता से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## अधिकारियों को दी मेला व्यवस्था की जानकारी

# वन-वे रास्ते से ही श्रद्धालुओं को कराए जाएंगे राधारानी के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मथुरा

30 और 31 अगस्त को बरसाना में विश्व प्रसिद्ध श्री लाड़ली जी मंदिर में आयोजित श्री राधाष्टमी पर्व को लेकर डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने सभी अधिकारियों की ब्रीफिंग कर मेले के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ब्रीफिंग में अधिकारियों ने बताया कि श्रीराधाष्टमी मेले में इस बार वन-वे रास्ते से ही श्रद्धालुओं को दर्शन कराए जाएंगे। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को जगह जगह रोककर टुकड़ियों में मंदिर दर्शन के लिए भेजा जाएगा। पिछले सालों की कमियों को ध्यान में रखते हुए इस बार सुधार किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि राधाष्टमी मेले में एकल मार्ग की व्यवस्था रहेगी। सीढ़ियों के रास्ते श्रद्धालु दर्शन करते हुए गाड़ियों वाले रास्ते से नीचे उतारे जाएंगे। वन-वे रास्ते को सुचारू रखना प्राथमिकता रहेगी। मंदिर के अंदर बैरिकेडिंग लगाकर व्यवस्था कराई जाती है। सबसे यही अपील है कि धैर्य के साथ दर्शन करें। थोड़ी अवधि के लिए मंदिर बंद रहेगा। श्रृंगार आरती के बाद निरंतर दर्शन होते रहेंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने ब्रीफिंग में सभी अधिकारियों से मधुरता से ड्यूटी करने के लिए कहा।

## प्रयागराज में 11वीं के छात्र की बलि

# शव के आठ टुकड़े करके अलग-अलग स्थानों पर फेंके

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



यहां 11वीं के छात्र की बलि चढ़ा दी गई है। यही नहीं, चापड़ और आरी से हत्या के बाद शव के आठ टुकड़े कर अलग अलग स्थानों पर फेंक दिए गए। पुलिस छात्र का सिर और धड़ बरामद कर लिया है। शेष भाग की तलाश जारी है। आशंका है कि कुछ हिस्से यमुना नदी में फेंक दिया था। यह सब अंधविश्वास और तांत्रिक के कहने पर किया गया। शहर के बीच हुई वारदात से सनसनी है। ताज्जुब की बात तो यह कि छात्र की बलि किसी और ने नहीं बल्कि रिश्ते में दादा लगने वाले शख्स ने चढ़ाई।

सरियापुर का सरन सिंह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। उसके छह बच्चों में दो बेटियों की शादी हो चुकी हैं। छोटी बेटी मोहिनी सिंह ने अगस्त 2023 में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। एक साल बाद अगस्त 2024 में बेटे सागर सिंह ने यमुना में कूदकर कर जान दे दी थी। दो साल के अंतराल में दो बच्चों की मौत से सरन सिंह काफी परेशान था। वह सदियापुर का पुश्तैनी मकान छोड़कर कल्याणी देवी में बने नए मकान में परिवार के साथ रहने लगा था। उसने किसी तांत्रिक से संपर्क किया, तो उसे परिवार की ग्रहदशा दूर करने के लिए बलि देने की सलाह दी थी।




# तमन्ना-डायना की सीरीज डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी की सीरीज डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर मेकर्स ने जारी किया है। ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे दो महिलाएं शिखा और अनाहिता अपने नए बिजनेस को शुरू करती हैं। इसमें उन्हें धैर्य और संघर्ष को बेहद ही शानदार ढंग से दिखाने का प्रयास किया जाता है। ट्रेलर में कॉमेडी भी देखने को मिलती है। इस सीरीज को युवाओं पर फोकस किया गया है, जो दर्शकों को प्रेरणा देने का काम भी कर सकती है। कोलिन डी कुन्हा और अर्चित कुमार द्वारा निर्देशित सीरीज डू यू वाना पार्टनर 12 सितंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वहीं, इस सीरीज को मिथुन गोंगोपाध्याय और निशांत नायक द्वारा निर्मित किया गया है।

लाइफ Style


# साई धनशिका

## 12 साल बड़े स्टार से की सगाई

स्टार विशाल ने साई धनशिका के साथ अपने रिश्ते का खुलासा इस साल मई में किया था। उन्होंने जल्द शादी करने की बात कुबूल थी। जब से इस बात का पता चला था कि दोनों रिलेशनशिप में हैं, तभी से ही उनके फैंस दोनों की शादी का इंतजार कर रहे थे। कपल ने अब अपनी सगाई की तस्वीरें शेयर करके फैंस को खुशखबरी दी है। इसे लेकर विशाल के फैंस काफी खुश हैं। वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें बधाई देते दिख रहे हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

धनशिका से विशाल 12 साल बड़े हैं। एक्टर ने सगाई की तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, 'दुनिया के कोने-कोने से लोग मुझे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शुभकामनाएं और आशीर्वाद दे रहे हैं। इसके लिए आप सभी करीबियों का धन्यवाद. आज मुझे साई धनशिका के साथ हुई सगाई के बारे में आपको बताते हुए बहुत खुशी हो रही है। हमेशा की तरह आपके आशीर्वाद की कामना करता हूं।' तस्वीरों में विशाल और धनशिका के साथ ही उनका परिवार भी दिख रहा है। विशाल ने इनमें अपनी अंगूठी की फोटो भी शेयर की है। जब दोनों ने अपने रिश्ते का खुलासा किया था, तब साई धनशिका ने कहा था कि वो विशाल को 15 साल से जानती हैं। उनके मुताबिक, मुश्किल हालातों में विशाल ने उनका साथ दिया. वहीं विशाल ने कहा था कि साई को पार्टनर के रूप में पाकर वो बहुत खुश हैं और ईश्वर को इसके लिए धन्यवाद देते हैं। विशाल और साई धनशिका फिलहाल शादी की तारीख का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही दोनों शादी करेंगे। बताया जा रहा है कि सगाई की तरह इसमें भी करीबी रिश्तेदार ही शामिल होंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो विशाल अपनी 35वीं फिल्म मगुडम पर काम कर रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला



# ओल्ड टाउन रोड से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** अटलांटा के 26 वर्षीय रैपर और गायक लिल नैस एक्स को 2018 के अपने सबसे प्रसिद्ध एल्बम 'ओल्ड टाउन रोड' के लिए जाना जाता है। यह गाना दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया था। इसके अलावा रैपर को साल 2021 में आए मोंटेरो एल्बम के लिए ग्रैमी पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया था। लिल नैस एक्स रैपर लिल नैस एक्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, पिछले चार दिन बहुत डरावने रहे हैं।




# मरने से पहले अपने हर बच्चे के नाम छोड़ गया 244 करोड़ रुपए

**लॉस एंजिल्स।** शायद ही दुनिया में कभी ऐसा पॉप स्टार होगा, जिसके मरने पर पूरी दुनिया ने आंसू बहाए और इसकी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए लकी टिकट निकाले गए थे। इसकी अंतिम यात्रा को स्ट्रीम किया गया, तो उसे दुनियाभर के 300 करोड़ लोगों ने देखा था। यही नहीं, मरने के 70 दिन बाद इसे दफनाया गया था और वह भी रहस्यमय तरीके से। और तो और इस पॉप स्टार ने मरने के बाद कई रिकॉर्ड बनाए थे। इसके नाम पर एक-दो नहीं, बल्कि 39 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं। बताया जाता है कि मौत के बाद इस पॉप स्टार की 17,110 करोड़ रुपए कमाई हुई। यह अपने हर बच्चे के नाम 244 करोड़ और बाकी प्रॉपर्टी में हिस्सा छोड़ गया था। यह थे माइकल जैक्सन, जिन्हें दुनिया 'किंग ऑफ पॉप' भी कहती थी। वह दुनिया के सबसे बेहतरीन सिंगर थे। आवाज के अलावा वह अपने गानों, डांसिंग स्टाइल और मून वॉक के लिए मशहूर थे।



# सनी संस्कारी ...में बाहुबली अवतार में दिखे वरुण!


**मुंबई।** एक्टर वरुण धवन और जान्हवी कपूर की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के मेकर्स ने शुक्रवार को टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें कॉमेडी और रोमांस का शानदार तड़का देखने को मिल रहा है। धर्मा प्रोडक्शन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर टीजर रिलीज किया और कैप्शन में लिखा, 'चार लोग, दो दिल तोड़ने वाले, एक शादी। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी'का टीजर रिलीज हो गया है। यह 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' 1 मिनट के टीजर की शुरुआत वरुण धवन के मस्ती भरे अंदाज से होती है, जहां वह बाहुबली अवतार में नजर आते हैं। वरुण मजेदार अंदाज में पूछते हैं, 'मैं बाहुबली लग रहा हूं ना?' जवाब में एक किरदार कहता है, 'रणवीर सिंह की धोती में प्रभास का पौधा लग रहा है!




# कमजोर कहानी को न परम संभाल पाए न ही सुंदरी

**नई दिल्ली।** सिद्धार्थ मल्होत्रा, जाह्नवी कपूर, मनजोत सिंह और संजय कपूर स्टारर फिल्म परम सुंदरी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। परम सुंदरी की कहानी कमजोर निकली, कुछ भी नयापन देखने को नहीं मिला। फिल्म की कहानी एक नॉर्थ इंडियन लड़के परम सचदेव (सिद्धार्थ मल्होत्रा) और एक साउथ इंडियन लड़की थेक्कापट्टू सुंदरी दामोदरम पिल्लई (जाह्नवी कपूर) पर आधारित है। फिल्म में न तो कोई बेहतरीन लव स्टोरी है और न ही कोई कॉमेडी जो इसे मनोरंजक बना सके। फिल्म में जाह्नवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा को कई बार ओवरएक्टिंग करते देखा। जाह्नवी फिल्म में जिस तरह के रोल में थीं, उस पर खरी नहीं उतर पाईं। उन्हें अभी भी काफी मेहनत करने की जरूरत है।

टीवी मसाला



# अनुपमा सिंहासन पर काबिज, पिछली बार से तुलसी की बेहतर हुई स्थिति

**नई दिल्ली।** 33वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट सामने आ चुकी है। पिछले बार के मुकाबले लिस्ट में बड़ा उलट-फेर नहीं हुआ है। सीरियल अनुपमा अपनी जगह पर काबिज है। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने अपनी कंडीशन को कुछ बेहतर किया है। रुपाली गांगुली स्टारर सीरियल अनुपमा कई साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है, साथ ही टीआरपी लिस्ट में हमेशा टॉप फाइव में बना रहता है। 33 हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसे 2.3 की टीआरपी मिली है और यह पहले नंबर पर काबिज है। पिछले हफ्ते भी यह सीरियल टॉप पर बना हुआ था। सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' 2.0 की टीआरपी के साथ दूसरे नंबर पर है। वहीं, तीसरे नंबर पर स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' है, इसे 1.9 की टीआरपी मिली है। पिछले हफ्ते यह शो चौथे नंबर पर था। लगभग 17 साल से टीवी पर दर्शकों को अपनी कॉमेडी से हंसा रहा सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर है। पांचवें नंबर पर शरद केलकर स्टारर सीरियल 'तुम से तुम तक' शामिल हुआ है।

# अमिताभ ने याद किया विराट का इमोशनल पल

**नई दिल्ली।** सोनी टीवी का क्विज रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति लंबे वक्त से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो में अमिताभ बच्चन कई अलग-अलग किस्से और अपने विचारल फैंस के साथ शेयर करते हैं। अब शो के लेटेस्ट एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने विराट कोहली के उस इमोशनल पल को याद किया जब आईपीएल में उनकी टीम को जीत मिली थी। अमिताभ बच्चन ने कहा कि जब सालों की मेहनत के बाद व्यक्ति को जीत मिलती है तो आदमी हिल जाता है। कौन बनेगा करोड़पित 17 के लेटेस्ट एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने सामने बैठे कंटेस्टेंट से क्रिकेट से जुड़ा सवाल पूछा। सवाल था- 2025 में, अपने करियर में किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए 9000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज कौन बने? सवाल के जवाब में कंटेस्टेंट ने तुरंत विराट कोहली का नाम लिया, जो एक सही जवाब था। इसके बाद अमिताभ बच्चन ने विराट कोहली के एक इमोशनल पल को याद करते हुए क्रिकेटर की तारीफ की। अमिताभ बच्चन ने कहा, 'विराट कोहली अपने कॅरियर में सिर्फ आरसीबी के लिए खेले हैं और ये कभी जीत नहीं पाए थे। वो दृश्य देखा होगा आपने जब वो जीते थे। इतना भावुक हो जाता है इंसान, इतना बड़ा क्रिकेटर। विश्वभर में जिसका नाम हो।




# बंधनों को तोड़कर कश्मीर से उठी सुरों की इबादत



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सबा आजाद और सोनी राजदान स्टारर फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइज' ओटीटी पर शुक्रवार को रिलीज हो गई है। कहते हैं, एक सच्चे कलाकार की कला हर धर्म, जाति, पंथ और लिंग की सीमाओं से ऊपर उठकर सिर्फ इंसानियत और भावनाओं की जुबान बोलती है। उसकी कला को समाज की बेड़ियां जकड़ नहीं सकतीं। दूसरे शब्दों में कहें तो एक कलाकार को कैद किया जा सकता है लेकिन उसकी कला को नहीं। अभिनेत्री सबा आजाद और सोनी राजदान की फिल्म 'सॉन्स ऑफ पैराडाइड' इसी सच को बयां करती है। कश्मीर की एक साधारण सी लड़की जो सपने तो देखती है मगर उन्हें पूरा करने की उसे अनुमति नहीं है। क्यों? क्योंकि वो एक लड़की है, जिसे शादी करके अपने शौहर के घर जाना है। कहने को तो 'आजाद भारत' में साल 1954 की बात है, लेकिन आजादी का असली मतलब क्या है, ये शायद किसी को नहीं पता। ये कहानी है साधारण सी लड़की 'जेबा' की, जो आगे चलकर कश्मीर की 'नूर बेगम' बनती हैं। फिल्म में सबा आजाद ने जेबा का किरदार निभाया है, जिनकी मासूमियत स्क्रीन पर देखते ही बनती है। सबा ने अपने किरदार के साथ जस्टिस करने की पूरी कोशिश की है और इसके लिए उन्हें पूरे नंबर दिए जाने चाहिए। वहीं, मौजूदा वक्त में जेबा यानी नूर बेगम का किरदार दिग्गज अभिनेत्री सोनी राजदान ने निभाया है। सोनी राजदान ने अपने अभिनय का पूरा अनुभव फिल्म में झोंक दिया है। सबसे बड़ी चुनौती जो इन अभिनेत्रियों के सामने थी वो था कश्मीरी एक्सेंट को अपनाने की, जिसके लिए इनकी तारीफ जरूर करनी चाहिए। जेबा की अम्मी के रोल में शिबा चड्ढा नजर आ रही हैं, वहीं आजाद साहब का रोल जैन खान दुर्रानी ने निभाया है। एक्टिंग के मामले में फिल्म में कहीं पर भी कोई खामी नजर नहीं आती। हर एक किरदार अपने-अपने प्लॉट के हिसाब पूरी तरह खरा उतरता है।

## जय गणपति . . गणनायक...




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन गुरुवार को मुंबई स्थित अपने आवास पर 'गणेश चतुर्थी' उत्सव के दौरान।

## जापान के कोबे शहर में हुई थी सायोनारा गाने की शूटिंग

# तब 16 साल के थे पीएम मोदी, जब सायोनारा की थी भारत में गूंज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

करीब 59 साल पहले आई फिल्म लव इन टोक्यो को इस वक्त याद करना तो बनता है। इस वक्त जहां भारत के प्रधानमंत्री इस वक्त जापान के टोक्यो में हैं और ये फिल्म उनके टीनेज के दिनों की है। पीएम मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। आज हम यहां उस फिल्म को याद करने जा रहे हैं जो जापान से जुड़ा है और जब ये फिल्म रिलीज हुई थी तो पीएम मोदी करीब 16 साल के रहे होंगे। अपने युवा दौर में यकीनन उन्होंने भी इस फिल्म और इसके फेमस गाने 'सायोनारा' का लुत्फ जरूर उठाया होगा। आज हम इसी 'सायोनारा' की कहानी सुनाने जा रहे हैं। 'सायोनारा' गाना फिल्माया गया था आशा पारेख पर, जिनकी खूबसूरती ने इसमें चार चांद लगा दिया था। इसमें आवाज दी थी लता मंगेशकर ने, जिनकी आवाज आज भी हर किसी के दिलों में जवां है।



### लव इन टोक्यो को खूब मिली सफलता

'लव इन टोक्यो' बताती है कि उन्हें इतनी सफलता क्यों मिली। ये फिल्म बेहतरीन और आकर्षक होने के साथ-साथ नैतिक रूप से भी ईमानदार रही जिसने दर्शकों को बीच-बीच में मुस्कुराने, इमोशनल करने और खिलखिलाने पर मजबूर किया। वैसे तो इस फिल्म में कई गाने थे, जिसमें 'ले गई दिल गुड़िया जापान की' और 'सायोनारा सायोनारा' भी शामिल हैं। 'सायोनारा' ने अधिक पॉप्युलैरिटी बटोरी जिसकी वजह शायद ये शब्द 'सायोनारा' था। गाने में आवाज दी थी स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने, लेकिन इसे लिखा था हसरत जयपुरी ने। संगीत शंकर जयकिशन का था। बताया जाता है कि 'सायोनारा' की शूटिंग जापान के कोबे शहर में हुई लेकिन जापानी दृश्यों को क्योटो में फिल्माया गया था। फिल्म में क्योटो के कुछ रियल लोकेशन थे।

### उस दौर में रेडियो पर लोगों ने इस गाने को खूब सुना

*आशा पारेख और जॉय मुखर्जी की लीड रोल वाली ये फिल्म 'लव इन टोक्यो' ऐसी ही फिल्म थी, जो प्यारी और मनोरंजक थी। 1960 के दशक में कई फिल्में आईं जिसने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी और लोगों की यादों में हमेशा के लिए रह गई। उन्ही दिनों साल 1966 में रिलीज हुई 'लव इन टोक्यो' जिसका गाना 'सायोनारा' अपने रोमांटिक अंदाज, जापान के अद्भुत लोकेशन और दिल को छू लेने वाले धुनों का ऐसा मेल था जिसे देखने वालों ने ही नहीं बल्कि सुनने वालों ने भी खूब प्यार दिया।*

### लव इन टोक्यो की कहानी

लव इन टोक्यो' की कहानी टोक्यो, जापान के बैकग्राउंड पर सेट है, जहां अशोक यानी (जॉय मुखर्जी) अपने भतीजे चिक्कू को भारत से लाने के लिए जापा पहुंचता है। दरअसल गायत्री देवी (ललिता पवार) अपने बेटे अशोक को जापान भेजती है ताकि उसका पोता उसके पास आ जाए। गायत्री देवी का एक बड़ा बेटा था, जिसने उसके आशीर्वाद के बिना जापानी मूल की लड़की से शादी की थी। वह चाहती है कि अशोक सरिता से शादी कर ले, लेकिन अशोक सरिता में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाता है। उधर जापान पहुंचने के बाद अशोक आशा (आशा पारेख) से मिलता है और दोनों में प्यार हो जाता है। वहीं ,अब आशा के चाचा चाहते हैं कि आशा प्राण (प्राण) से शादी कर ले, लेकिन आशा को वो पसंद नहीं और फाइनली वो अशोक के साथ भाग जाती है।

### आशा पारेख कब गाती हैं सायोनारा

इसी फिल्म मे जब अशोक आशा (आशा पारेख) से मिलता है तो दोनों की लव स्टोरी शुरू होती है। आशा एक सिख लड़के और फिर चिजुरु (चिक्कू की कथित मौसी) के भेष में अशोक से मिलती है। इस फिल्म में दोनों के बीच फिल्माया गाना 'सायोनारा सायोनारा' उसी सीन में आता है। जब आशा, चिजुरु के रूप में, अशोक के साथ रोमांटिक अंदाज में छेड़खानी करती है और वादा करती है कि वह फिर मिलेगी। 'सायोनारा' एक जापानी शब्द है जिसका मतलब अलविदा है। हालांकि फिल्म के गाने 'सायोनारा सायोनारा, वादा निभाऊंगी सायोनारा, इठलाती और बलखाती, कल फिर आऊंगी सायोनारा' में इस शब्द का इस्तेमाल एक चंचल और रोमांटिक विदाई की तरफ इशारा करता है जिसमें फिर मुलाकात का इशारा है। ये फिल्म के टोक्यो सेटिंग के साथ मेल खाता है।

# ग्वालियर की दो दिवसीय 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव' पर्यटन को देगी नई दिशा

## 'टाइमलेस ग्वालियर: इकोज ऑफ कल्चर, स्पिरिट ऑफ लेगेसी' थीम पर केंद्रित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ग्वालियर-चंबल एवं सागर क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचानते हुए प्रदेश में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्वालियर में 29 अगस्त से दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। 'टाइमलेस ग्वालियरः इकोज ऑफ कल्चर, स्पिरिट ऑफ लेगेसी' थीम पर केंद्रित कॉन्क्लेव पर्यटन निवेश, सांस्कृतिक धरोहर, अनुभवात्मक पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि ग्वालियर की दो दिवसीय 'रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव' पर्यटन को नई दिशा देगी। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 11 से 13 अक्टूबर तक भोपाल में मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट का आयोजन किया जाएगा।

**निवेशक, पर्यटन व्यवसायी, टूर ऑपरेटर्स, होटल इंडस्ट्री के हितधारक होंगे शामिल**

**11 से 13 अक्टूबर तक भोपाल में मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट का किया जाएगा**



### नई परियोजनाओं का होगा शुभारंभ

कॉन्क्लेव में नई परियोजनाओं की शुरुआत भी होगी। इनमें हस्तशिल्पों की मार्केटिंग में संस्था डेलबर्टो महत्वपूर्ण साझेदारी होगी। इस साझेदारी से हस्तशिल्प प्रेमी एक विशेष ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म के जरिए सीधे हमारे कारीगरों से जुड़कर उनके द्वारा तैयार किए गए उत्कृष्ट और प्रामाणिक उत्पाद घर बैठे ही खरीद सकेंगे। इंडिगो और आगा खां फाउंडेशन के सहयोग से सीएसआर के अंतर्गत ग्वालियर किले में संरक्षण, लैंडस्केपिंग और इल्युमिनेशन कार्यों का शिलान्यास होगा। स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत ग्वालियर के फूल बाग में अनुभवात्मक पर्यटन परियोजनाओं का शिलान्यास होगा। साथ ही मान सिंह तोमर म्यूजिक यूनिवर्सिटी में विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा।

### पर्यटन को गति देने के लिए होंगे कई अहम करार

कॉन्क्लेव में पर्यटन विकास को गति देने के लिए कई अहम करार होंगे। होटल, रिसोर्ट, वेलनेस और ईको-टूरिज्म क्षेत्र के निवेशकों को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किए जाएंगे। पारंपरिक संगीतज्ञों, लोक कलाकारों और पर्यटक ग्रामों के कलाकारों की क्षमता निर्माण के लिए ग्वालियर की मान सिंह तोमर यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू होगा। इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और प्रचार-प्रसार के लिए याप डिजिटल, क्रायोन्स एडवरटाइजिंग, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड, कॉन्सेप्ट कम्युनिकेशन्स के साथ अनुबंध होंगे। इन समझौतों से न केवल निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय समुदाय और कलाकार भी प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।

### सांस्कृतिक संध्या में दिखेगा मध्य प्रदेश का गौरव

रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के प्रथम दिवस सांस्कृतिक संध्या में मध्यप्रदेश का गौरव देखने को मिलेगा। इस दौरान कलाकारों द्वारा लोककला की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी प्रकार मैहर बैंड समां बांधेगा। इस कॉन्क्लेव में विशेष पर्यटन प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मध्यप्रदेश के विविध पर्यटन स्थलों, पर्यटन इकाइयों, होस्पिटैलिटी ब्रांड्स, होमस्टे, रिसॉर्ट्स, हैंडलूम, हैंडिक्राफ्ट, साहसिक गतिविधियों और सांस्कृतिक धरोहरों को समर्पित स्टॉल लगाए जाएंगे। यह प्रदर्शनी निवेशकों, ट्रैवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स, स्थानीय उद्यमियों और आगंतुकों को एक मंच पर लाकर पर्यटन क्षेत्र में संभावनाओं को प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत करने का अवसर देगी।

### टूरिज्म कॉन्क्लेव में होंगे दो महत्वपूर्ण सत्र

*रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में दो महत्वपूर्ण सत्र होंगे। 'टूरिज्म ऐज अ कल्चरल ब्रिज-ब्रांडिंग ग्वालियर एंड हार्टलैंड ऑफ एमपी' विषय पर पैनल डिस्कशन होगा, जिसमें ग्वालियर की सांस्कृतिक धरोहर, शास्त्रीय संगीत और स्थापत्य कला को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की रणनीतियों पर विचार होगा। दूसरा पैनल डिस्कशन 'ग्वालियर एंड चंबल राइजिंग-इनबाउंड अपील थ्रू हेरिटेज, लग्जरी एंड एक्सपीरियंस' विषय पर केंद्रित होगा, जिसमें विरासत, लग्जरी स्टे, डेस्टिनेशन वेडिंग और अनुभवात्मक पर्यटन जैसे नए आयामों पर संवाद होगा। कॉन्क्लेव में ट्रैवल ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायियों और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के बीच द्विपक्षीय संवाद और पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी।*

### इंफ्लुएंसर्स मीट होगी, जानेंगे समृद्ध विरासत

*कॉन्क्लेव में इंफ्लुएंसर्स मीट भी होगी। इसमें ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के इंफ्लुएंसर्स शामिल होंगे और उन्हें अभिनेता फैसल मलिक के साथ रूबरू होने का अवसर मिलेगा। इसी तरह ग्वालियर किले पर 30 एवं 31 अगस्त को सुबह 6:30 बजे से योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। चयनित अतिथियों एवं प्रतिनिधियों के लिए फैमिलियाराइजेशन टूर का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य ग्वालियर एवं आसपास के पर्यटन स्थलों की संभावनाओं से प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है। इस विशेष भ्रमण के माध्यम से प्रतिनिधियों को क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक महत्व आदि का अनुभव कराया जाएगा, जिससे वे निवेश, प्रचार-प्रसार और*

---

## राशि स्वीकृत पर चीफ इंजीनियर नहीं होने से काम अटकने का आरोप

# 50 साल पुराना जीएमसी का हॉस्टल बदहाल टपक रही छत, टूट रहे पिलर, मरम्मत की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लगातार हो रही बारिश से एक तरफ जहां लोगों को हाल बेहाल हो रहे हैं वहीं गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के हॉस्टल भी बदहाल हो रहे हैं। यहां की छतें टपक रही हैं तो पिलर में दरारें पड़ रही हैं। हॉस्टल की दीवारों और छतों से प्लास्टर तक गिर रहा है। इससे भी ज्यादा चिंता की बात है कि कॉलेज के 500 से ज्यादा मेडिकल छात्र यहां रहने को मजबूर हैं। मालूम हो कि जीएमसी के हॉस्टल 50 साल से ज्यादा पुराने हैं। हॉस्टल के सात ब्लॉक में से एफ ब्लॉक (गर्ल्स हॉस्टल) नया बन चुका है।

इन छात्रों का आरोप है कि वे कई बार संस्थान को पत्र लिख चुके हैं लेकिन रिनोवेशन नहीं हो रहा। छात्रों की स्थिति को देखते हुए अब कॉलेज प्रबंधन से रेनोवेशन के लिए 3.5 करोड़ रुपए की मांग की। बताया जा रहा है कि बीते सप्ताह राशि स्वीकृत भी हो गई, लेकिन इसी बीच चीफ इंजीनियर रिटायर हो गए और प्रोजेक्ट ठप पड़ गया।

### नए चीफ इंजीनियर की नियुक्ति की प्रक्रिया

*जानकारी के मुताबिक जब तक चीफ इंजीनियर की नियुक्ति नहीं होती रिनोवेशन का काम शुरू नहीं हो सकता। अब तक नए चीफ इंजीनियर की नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हुई। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं तक नई नियुक्ति में दो से तीन महीने का समय लगेगा। ऐसे में छात्रों को बारिश के महीने में इन परिस्थितियों में ही रहना होगा।*



### हॉस्टल की प्रमुख समस्याएं

- साफ-सफाई का अभाव, गंदे कमरे और शौचालय
- दरकी दीवारें, सीलन, लीकेज और खराब फर्नीचर
- जर्जर ढांचा, 50 साल से भी पुराना स्ट्रक्चर
- बिजली की खराब वायरिंग, हादसे का खतरा
- मच्छर व गंदगी से डेंगू-मलेरिया का डर
- सुरक्षा व्यवस्था कमजोर, बाहरी लोगों की आवाजाही

### 50 साल पुराना हॉस्टल अब रहने लायक नहीं

जीएमसी हॉस्टल 50 साल पुराने और बेहद जर्जर हो चुके हैं। यहां रहना मुश्किल है, लेकिन विकल्प न होने से छात्र मजबूर हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। पीजी सीटें बढ़ने के बाद नए हॉस्टल की भी सख्त जरूरत है। जीएमसी का छात्रावास अब रहने लायक नहीं बचा है। कभी हादसा हो सकता है।

**डॉ. कुलदीप गुप्ता, अध्यक्ष, जूडा**

### बारिश के बाद शुरू होगा कार्य

कॉलेज प्रबंधन की ओर से कोई देरी नहीं हुई है। जैसे ही चीफ इंजीनियर की नियुक्ति होगी, रेनोवेशन प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। हालांकि बरसात को देखते हुए अब काम बारिश के बाद ही शुरू करने की योजना है, ताकि काम के बीच कोई व्यवधान न आए।

**डॉ. कविता एन. सिंह, डीन, जीएमसी**

---

## एबीवीपी आज करवाएगा राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता

**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की गुरुग्राम महानगर इकाई मेजर ध्यानचंद जयंती एवं 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के उपलक्ष्य में 30 अगस्त को एक भव्य राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है। यह प्रतियोगिता गुरुग्राम के आरबीएसएम पब्लिक स्कूल, भोंडसी में संपन्न होगी। महानगर मंत्री तरुण शाह ने बताया कि प्रतियोगिता में 20 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाएँ भाग ले सकेंगे। विजेता टीमों को आकर्षक नकद पुरस्कार, मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। शाह ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, टीमवर्क, अनुशासन और शारीरिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा देना है। महानगर अध्यक्ष डॉ. योगिता राघव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा खेल खो-खो संघ के अध्यक्ष एवं भाजपा हरियाणा के प्रमुख प्रवक्ता जवाहर यादव, तथा एबीवीपी के प्रदेश संगठन मंत्री संजय कसवां मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरबीएसएम स्कूल के निदेशक भागीरथ राघव करेंगे। समापन सत्र के मुख्य अतिथि सोहना विधानसभा के विधायक तेजपाल तंवर होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में प्रांत प्रमुख (खेलो भारत) डॉ. आजाद भड़ाना और हरियाणा खेल खो-खो संघ के महासचिव महेंद्र कंबोज शामिल रहेंगे। समापन समारोह की अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्या बिमला राघव करेंगी। इस अवसर पर एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेश फंडन की भी विशेष उपस्थिति रहेगी। डॉ. योगिता राघव ने बताया कि प्रतियोगिता में 27 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें 12 बालिका और 15 बालक टीमें शामिल हैं। प्रतिभागी खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा, मेहनत और टीम भावना का प्रदर्शन करेंगे। डॉ योगिता ने कहा कि एबीवीपी इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ-साथ पारंपरिक भारतीय खेल खो-खो को नई पीढ़ी में लोकप्रिय बनाने का सकारात्मक प्रयास कर रही है। इस प्रतियोगिता से न केवल खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का मंच मिलेगा बल्कि वे राष्ट्रीय स्तर पर भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे। एबीवीपी का मानना है कि खेल केवल जीत-हार का साधन नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजनों से युवाओं का समग्र विकास होगा और वे समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकेंगे।

- प्रतियोगिता में 20 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक व बालिकाएं भाग लेंगे
- विजेता टीमों को नकद पुरस्कार, मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान दिए जाएंगे

---


## THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT

### "E-TENDER NOTICE"

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Purchase of packing and jointing make Champion/Kalinger/spitman. | 2025_HBC_467967_1 |
| 2. | Purchase of different type of M.S, Superbond welding electrodes. | 2025_HBC_467979_1 |
| 3. | Purchase of spares for Hydraulic governor (BURNT) of mill Turbine S.S.-26 Make Europa. | 2025_HBC_467992_1 |
| 4. | Regarding repairing, overhauling and purchase of spares and fitting of feed pump turbo/turbine DOH-17 (AP BELLIS MAKE) | 2025_HBC_467994_1 |
| 5. | Regarding Reconditioning work of Internals Parts of Mill Turbine Reduction Gear Box 1600 HP, Allen berry Make) | 2025_HBC_468000_1 |
| 6. | Purchase of pinion Shaft of gear box of New Allen berry make. 01 no. | 2025_HBC_468006_1 |
| 7. | Regarding Upgrading/Purchase the Electroflux Magnet at Mill House. | 2025_HBC_468011_1 |
| 8. | Insulation and lagging work at various stations of the factory. | 2025_HBC_468016_1 |
| 9. | Dismantling, repairing and fitting of cane cutter assembly by new hubs along with trial and purchase of new hubs. (ECI/AMBA/NAVIN ENTERPRISES MAKE) | 2025_HBC_468032_1 |
| 10. | Replacement of Old dilapidated columns, trusses and purlins in boiling house. | 2025_HBC_468041_1 |
| 11. | Rate contract of boiler fire side chemical Thermact-B (Abhitech Make) | 2025_HBC_468075_1 |
| 12. | Supply of centralized bechem grease for lubricating system at millhouse along with A.M.C. and operation of the entire lubrication system Purchase of Planetary Gear Boxes. | 2025_HBC_468078_1 |
| 13. | Purchase of planetary gear boxes. | 2025_HBC_468082_1 |
| 14. | Rate contract of boilers chemicals for maintaining P.H. and TDS. | 2025_HBC_468084_1 |
| 15. | Regarding Annual Rate Contract for the purchase of various type of nut and bolt i.e. M.S. Nut & bolt, S.S. Nut & Bolt, H.T. Nut & bolt and Stud etc. | 2025_HBC 468100_1 |
| 16. | Regarding Annual Rate Contract of various sizes of valves i.e. C.L. Sluice Valves, Globe Valves, right angle valves, butterfly valves,diaphragm valves, rising and non-rising valves and gunmetal valves/S.S. ball type of valves/angle valves of different sizes etc. | 2025_HBC_468121_1 |
| 17. | Regarding RLA Remaining Life Assessment) of our both boilers as Sr. No.HA 111 & HA-112. | 2025_HBC_468128_1 |
| 18. | Civil Work (Lying of Interlocking Tiles/Paver Blocks | 2025_HBC_468672_1 |
| 19. | Overhauling and A.M.C. of V.F.D. of ABB, Amtech Siemens etc. make along with control panels. | 2025_HBC_468279_1 |
| 20. | Rate Contract of Rewinding the various type electrical motors. | 2025_HBC__468287_1 |
| 21. | Purchase of transmission gear | 2025_HBC__468291_1 |
| 22. | Regarding Supply and Commissioning of automatic power factor panel. | 2025_HBC__468294_1 |
| 23. | Purchase of pump and pump spares. i.e centrifugal pumps, high flow pumps, feed pumps. | 2025_HBC__468305_1 |
| 24. | Purchasing, Overhauling, reconditioning repairing work of vacuum filter 8'*16' and 10'*20' Replacement fitting servicing during off season 2025 | 2025_HBC__468312_1 |
| 25. | Purchase of tube cleaning equipment's of FFE'S Evaporators and Pan etc. | 2025_HBC__468332_1 |
| 26 | Purchase of instrument spares. | 2025_HBC__468335_1 |
| 27. | Purchase of New Electric Motors | 2025_HBC__468347_1 |
| 28. | Purchase Of ACC Sheet | 2025_HBC__468348_1 |
| 29. | Purchase of castable refractory, accoset normal, fire tiles of boiler roof. | 2025_HBC__468547_1 |
| 30. | Labour contract for repair and maintenance of mill gate weighbridge and out cane purchase centre. | 2025_HBC__468359_1 |
| 31 | Transportation of Sugarcane from OCPC | 2025_HBC__468374_1 |
| 32. | Labour contract for loading of sugarcane into trucks at out cane purchase centre. | 2025_HBC__468383_1 |
| 33. | A) Annual Rate contract for te purchase of all type sizes rubber tyres, tyre couplings and gear couplings etc. (hi tech/ Amba make). B) Purchase of various Type Of Rubber Goods. | 2025_HBC__468677_1 |
| 34. | Sale of Molasses. | 2025_HBC__468397_1 |
| 35. | Purchase of General Items | 2025_HBC__468403_1 |
| 36. | Rate Contract of Supply of Oxygen and LPG Gas Cylinders. | 2025_HBC__468578_1 |
| 37. | AMC repairing and calibration of hydraulic governor (Europe Type UG-40 make) of mill turbine S.S. 26 ap Bellies and Purchase of Spares. | 2025_HBC__468647_1 |
| 38 | Purchase of brass screens and supporting liners and SS wire Netting. (make P.P. Goyal, P.S. Goyal, Central Agency. | 2025_HBC__468595_1 |
| 39 | Purchase of Nickle Screen. | 2025_HBC__468590_1 |
| 40 | Purchase of Cane Cutting Knife (ECI MAKE) | 2025_HBC__468644_1 |
| 41 | Purchase of Microprocessor based three load cell. | 2025_HBC__468637_1 |
| 42 | Purchase of spare of power turbine 3 mw. | 2025_HBC__468573_1 |

All the tenders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in . The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 05.09.2025 at 10.00 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 08.09.2025 at 9:30 A.M. and the negotiation will be held on 09.09.2025 at 12:30 PM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

**Sd/-Managing Director,
The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd., Sonipat**


---

## मुख्यमंत्री ने राजपत्रित अधिकारी संघ की स्मारिका का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष इंजी. डीके यादव के कार्यकाल के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संघ के दस वर्ष के कार्यकाल की एक स्मारिका का प्रकाशन किया है। गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर स्मारिका का विमोचन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया।

स्मारिका के विमोचन अवसर पर प्रांताध्यक्ष इंजी. डीके यादव, महामंत्री डॉ. संतोष गांधी, सचिव व्ही. आरएस चौहान, सचिव संतोष ऊईके, पूर्व संभागीय अध्यक्ष अजीत कुमार कुजूर की उपस्थिति में किया गया। दस वर्षों के कार्यकाल को समर्पित इस स्मारिका के प्रकाशन के अवसर पर डीके यादव ने संघ ने सभी पदाधिकारियों और सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट किया हैं, जिनके अथक प्रयासों और सक्रिय सहयोग से यह स्मारिका साकार हो पाई है। उन्होंने कहा कि यह स्मारिका मप्र के सभी राजपत्रित अधिकारियों के लिए एक उपयोगी और प्रेरणादायक दस्तावेज साबित होगी।



### स्मारिका में दस वर्षों का लेखा-जोखा

यह स्मारिका विगत दस वर्षों की संघ की गतिविधियों, जैसे नियमित साप्ताहिक और वार्षिक बैठकें, संभागीय और जिला सम्मेलन, राष्ट्रीय त्योहारों 15 अगस्त और 26 जनवरी पर झंडा वंदन, होली और दीपावली मिलन समारोह, सेवानिवृत्त पदाधिकारियों की विदाई और विभिन्न सामाजिक व शासकीय आयोजनों का जीवंत दस्तावेज है। इसके अतिरिक्त, इसमें शासकीय व्यवस्था, सामाजिक और शासकीय कानूनों पर आधारित लेखों के साथ-साथ शासन के महत्वपूर्ण आदेशों और परिपत्रों को भी संकलित किया गया है। इन आयोजनों की संजीव झलक फोटो गैलरी के माध्यम से प्रस्तुत की गई है।

---

### चंद्रशेखर, नारायण और बेगवानी के बीच टक्कर

## अध्यक्ष पद के लिए पांच दावेदार चुनावी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल की प्रतिष्ठित और धार्मिक त्यौहार की गतिविधियों में अग्रणी संस्था श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुनावी बिगुल बज चुका है। एक सितंबर को होने वाले इस बहुप्रतीक्षित चुनाव को लेकर इस बार अध्यक्ष पद के लिए पांच दावेदार मैदान में हैं, जिनमें चंद्रशेखर तिवारी, कैलाश बेगवानी और नारायण कुशवाह के नाम भी चर्चा में हैं। जहां एक ओर चंद्रशेखर तिवारी को शहर के विभिन्न सामाजिक वर्गों से जनसमर्थन मिलता दिखाई दे रहा है, वहीं दूसरी ओर कैलाश बेगवानी और नारायण कुशवाह

### श्री हिंदू उत्सव समिति का चुनाव एक सितम्बर को

समिति के अध्यक्ष पद के लिए पहली बार चंद्रशेखर तिवारी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। समिति के चुनाव को लेकर शहरभर में उत्सुकता बनी हुई है। डोर टू डोर जनसंपर्कः प्रत्याशी डोर-टू-डोर जनसंपर्क, सोशल मीडिया कैंपेन और स्थानीय कार्यक्रमों में भागीदारी के जरिए मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. पीसी कोठारी और टीम की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं।

---


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/FSO/300

हमकि (1) श्रीमति ममता राघव पत्नी जितेन्द्र राघव, निवासी गांव भोंडसी, गुरूग्राम, हरियाणा–122102 व (2) श्रीमति किरण पत्नी संजय कुमार पुत्र परीक्षत सिहं, निवासी गांव झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम व (3) श्रीमति अमरबती पत्नी राजिन्द्र सिहं पुत्र दलीप, निवासी मकान न0 146, लंबा पट्टी खैरा गांव, नजफगढ़, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली–110043 एवं उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गांव झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व इंतकाल न0 3662 त0म0, 3718 बैय, 3828 तबादला के अनुसार खेवट न0 258/221, खाता न0 277, मु0 न0 37, किला न0 24/2(4–0), 25/1(7–12), मु0 न0 70, किला न0 3/2(2–0), 5(7–12), किते 4, तादादी रकबा 21 कनाल 4 मरले का 21059/45792 भाग, बकदर 9 कनाल 15 मरले (1.21875 एकड़) (जिसमें ममता राघव 2453/11448 भाग व किरण 5/53 भाग व अमरबती 2309/15264 भाग) वाका रकबा मौजा झांझरौला, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम की मालिकान व काबिजान हैं। जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 37, किला न0 24/2 मिन उत्तर (2–10), 25/1 मिन मध्य (5–5), मु0 न0 70, किला न0 3/2(2–0), किते 3, तादादी रकबा 9 कनाल 15 मरले (1.21875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 29.08.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


---

## ऑपरेशन मानसून के तहत चलाया जा रहा है अभियान

# पुलिस को मिली सफलता मिला हथियारों का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर




छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे 'ऑपरेशन मानसून' में नारायणपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। सर्चिंग के दौरान अबूझमाड़ के कसोद की पहाड़ियों में नक्सलियों से जवानों की मुठभेड़ हुई है।

मौके से माओवादी संगठन के हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। भारी मात्रा में नक्सलियों के हथियार बरामद हुए हैं। मौके से माओवादियों द्वारा बनाए गए एडवांस हथियार, मोटर स्टैंड, लाइट मशीन गन, एके-47, टिर्ची असॉल्ट राइफल, भारी मात्रा में भरमार बंदूकें, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस और अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर बरामद किए गए। यह ऑपरेशन भारी बारिश और उफनती नदियों के बीच पांच दिनों तक चला, जिसमें जवानों ने कठिन परिस्थितियों में साहस और समन्वय का परिचय दिया। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि यह ऑपरेशन खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किया गया था। नक्सलियों के इस हथियार डंप की बरामदगी से माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। कार्रवाई को 'मारह बचाओ अभियान' और ऑपरेशन मानसून का हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खात्मे के लिए ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी।

## चिंतन

# भारतीय अर्थव्यवस्था ने 'डेड' कहने वालों को दिया जवाब

दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था ने डेड कहने वालों को एक बार फिर जोरदार तमाचा लगाया है। सभी अनुमानों को पछाड़ते हुए भारत की जीडीपी 7.8% बढ़ी है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही। यह पिछली पांच तिमाहियों में सबसे ज्यादा है। अर्थशास्त्रियों के एक ईटी पोल ने पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.3 प्रतिशत से 7 के बीच रहने का अनुमान लगाया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने 6.5% का अनुमान लगाया था, लेकिन तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था ने सभी अनुमानों को झटका दे दिया। असल में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 52 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जिससे विकास को बढ़ावा मिला। जीएसटी को तर्कसंगत बनाने, आरबीआई की ओर से ब्याज दरों में कटौती और अनुकूल मानसून से आने वाली तिमाहियों में खपत को समर्थन मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। तय है कि अगले कुछ महीनों में अर्थव्यवस्था को और भी तेज रफ्तार मिलेगी। यह उनके लिए सबसे बड़ा झटका होगा जो भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड बता रहे थे। यह कथन सिर्फ ट्रंप की अज्ञानता की निशानी भर था। भारत डेड इकॉनमी तो कहीं से नहीं है बल्कि वह वर्तमान में वैश्विक अर्थव्यवस्था में रफ्तार का इंजन है। यह विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसका आकार लगभग 4 ट्रिलियन है। जल्द ही यह जर्मनी को पीछे छोड़ कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। वर्तमान में सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है और बीते 10 वर्षों से लगातार इसकी गति बढ़ रही है। वर्ष 2015-25 के बीच भारत की औसत जीडीपी वृद्धि दर 6%-6.5% रही है। जबकि इस बीच भारत ने कोविड महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध और दूसरे वैश्विक संकट झेले। भारत के मुकाबले चीन इस दौरान 6% या उससे नीचे की ही रफ्तार से बढ़ा है। भारत वर्तमान में वैश्विक जीडीपी वृद्धि में 17 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। यह आगे चलकर इसके 20 होने का अनुमान है। भारत इसी के चलते वैश्विक ग्रोथ का इंजन बना हुआ है। उसकी अर्थव्यवस्था का आकार 2015-25 में 105 फीसदी बढ़ा है, जो पूरी दुनिया को हैरान करने वाला है। जिस भारत को डोनाल्ड ट्रंप डेड इकॉनमी बता रहे हैं, वह वर्तमान में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत की आबादी 140 करोड़ से ज्यादा है। यह अभी और बढ़ेगी। वर्तमान में भारत का मध्यम वर्ग लगभग 60 करोड़ है। यह मध्यम वर्ग 2047 तक 100 करोड़ पहुंचने के आसार हैं। यही मध्यम वर्ग वर्ष 2030-2031 तक लगभग 2.7 ट्रिलियन डॉलर की खपत करेगा। ऐसे में विश्व की कम्पनियों का धंधा भी चीन के अलावा भारत के ही भरोसे होगा। इतना बड़ा मध्यम वर्ग उसे और कहीं नहीं मिलेगा। भारत सिर्फ बड़ा बाजार ही नहीं है बल्कि बहुत ऐसी ऐसी चीजों की फैक्ट्री भी है, जिन पर विश्व निर्भर है। भारत विश्व में जेनेरिक दवाइयों का सबसे बड़ा सप्लायर है। अमेरिका भी वर्तमान में भारत निर्मित जेनेरिक दवाओं पर निर्भर है। भारत का फार्मा एक्सपोर्ट वर्ष 2030 तक 5.5 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इसके अलावा भारत भले ही कच्चे तेल का बड़ा उत्पादक ना हो लेकिन वह तेल की रिफाइनरी के मामले में बहुत आगे है। भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा तेल रिफाइन करने वाला देश है। इसके अलावा गाड़ियां, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक समेत बाकी कई वस्तुओं का भारत बड़ा सप्लायर है। इतना सब होने के बाद भी कोई इसे डेड इकॉनमी कहे तो इसे पागलपन के अलावा और कुछ नहीं कहा जा सकता।

# मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करनी होगी



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

नेशनल मेडिकल कमिशन 'एनएमसी' के प्रमुख ने हाल ही में उम्मीद जताया है कि चालू शैक्षणिक सत्र में देश में मेडिकल शिक्षा के आठ हजार स्नातक और स्नातकोत्तर सीटें बढ़ सकती है। वर्तमान में देश के मेडिकल कॉलेजों एमबीबीएस की 1,18,098 सीटें हैं जिसमें 59,782 सीटें सरकारी तथा 58,316 प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में है। इसी प्रकार पोस्ट ग्रेजुएशन की 53,960 सीटें हैं जिसमें 30,029 सरकारी और 23,931 निजी संस्थानों में है। आशाजनक यह कि बीते 10 सालों में मेडिकल की सीटों में दोगुनी से ज्यादा बढ़ोतरी हुई है साल 2015 में 56,908 एमबीबीएस की सीटें थीं। केंद्र सरकार ने इस साल के बजट में चालू साल में मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार सीटें बढ़ाने की घोषणा की है। गौरतलब है कि साल 2011 में जहां 314 मेडिकल कॉलेज थे वहीं 2025 में यह संख्या 780 तक पहुंचने की संभावना है जो वैश्विक सूची के लिहाज से शीर्ष क्रम पर होगा जबकि ब्राजील 389 मेडिकल कॉलेज के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत जैसे कमजोर अर्थव्यवस्था और विशाल जनसंख्या वाले देश में सरकारों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया बहुत बड़ी चुनौती है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य सेवाओं के केंद्र में डॉक्टर ही होता है लेकिन भारत में मेडिकल कॉलेजों की कमी के चलते दुर्गम ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में डॉक्टरों की किल्लत दशकों से बनी हुई है। आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान में देश में 13.86 लाख रजिस्टर्ड एलोपैथी डॉक्टर हैं जिसमें 80 फीसदी चिकित्सक पेशे में सक्रिय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन 'डब्ल्यूएचओ' द्वारा तय जनसंख्या- डॉक्टर के मुताबिक 1000 आबादी पर एक डॉक्टर की उपलब्धता निर्धारित है जबकि वर्तमान में यह अनुपात 1800 आबादी में एक डॉक्टर का है। इस लिहाज से भारत को साल 2030 तक 20.7 लाख डॉक्टरों की जरूरत होगी। दूसरी ओर संसद के बीते मानसून सत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने बताया है कि यदि देश में पंजीकृत एलोपैथी और आयुष चिकित्सकों के आंकड़े को देखें तो देश में 811 आबादी पर एक चिकित्सक की उपलब्धता होने का अनुमान है जो डब्ल्यूएचओ के निर्धारित मानक से बेहतर है।

देश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और चिकित्सकों की कमी को ध्यान में रखते हुए बीते 10 वर्षों के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा हर जिले में न्यूनतम एक मेडिकल कॉलेज खोलने की कवायद की जा रही है जो समयोचित कदम है। सरकार के मंशानुरूप एनएमसी ने नये मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए जरूरी आवश्यक मापदंडों जैसे जमीन, अधोभूत संरचना, मानव संसाधन सहित अन्य में रियायत भी दी गई है। एक दशक पहले मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया 'एमसीआई' के दौर में कौंसिल के सख्त मापदंडों के चलते मेडिकल कॉलेज खोलना टेढ़ी खीर थी। इधर एनएमसी के रियायत और सरकार के प्रोत्साहन के चलते विभिन्न राज्य सरकारों तथा निजी प्रबंधनों में मेडिकल कॉलेज खोलने की होड़ मची हुई है। आलम यह है कि "कहीं का ईंट, कहीं का रोड़ा, भानुमति ने कुनबा जोड़ा" की तर्ज पर सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं जहां शिक्षकों से लेकर जरूरी संसाधन अस्थाई तौर पर जुगाड़ा जा रहा है। इस होड़ के चलते सबसे बड़ी चुनौती इन मेडिकल कॉलेजों के शिक्षा की गुणवत्ता की है।

बीते कुछ सालों के दौरान खुले मेडिकल कॉलेजों की बात करें तो अधिकांश कॉलेजों में मेडिकल टीचर्स खासकर हायर फैकल्टी यानि प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर की भारी कमी है वहीं संबद्ध अस्पतालों में मरीजों का टोटा है।अनेक कॉलेजों में हास्टल, लायब्रेरी, क्लासरूम, फर्नीचर, प्रायोगिक अध्ययन हेतु उपकरण और रिएजेंट की कमी है तो अस्पतालों में प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ, बिस्तर, इमरजेंसी वार्ड, नैदानिक उपकरणों का आभाव है। खबरों के मुताबिक छत्तीसगढ़ के 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों और चिकित्सकों के 48 फीसदी पद खाली हैं। उल्लेखनीय है कि मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता हमेशा से ही नियामक संस्थाओं से लेकर सरकारों के लिए संवेदनशील मुद्दा रहा है क्योंकि यह जनस्वास्थ्य के साथ चिकित्सा अनुसंधान क्षेत्र से जुड़ा मसला है। मेडिकल शिक्षा में छात्रों के लिए जितनी आवश्यकता विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के शिक्षण का है उतनी ही अनिवार्यता अस्पतालों में क्लीनिकल ट्रेनिंग की है। इन परिस्थितियों में यदि कॉलेजों में वरिष्ठ शिक्षकों की कमी हो और अस्पतालों में मरीज तथा जरूरी संसाधनों का टोटा हो तब इसका असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ना लाजिमी है। मेडिकल कॉलेजों में मानव संसाधन से लेकर अन्य संसाधनों के अभाव का खामियाजा भावी डॉक्टरों को ही



उठाना पड़ेगा जिसका असर उनके ज्ञान कौशल और दक्षता पर पड़ना लाजिमी है।

उपरोक्त परिस्थितियों में सरकार और एनएमसी से अपेक्षा है कि वह नये मेडिकल कॉलेज खोलने की अनुमति देने के पहले आवश्यक संसाधन और अधोसंरचना की उपलब्धता की पड़ताल सख्ती से करे। देश में नए मेडिकल कॉलेज अथवा पीजी कोर्सेज खोलने तथा सीटों में बढ़ोतरी के लिए निजी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा एमसीआई या एनएमसी के निरीक्षण दल को भारी रिश्वत देने का मामला लगातार उजागर होते रहे हैं। इसी साल जुलाई महीने में सीबीआई ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक निजी मेडिकल कॉलेज सहित मध्यप्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और दिल्ली के 40 मेडिकल कॉलेजों में छापेमारी कर मान्यता के बदले नेशनल मेडिकल कमीशन यानि 'एनएमसी' के निरीक्षण टीम को रिश्वत लेने और देने के आरोप में 3 निरीक्षकों सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। लगभग 1300 करोड़ रुपए के घोटाले के इस मामले में देश के 35 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। अलबत्ता संसाधन विहीन मेडिकल कॉलेजों के मान्यता के लिए निरीक्षण के दौरान कॉलेज प्रबंधन द्वारा टीचिंग के लिए घोस्ट फैकल्टी यानि कागज पर शिक्षक तथा अस्पतालों में नकली मरीज भर्ती करने का सिलसिला काफी दिनों से जारी है। साल 2010 में मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया 'एमसीआई' के अध्यक्ष डॉ केतन देसाई पर एक मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने के ऐवज में 20 लाख रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगा था। जांच के दौरान डॉ. देसाई से डेढ़ किलो सोना और अस्सी किलो चांदी तथा कई आलिशान घर भी मिला था जो घोटाले से हासिल किया गया था।

बहरहाल स्वास्थ्य ही किसी राष्ट्र और समाज के शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विकास का बुनियाद होता है लेकिन भारत में सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था सदैव ही दयनीय रहा है। सरकार द्वारा इस क्षेत्र को कम बजट आबंटन के चलते देश में सरकारी मेडिकल कॉलेजों की संख्या कम थी लेकिन निजी मेडिकल कॉलेज के खूब फले- फूले हैं। हमारी सामाजिक पृष्ठभूमि में डॉक्टरी आज भी सबसे प्रतिष्ठित पेशा है जिसके चलते देश में स्वास्थ्य सेवा का बाजार लगातार गुलजार रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों ने सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों के असंतुलन को दूर करने के लिए ही सरकारी कॉलेज खोलने की दिशा में कदम बढ़ाया है फलस्वरूप कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि वाले मेधावी छात्रों और उनके अभिभावकों का डॉक्टर बनने का सपना पूरा हो रहा है। विचारणीय है कि भारतीय डॉक्टर सिर्फ स्वदेश में ही नहीं बल्कि सात समंदर पार विदेशों में भी अपनी मेधा और दक्षता का लोहा मनवा रहे हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवा के बाजार की बात करें तो भारत दुनिया के लिए सबसे बड़ा मेडिकल टूरिज्म का केंद्र बन रहा है जहां विदेशों से बड़ी संख्या में लोग उपचार के लिए आ रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक देश में मेडिकल टूरिज्म का बाजार 12.3 फीसदी की दर से बढ़ रही है वर्तमान में यह बाजार 18.2 डॉलर की है जो साल 2035 में 18.2 डॉलर पहुंचने की उम्मीद है। बिलाशक भविष्य में भारत पूरी दुनिया के लिए मेडिकल हब बन सकता है लिहाजा यह आवश्यक है कि मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता बरकरार रखने की दिशा में सरकार दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित करे और इस क्षेत्र में जारी विसंगतियों को दूर करे आखिरकार यह देश के साख का मुद्दा है।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## डिजिटल लाइब्रेरी
संदीप भूषण




# युवाओं को डिजिटल संसाधनों के माध्यम से जोड़ने की पहल

फिक्शन और फंतासी की दुनिया में आज धूमकेतु की तरह चमक रही अमेरिकी लेखिका सारा जेनेट मास की प्रसिद्ध कृतियों में 2012 में आई 'थ्रोन ऑफ ग्लास' सीरीज की किताबें हैं। इसमें वे एक जगह पुस्तकालयों की चर्चा करती हैं। वे कहती हैं कि पुस्तकालय विचारों से भरे रहे हैं, शायद सभी हथियारों में सबसे खतरनाक और शक्तिशाली। यहां हथियार शब्द का इस्तेमाल उन्होंने विचार या मानवीय बुद्धिमत्ता के लिए किया है। सारा के शब्दों को सामने रखते हुए डिजिटल दौर में पुस्तकालयों की जरूरत और भूमिका पर बात करें तो कई रोचक और सराहनीय तथ्य सामने आते हैं। आज सबसे बड़ी चुनौती विचार और ज्ञान को पुराने पड़े पीले पन्नों से उठाकर डिजिटलाइज करने की है। अच्छा लगता है यह जानकर कि यह विवेक आज बिहार जैसे प्रदेश में दिखलाई पड़ रहा है, जहां के समाज और सरकार को लेकर एक खास तरह के पूर्वाग्रह से हम ग्रसित रहे हैं। बिहार सरकार ने इसी दिशा में 'मुख्यमंत्री डिजिटल लाइब्रेरी योजना' के नाम से एक बड़ा और दूरदर्शी प्रयास किया है। यह योजना बच्चों और युवाओं को डिजिटल संसाधनों के माध्यम से जोड़ने की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो बिहार के हर कोने में शिक्षा के नए साधन उपलब्ध करा रही है। बिहार के दूरदराज के इलाकों में पढ़ाई के संसाधन सीमित रहे हैं, इस कमी के कारण कई युवाओं के सपने उड़ान भरने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। पर यह स्थिति अब बदल रही है। खासतौर पर जब से डिजिटल लाइब्रेरी की नींव पड़ी है, तब से यह कहीं अधिक सुलभ, समेकित और समकालीन शिक्षा का स्रोत बन गई है। अब हर विधानसभा क्षेत्र, पंचायत और कॉलेज में ऐसे केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं जहां विद्यार्थी ऑनलाइन कोर्स, ई-बुक्स और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए जरूरी सामग्री पा सकते हैं। बिहार सरकार ने इसके लिए 94 करोड़ 50 लाख रुपये स्वीकृत कर इस योजना को एक सशक्त राशि के साथ लॉन्च किया है जिसे देखकर शिक्षा के प्रति उनकी गंभीर प्रतिबद्धता झलकती है। तकनीक के सहारे यह योजना युवा पीढ़ी को सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें करियर की बेहतर संभावनाओं के लिए तैयार भी करती है। प्रत्येक डिजिटल लाइब्रेरी केंद्र में कम से कम दस कंप्यूटर के साथ हाई-स्पीड इंटरनेट और पर्याप्त बैठने की जगह होगी। ऐसे केंद्रों की उपस्थिति से छात्र न केवल अपने स्कूल या कॉलेज के कोर्स ऑनलाइन पढ़ सकेंगे, बल्कि जीईई, नीट, क्लैट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी प्रभावी ढंग से कर सकेंगे। साथ ही रोजगार संबंधी ऑनलाइन कोर्स, सरकारी व निजी रोजगार पोर्टल की जानकारी भी मिलेगी, जो युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा है। डिजिटल लाइब्रेरी केंद्रों में आधुनिक सुविधा का पूरा इंतजाम है। बिजली, पानी, प्रिंटर, स्कैनर, समाचार पत्र और तकनीकी सहायता से लैस ये केंद्र विद्यार्थियों को एक पूर्ण वातावरण उपलब्ध कराते हैं। पटना में जहां एक मॉडल लाइब्रेरी केंद्र में 60 कंप्यूटर होंगे, वहीं अन्य क्षेत्रीय केंद्रों में भी 50 कंप्यूटर की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है। अपनी जगह न होने पर पंचायत स्थानीय भवन को 1 रुपये के सालाना किराए पर लेकर लाइब्रेरी चला सकती है। इस तरह यह पहल जितनी आर्थिक रूप से सशक्त है, उतनी ही व्यावहारिक और सभी के लिए उपलब्ध है। गांव-गांव तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए "जीविका दीदी" मॉडल को अपनाया गया है। 7,953 से अधिक नए डिजिटल लाइब्रेरी केंद्र खोलकर सरकारी प्रयासों ने युवाओं को हाथ थामने का प्रस्ताव रखा है। स्थानीय महिलाओं और समूहों को लाइब्रेरी संचालन में अवसर दिया जाना समाज के लिए भी संरचनात्मक बदलाव लाएगा। जिस तकनीकी क्रांति की बात हम आज करते हैं, इस योजना ने उसे गांव-गांव तक पहुंचाकर शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव की शुरुआत की है। युवा पीढ़ी आज की बदलती दुनिया के लिए जरूरी डिजिटल कौशल सीखने के लिए इस योजना का बड़ा फायदा लेगी। कंप्यूटर की मूल बातें सीखना, ऑनलाइन जानकारी जुटाना, जॉब पोर्टल पर आवेदन करना और डिजिटल माध्यम से करियर की योजना बनाना अब वास्तविकता का हिस्सा बन गए हैं। ऐसे अवसर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर न केवल उनके व्यक्तिगत विकास में सहायता करेंगे, बल्कि राज्य की प्रगति में भी योगदान देंगे। बिहार की यह डिजिटल क्रांति इस बात का प्रमाण है कि ज्ञान और तकनीक का सही संयोजन नौजवानों को केवल बेहतर आज नहीं देता, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर तैयारी भी कराता है। इस योजना के माध्यम से बिहार का हर युवा डिजिटल युग में अपनी अलग पहचान बना सकेगा और देश की प्रगति में अपने योगदान से इतिहास रचेगा।

( लेखक आर्थिक मामलों के जानकार व वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सुख की चाह के लिए तप की साधना जरूरी है



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्माजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित
प्रेरणा

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अब अमेरिका को धूल चटाएं

राष्ट्रपिता गांधी जी ने केवल सत्य, अहिंसा और प्यार को आधार बना कर स्वदेशी के अस्त्र से अंग्रेजों को धूल चटा कर निकाल बाहर किया और भारत को स्वतंत्र करवाया। आज जब भारत वैश्विक षड्यंत्रों का शिकार है और अमरीका की आततायी नीति भारत को जख्म दे रही है, ऐसे में भारत केवल स्वदेशी की ढाल से अपनी और जनता की रक्षा कर सकता है। अमरीका, पाकिस्तान जैसे आतंकी राष्ट्र को यूएन में उच्च पद देकर तथा आर्थिक मदद दिलवा कर भारत और चीन दोनों को नुकसान पहुंचाना चाहता है। चीन का एक गुणा हथिया कर भारत व पाकिस्तान को अलग कर शोषण करना चाहता है। रूस की शक्ति क्षीण कर यूक्रेन के संसाधनों को हड़पना उसका लक्ष्य है। - विवेक जोशी, बिलासपुर

## ट्रेंड

### भारत-जापान सहयोग

जापान के पूर्व प्रधानमंत्री और जापान-भारत संघ के अध्यक्ष योशीहिदे सुगा के साथ मेरी बैठक हुई। हमने भारत-जापान सहयोग में प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग बनाने के तरीकों पर चर्चा की।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### श्रद्धांजलि अर्पित

महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर स्मरण और श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, उन सभी खिलाड़ियों को नमन है जिन्होंने राष्ट्र को गौरवान्वित करने के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री



### परियोजनाओं का लोकार्पण

'आंवला नगरी' प्रतापगढ़ में आज 570 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनपद की समृद्धि यात्रा को और गति प्रदान की। लोक-कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक एवं प्रमाण-पत्र के साथ ही विद्यार्थियों को लैपटॉप भी वितरित किए।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### अभद्र भाषा का प्रयोग

दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस और राजद के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी स्व. माता जी के विरुद्ध जिस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है, वह अत्यंत अशोभनीय है और मैं इसकी निंदा करता हूं।
-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार



## करंट अफेयर

# गाजा में महिलाएं और बच्चे भुखमरी का शिकार हो रहे

संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी की प्रमुख ने कहा कि इस सप्ताह गाजा की उनकी यात्रा के दौरान यह ''बहुत स्पष्ट'' था कि फलस्तीनी क्षेत्र में पर्याप्त भोजन नहीं है तथा उन्होंने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से और अधिक सहायता की तत्काल जरूरत पर चर्चा की। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने पिछले सप्ताह कहा था कि गाजा पट्टी का सबसे बड़ा शहर अकाल की चपेट में है और यदि युद्धविराम नहीं हुआ या मानवीय सहायता पर प्रतिबंध समाप्त नहीं किए गए तो यह पूरे क्षेत्र में फैल सकता है। विश्व खाद्य कार्यक्रम की कार्यकारी निदेशक सिंडी मैकेन ने बताया कि गाजा में भुखमरी जारी है।



उन्होंने कहा, ''मैंने गाजा में भुखमरी से जूझ रही माताओं और बच्चों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और पूरी स्थिति खुद देखी।'' उन्होंने कहा कि नेतन्याहू'' इस बात से बहुत चिंतित थे कि लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल रहा है।'' इससे पहले उन्होंने गाजा में अकाल की बात से इनकार किया था और कहा था कि भुखमरी के दावे हमास का दुष्प्रचार अभियान है। मैकेन ने कहा, ''हम इस बात पर सहमत हुए कि हमें और अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करना होगा। हमारे काफिलों के लिए सुरक्षा और वहां तक पहुंचना जरूरी है।''

## ऑफ बीट

# शराब छोड़ने पर जिगर के साथ क्या होता है

वास्तव में, क्या लीवर वापस बढ़ सकता है? लीवर मानव शरीर का सबसे बड़ा आंतरिक अंग है। शराब जैसे विषाक्त पदार्थों का असर कम करने सहित सैकड़ों शारीरिक प्रक्रियाओं के लिए इसकी आवश्यकता होती है। चूंकि यह पी गई शराब के संपर्क में आने वाला पहला अंग है, इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि यह शराब के प्रभावों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील है। हालांकि, लंबे समय तक भारी शराब के सेवन से मस्तिष्क और हृदय सहित अन्य अंग भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। यह लीवर में वसा जमा होने (फैटी लीवर) से लेकर निशान बनने (सिरोसिस) तक होने वाली बीमारी का एक पहलू है और यह आमतौर पर क्षति के अंतिम चरण तक कोई लक्षण पैदा नहीं करता है। सबसे पहले शराब लिवर को फैटी बनाती है। इस वसा के कारण लीवर में सूजन हो जाती है। जवाब में, यह निशान ऊतक का निर्माण करके खुद को ठीक करने की कोशिश करता है। यदि इसे अनियंत्रित जारी रखा जाता है, तो पूरा लीवर घावों का एक जाल बन सकता है और बीच में ''अच्छे'' हिस्सों के छोटे-छोटे द्वीप बन सकते हैं, जिसे सिरोसिस कहा जाता है। सिरोसिस के अंतिम चरण में, जब लीवर खराब हो जाता है, तो लोगों को पीलिया हो सकता है, सूजन आ सकती है और नींद की कमी और भ्रमित हो सकते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

### कहा, भारत-अफ्रीका पांच व्यापारिक भागीदारों में शीर्ष पर

# कृषि क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने हेतु तकनीक और नवाचार पर दिया जा रहा बलः नायब

## सीएम ने नई दिल्ली में सीआईआई द्वारा आयोजित 20वें इंडिया-अफ्रीका बिजनेस कॉन्क्लेव - 2025 को किया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के ताज पैलेस में कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) द्वारा आयोजित 20वें इंडिया-अफ्रीका बिजनेस कॉन्क्लेव - 2025 को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जब पूरी दुनिया 'ग्लोबल साउथ' की ओर देख रही है इसमें सामूहिक विकास के लिए सहयोग और साझेदारी की ज़रूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल साउथ की एकता से ही वैश्विक समस्याओं का समाधान संभव है। उनकी इसी सोच पर भारत और अफ्रीका मिलकर एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं, जो आपसी विश्वास एवं सहयोग पर आधारित है जोकि प्रौद्योगिकी और समावेशी समृद्धि से पोषित है। भारत-अफ्रीका के संबंध केवल बिजनेस से ही नहीं जुड़े हैं, बल्कि इन दोनों देशों का रिश्ता ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों से भी जुड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा कि भारत और अफ्रीका के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2006 में 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर अब 83 बिलियन अमेरिकी डॉलर से ऊपर पहुंच गया है। यह वृद्धि हमारे देशों के बीच बढ़ते आर्थिक जुड़ाव और अवसरों को दर्शाती है। भारत आज अफ्रीका के शीर्ष पांच व्यापारिक भागीदारों में से एक है। इस साझेदारी में व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, मूल्य श्रृंखला और विकास जैसे विविध आयाम शामिल है।

सैनी ने कहा कि हमारी सह-भागीदारी ऊर्जा, स्वास्थ्य, डिजिटल पब्लिक गुड्स, कौशल विकास, कृषि और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सीआईआई के सहयोग से बिजनेसमैन, नीति निर्माता और उद्योग विशेषज्ञ एक साथ आकर विचार-मंथन करते हुए भविष्य की साझेदारी को नई दिशा दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने किसानों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि फसल बेचने के साथ-साथ खाद, बीज, ऋण और कृषि उपकरणों के लिए 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल शुरू किया है।



किसानों को अपनी उपज को एम.एस.पी. पर बेचने और 'ई-खरीद' पोर्टल के माध्यम से समय पर भुगतान करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। जल संरक्षण और भूमिगत जल स्तर में सुधार के लिए भी अनेक कदम उठाए गए हैं। धान के स्थान पर अन्य फसलों को उगाने के लिए 8000 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इसके अलावा धान की सीधी बिजाई करने के लिए 10 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों पर 85 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है।

भारत-अफ्रीका बिजनेस कान्क्लेव में मॉरिशस गणराज्य के वाणिज्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री जॉन माइकल येन सिक युन, साउथ अफ्रीका गणराज्य के वाणिज्य उद्योग एवं प्रतिस्पर्धा मंत्री पार्क्स म्फो ताओ, गिनी बिसाऊ गणराज्य के कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री क्वेटा बेल्डे, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार की सचिव डॉ. नीना मल्होत्रा, सीसीआई के नामित अध्यक्ष आर. के मुकुंदन, हरियाणा सीसीआई के अध्यक्ष अभिमन्यु सराफ सहित सभी ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर हरियाणा विदेश सहयोग विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार सहित कई उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

### विपक्ष के नेता की टिप्पणी पर बरसे गृहमंत्री शाह, गुवाहाटी में दी नसीहत

# भारत की जनता कभी बर्दाश्त नहीं कर सकती यह घृणित काम, शर्म हो तो राहुल माफी मांगें

## पीएम मोदी और उनकी मां को अपशब्द कहना बेहद निंदनीय कृत्य

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार में विपक्षी गठबंधन के एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक शब्दों के इस्तेमाल की घटना की निंदा की। शाह ने कहा, 'कांग्रेस नेताओं ने अपनी 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की मां के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करके बेहद निंदनीय कृत्य किया है। मैं इसकी निंदा करता हूं। हर कांग्रेस नेता ने पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहे हैं।शाह ने कहा कि 2 दिन पहले जो हुआ, उससे सभी को दुख पहुंचा है। पीएम मोदी की मां ने एक गरीब घर में जीवन जिया, अपने बच्चों को मूल्यों के साथ पाला और अपने बेटे को एक भरोसेमंद नेता बनाया। ऐसे जीवन के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करना भारत की जनता कभी बर्दाश्त नहीं कर सकती। राजनीतिक जीवन में इससे बड़ी कोई गिरावट नहीं हो सकती और मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। 'मैं राहुल से आग्रह करना चाहता हूं कि अगर उनमें जरा भी शर्म बची है, तो उन्हें पीएम मोदी, दिवंगत मां और देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। ईश्वर सभी को सद्बुद्धि दे।

**दिवंगत मां पर ऐसे शब्द इस्तेमाल किए**

**हर कांग्रेस नेता ने पीएम के खिलाफ गलत बोला**



**जितनी गाली दोगे, उतना कमल खिलेगा**

गृह मंत्री शाह ने कांग्रेस और राहुल पर प्रहार किया है। शाह ने शुक्रवार को असम के गुवाहाटी में एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके नेता जितनी ज्यादा गाली पीएम नरेंद्र मोदी को देंगे, उतना ज्यादा कमल खिलेगा और बड़ा होगा।

### अभद्र भाषा का प्रयोग ठीक नहीं

इससे पहले चुनावी राज्य बिहार में राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया। भाजपा ने इस कथित टिप्पणी को लेकर पटना के कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई और कांग्रेस सांसद से माफी मांगने की मांग की।

### ब्रह्मपुत्र विंग का समेत तमाम उद्घाटन

शाह ने शुक्रवार को असम के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन राजभवन के नवनिर्मित ब्रह्मपुत्र विंग का उद्घाटन किया। उन्होंने राजभवन परिसर से ही डेरगांव स्थित लचित बरफुकन पुलिस अकादमी में 45 करोड़ की लागत से स्थापित राष्ट्रीय साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला-उत्तर पूर्व का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। शाह ने आईटीबीपी, एसएसबी और असम राइफल्स की विभिन्न विकास परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिनमें आवास परिसर, बैरक और अस्पताल शामिल हैं।

### राजभवन के अंदर मंदिर में पूजा-अर्चना और गो पूजन

इससे पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने राजभवन के अंदर एक मंदिर में पूजा-अर्चना की, गौ पूजन किया और सिंदूर का पौधा लगाया। कार्यक्रम स्थल पर राज्यपाल लक्ष्मी प्रसाद आचार्य और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उनका स्वागत किया।

### बिहार एसआईआर पर नोटिस जारी

## 8 जिलों में मिले 3 लाख विदेशी! इसमें बांग्लादेशी, म्यांमार व अफगानी भी शामिल

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार में एसआईआर के दौरान तीन लाख विदेशी नागरिकों की पहचान हुई है। दस्तावेजों की जांच के दौरान यह बात सामने आई, जिसके बाद इन लोगों को चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है. बताया जा रहा है कि ये विदेशी नागरिक बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान से हैं। आयोग की तरफ से बताया गया है कि एक अगस्त से एक सितंबर तक चले डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्रोसेस के दौरान इन विदेशी लोगों की पहचान हुई है। बिहार के कुछ जिलों में यह लोग पाए गए हैं। इनमें किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, सुपौल, ईस्ट चंपारण और वेस्ट चंपारण जैसे जिले शामिल हैं।




### ओवैसी ने भी दी कांग्रेस को नसीहत

## आलोचना करें, लेकिन मर्यादा न लांघें



इस मामले में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि आप जितना चाहें विरोध करें, आलोचना करें, निंदा करें, लेकिन जब आप शालीनता की सीमा लांघते हैं, तो यह गलत है और ऐसा नहीं होना चाहिए। चाहे वह किसी के बारे में भी हो। पीएम मोदी की आलोचना कीजिए, लेकिन ध्यान रखिए कि मर्यादा न टूटे। अगर हम सीमाएं लांघेंगे, तो बहस का विषय गलत और अश्लील हो जाएगा। हमें नकल करने की ज़रूरत नहीं है।

### पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया भाजपा ने किया आरोपों से इनकार

## पटना में कांग्रेस दफ़्तर पर हमला राहुल गांधी, जयराम रमेश और वेणुगोपाल ने साधा निशान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बिहार की राजनीति उस समय गरमा गई जब राजधानी पटना स्थित कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम पर शुक्रवार को भाजपा के झंडे लिए कुछ उपद्रवियों ने हमला किया। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र पर हमला करार देते हुए भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। वहीं, भाजपा ने इन आरोपों को सिरे से ख़ारिज कर दिया है। कांग्रेस के ख़िलाफ़ हिंसात्मक प्रतिक्रिया तब सामने आई जब दो दिन पहले नौशाद आलम नाम के एक नेता ने वोटर अधिकार रैली के दौरान बड़े नेताओं की उपस्थिति में प्रधानमंत्री की माँ को लेकर अपशब्द कहे। उसके बाद से दिल्ली से पटना तक माहौल गरमा गया। नौशाद आलम जाले से कांग्रेस का संभावित प्रत्याशी बताए जा रहे हैं जबकि कांग्रेस ने उनसे पल्ला झाड़ लिया और भाजपा के ख़िलाफ़ माहौल ख़राब करने का तोहमत जड़ दिया। उसके बाद बड़ी संख्या में कथित रूप से भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटना स्थित कांग्रेस मुख्यालय में घुस कर विरोध प्रदर्शन किया। तोड़फोड़ किया।

कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि यह हमला कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर भाजपा द्वारा करवाया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने पतन को देख रही है। इसीलिए हिंसा का सहारा ले रही है। लेकिन कांग्रेस न तो डरेगी, न रुकेगी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि भाजपा की हताशा अब हिंसा के रूप में सामने आ रही है। लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। कांग्रेस कार्यकर्ता डरें नहीं, हम जनता की आवाज़ उठाते रहेंगे।

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि यह हमला भाजपा की हताशा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सदाकत आश्रम पर हमला भाजपा की बर्बरता और लोकतंत्र विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। कांग्रेस इस लड़ाई को और मज़बूती से लड़ेगी।

दूसरी ओर, भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को पूरी तरह खारिज किया। बिहार भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस बौखलाहट में झूठे आरोप लगा रही है। भाजपा का किसी तरह के हमले से कोई लेना-देना नहीं है। यह कांग्रेस की आंतरिक गुटबाज़ी का नतीजा है, जिसे राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए ऐसे आरोप लगा रही है।

हमले के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाया। पटना पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्राथमिक जांच में कुछ उपद्रवियों की पहचान की गई है। कांग्रेस या भाजपा से जुड़ाव की पुष्टि अभी नहीं हुई है। दोषियों को कानून के अनुसार सख्त सज़ा दी जाएगी।

इस घटना ने बिहार की राजनीति को गरमा दिया है। कांग्रेस ने घोषणा की है कि वह इस मुद्दे को संसद से लेकर सड़क तक उठाएगी। दूसरी ओर भाजपा ने कांग्रेस पर 'नाटक करने' और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

# सरकार 10 फीसदी आरक्षण दे या गोली मरवा दे

एजेंसी ⏭ मुंबई

मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे( 43) की मुंबई में भूख हड़ताल शुरू हो गई है। जरांगे शुक्रवार सुबह मुंबई के आजाद मैदान पहुंचे, जहां मराठा आरक्षण की मांग को लेकर जरांगे और उनके समर्थक एक दिवसीय भूख हड़ताल की। सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ मनोज जरांगे ने बुधवार को जालना जिले के अपने गांव से मार्च शुरू किया था। शुक्रवार को मुंबई में समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इसके पहले जालना पुलिस ने 40 शर्तें लगाने के बाद उन्हें मार्च जारी रखने की अनुमति दी थी, जिसमें उन्हें कानून-व्यवस्था बनाए रखने, वाहनों की आवाजाही में बाधा न डालने और आपत्तिजनक नारे लगाने से बचने का निर्देश भी था।



### मराठाओं को कुनबी के रूप में मान्यता दें

जरांगे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत मराठा समुदाय के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे हैं। जरांगे ने कहा है कि उनके समर्थक शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करेंगे और गणेश उत्सव में कोई बाधा नहीं डालेंगे। जरांगे की मांग है कि सभी मराठों को कुनबी के रूप में मान्यता दी जाए। कुनबी एक कृषक वर्ग से जुड़ी जाति है, जो ओबीसी श्रेणी में शामिल है।

### समाधान ढूंढ रहा पैनलः फडणवीस

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार की कैबिनेट उपसमिति इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा कर रही है और समाधान पूरी तरह संवैधानिक और कानूनी दायरे में ही निकाला जाएगा। इस पर सीएम फडणवीस ने कहा कि पुलिस इस पर सकारात्मक विचार करेगी। कैबिनेट उपसमिति को मराठा समाज से जुड़े मुद्दों पर बातचीत का अधिकार है।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम पानीपत | एम.सी. पानीपत के तहत मशीन वाउंड स्पायरल लाइनिंग (एमडब्ल्यूएसएल) टेक्नोलॉजी द्वारा हैंड फैब फैक्टरी से चौटाला रोड सेक्टर-29 तक मेन वाईएपी सीवर लाइन 1800 मिमी आई/डी का मजबूतीकरण/पुनः स्थापना + 1 कार्य। | 27.08.2025 17.09.2025 | रु. 39,23,19,655/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466076249 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38222/I/88/7 दि. 29.08.25

### कहा, पंजाब में 500 गांव बाढ़ की चपेट में, लाखों एकड़ किसानों की फसल तबाह

# राज्यसभा सदस्य संत सीचेवाल ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की

**▸ केंद्र सरकार के समक्ष पंजाब का मजबूती से पक्ष रखने के लिए मुख्यमंत्री को भी लिखा पत्र**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पंजाब में बाढ़ से हुई बड़े पैमाने पर तबाही को देखते हुए राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मांग की है कि इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से भारी जान-माल का नुकसान हुआ है। साथ ही, हिमाचल प्रदेश और पंजाब में हुई बारिश ने भी स्थिति को और गंभीर कर दिया है।

उन्होंने पत्र में मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए बताया कि पंजाब के लगभग 500 गाँव, 300 सरकारी स्कूल और 3 लाख किसानों की फसल बाढ़ की चपेट में आ चुकी है। 26 अगस्त की रात को रावी नदी में 14.11 लाख क्यूसेक पानी का बहाव था, जबकि 1988 में रावी में यह 11.20 लाख क्यूसेक पानी था। संत सीचेवाल ने कहा कि ब्यास दरया में भी इस बार 2.5 से 3 लाख क्यूसेक तक पानी बह चुका है। उन्होंने पत्र में बताया कि मौजूदा पानी का बहाव पंजाब में अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ चुका है।

संत सीचेवाल ने पत्र में कहा कि ब्यास दरया के पानी ने किसानों की हज़ारों एकड़ फसल तबाह कर दी है। इस समय पंजाब के माझा, मालवा और दोआबा -तीनों क्षेत्र बुरी तरह बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। गुरदासपुर, पठानकोट, अमृतसर, तरन तारन, कपूरथला, फिरोज़पुर और फाजिल्का ज़िले भयंकर बाढ़ की स्थिति से जूझ रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि पंजाब सरकार की ओर से भी केंद्र सरकार को पत्र लिखकर तथ्यों सहित बताया जाए कि किस प्रकार हिमाचल प्रदेश समेत अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश का पानी पंजाब की नदियों में आकर भारी तबाही मचा रहा है। जिससे प्रभावित किसानों, मज़दूरों और अन्य पीड़ितों को सही और उचित मुआवज़ा मिल सके तथा इस मुआवज़े को बढ़ी हुई महंगाई के सूचकांक से जोड़कर इसमें वृद्धि की जाए। संत सीचेवाल ने अपनी इस मांग को दोहराया कि मुआवज़ा सीधे किसानों को मिलना चाहिए।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | पानीपत जिले में निरंकारी संगम, समालखा के साथ हलदाना बैरियर से भोडवाल माजरी तक 100 मिमी डीएलसी और 200 मिमी पीक्यूसी सहित रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 8939) (एचटी एलटी लाइन की शिफ्टिंग)। | 29.08.2025 04.09.2025 | 26.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हांसी में जाखल-हिसार रेलवे लाइन पर कि.मी. 34/0 पर एलसी नं. बी-25/2 पर सुरेवाला चौक से उकलाना भुना रोड कि.मी. 4.415 पर 4 लेन आरओबी का निर्माण (स्ट्रीट लाइट का प्रावधान केवल)। | 28.08.2025 08.09.2025 | 42.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में गांव बिर बंगरा में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.09.2025 | 56.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 4 | बागवानी विभाग पंचकूला हरियाणा | बागवानी विभाग, हरियाणा के विभिन्न केन्द्र जीजीएनएस में कोको पीट की आपूर्ति। | 29.08.2025 26.09.2025 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 5 | सिविल सर्जन, नूह (मेवात) | स्वास्थ्य विभाग नूह (मेवात) हेतु आईईसी और मुद्रण सामग्री इत्यादि सेवाएं। | 22.08.2025 08.09.2025 | ईएमडी 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417560524 dhs.csmwt@hry.nic.in |
| 6 | सिविल हस्पताल, पंचकूला | सामान्य कचरा। | 30.08.2025 12.09.2025 | ईएमडी 25,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज नारनौल | नागल माला ब्लॉक सतनाली - बाबू लाल के मकान से होशियार सिंह के मकान तक फिरनी का निर्माण + 3 कार्य। | 28.08.2025 04.09.2025 | 242.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज झोझू कलां | गांव पालरी में हरिजन चौपाल में चारदिवारी का निर्माण (डी-प्लान) + 3 कार्य। | 28.08.2025 05.08.2025 | 42.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 9 | जिला परिषद पानीपत | गांव भाऊपुर, ब्लॉक इसराना, जिला पानीपत में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 28.08.2025 05.09.2025 | 45.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467600003 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |
| 10 | जिला परिषद पानीपत | गांव - पाथरी, ब्लॉक-इसराना, जिला-पानीपत में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 28.08.2025 05.09.2025 | 45.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467600003 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | सुपर इनेमल्ड कॉपर वाइंडिंग वायर 19 एसडब्ल्यूजी (300 कि.ग्रा.) (आरआर/बीआईसी मेक) कन्फर्मिंग टू आईएस : 13730 पार्ट-III, ग्रेड-II + 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 04.09.2025 | 4.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8816016044 xenworkshopdadri@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | रायमलिकपुर - नोलपुर डिस्टी. जिला महेन्द्रगढ़ के कि.मी. 31.200/आर से गांव तालाब रायमलिकपुर की रिचार्जिंग हेतु आरसीसी पाइप लाइन 300 मिमी आई/डी एनपी-2 बिछाने हेतु आकलन (अटल भू-जल योजना के तहत) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 04.09.2025 | 32.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/240/38232/I/88/7 दि. 29.08.25

## अमेरिका की एकतरफा कार्रवाई के कारण उत्पन्न हुई स्थिति

# सरकार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही कई कदम उठाएगी : गोयल

- सरकार उद्योगों को तनाव व कठिनाइयों का सामना नहीं करने देना चाहती
- उच्च शुल्क से कपड़ा, चमड़ा, जूते और झींगा क्षेत्र पर असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए घरेलू एवं वैश्विक पहुंच बढ़ाने को लेकर जल्द ही कई कदम उठाएगी। उन्होंने निर्यातकों को व्यापार के मोर्चे पर किसी देश की एकतरफा कार्रवाई के कारण उत्पन्न मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं से निपटने के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगा दिया है। इस उच्च शुल्क से कपड़ा, चमड़ा, जूते और झींगा जैसे कुछ श्रम-प्रधान क्षेत्रों के निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है।

### उद्योग जगत से प्रभावित क्षेत्रों का पता लगाने का आग्रह

गोयल ने उद्योग जगत के एक कार्यक्रम में कहा, ''सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि आप सभी को किसी एकतरफा कार्रवाई से उत्पन्न वर्तमान स्थिति को संभालने में किसी भी तनाव या कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने उद्योग जगत से उन क्षेत्रों का पता लगाने का भी आग्रह किया जो इन शुल्क से प्रभावित हो सकते हैं और जिन्हें वैकल्पिक बाजारों की आवश्यकता है।

## वैश्विक अनिश्चितताओं से निपटने हरसंभव मदद का आश्वासन

### जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाया जा रहा

केंद्र ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) के समक्ष पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय जीएसटी संरचना के साथ-साथ कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर का प्रस्ताव रखा है। गोयल ने कहा कि सरकार निर्यात में विविधता लाने के लिए भारतीय दूतावासों सहित सभी संबंधित पक्षों के साथ परामर्श कर रही है।

### घरेलू खपत को बढ़ावा देने पर जोर



मंत्री ने कहा, ''हम वाणिज्य मंत्रालय में, अपने दूतावासों के माध्यम से दुनिया के अन्य हिस्सों तक पहुंच रहे हैं ताकि उन अन्य अवसरों की तलाश की जा सके जिनका हम लाभ उठा सकते हैं। हम घरेलू खपत को बढ़ावा देने पर भी विचार कर रहे हैं.. उन्होंने कहा, ''आप जल्द ही अगले सप्ताह जीएसटी परिषद की बैठक देखेंगे... ताकि इन बदलावों का प्रभाव आप सभी को बहुत जल्दी महसूस हो सके और इससे पूरे घरेलू विनिर्माण क्षेत्र में मांग को तेजी से बढ़ावा मिल सके।''

**वैश्विक बाजार में भारत का निर्यात हिस्सा कम** वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का वस्तु एवं सेवा निर्यात 825 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में भारत का निर्यात हिस्सा कम है, इसलिए हमें व्यापार के मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बारे में बहुत अधिक चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

**सरकार प्रत्येक क्षेत्र को सहायता देने कदम उठाएगी** : गोयल ने कहा, ''मैं आप सभी को आश्वस्त कर सकता हूं कि आने वाले दिनों में सरकार प्रत्येक क्षेत्र को सहायता देने के लिए विभिन्न कदम उठाएगी। इससे घरेलू पहुंच का विस्तार होगा तथा विश्वभर के अन्य बाजारों में पूरक अवसरों की तलाश होगी जिससे हमारी वैश्विक पहुंच बढ़ेगी।

### हमारा निर्यात पिछले साल से अधिक रहेगा

गोयल ने कहा, ''हम नए बाजारों का रुख करेंगे... मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस साल हमारा निर्यात पिछले साल से अधिक रहेगा।'' मंत्री ने कहा कि देश ने अतीत में कोविड-19 वैश्विक महामारी और परमाणु प्रतिबंधों जैसे संकटों का सफलतापूर्वक सामना किया है। निर्माण क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में लगभग 10 लाख मकानों की मांग है।

### हम अच्छे व्यापार समझौते के लिए तैयार

गोयल ने कहा कि अगर कोई देश भारत के साथ अच्छा व्यापार समझौता करना चाहता है तो ''हम उसके लिए हमेशा तैयार हैं।'' उन्होंने कहा कि लेकिन अगर कोई हमारे साथ भेदभाव करने की कोशिश करता है तो... मुझे लगता है कि भारत की 140 करोड़ की आबादी में आत्मविश्वास और आत्मसम्मान है। इसे ध्यान में रखते हुए हम कभी झुकेंगे नहीं, न ही कभी कमजोर होंगे, हम साथ मिलकर आगे बढ़ते रहेंगे...।''

# सोना 2,100 रुपये उछलकर नए शिखर पर, चांदी फिसली

- सोना उछलकर 1,03,670 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी 1,000 रुपए लुढ़ककर 1,19,000 रुपए किलो

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की लिवाली जारी रहने और रुपये के विनिमय दर में गिरावट के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 2,100 रुपये उछलकर 1,03,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,01,570 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 2,100 रुपये उछलकर 1,03,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। एक दिन पहले यह 1,01,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।इससे पहले, 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना आठ अगस्त को क्रमशः 1,03,420 रुपये और 1,03,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर थे। उस समय सोने की कीमतों में 800 रुपये प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई थी। इससे पहले सात अगस्त को सोने की कीमत में 3,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की भारी वृद्धि दर्ज की गई थी। कमजोर रुपये और विदेशी बाजारों में सकारात्मक रुख के चलते घरेलू बाजारों में सोने की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी गई और यह नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।''



### चांदी अपने उच्च स्तर से टूटी

कीमती धातु की कीमतों में 3,300 रुपये यानी 3.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बीच, चांदी की कीमत अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से 1,000 रुपये टूटकर 1,19,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई।



**रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने अधिकारियों को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बन रहे होल्डिंग एरिया को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए**

नई दिल्ली। आज माननीय रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव एक कार्यक्रम में शामिल होने नई दिल्ली स्टेशन पहुँचे। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर में बन रहे होल्डिंग एरिया का जायजा लिया और वहाँ मौजूद अधिकारियों को होल्डिंग एरिया का काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

# रुपया 61 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर पर

**मुंबई।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बढ़ते तनाव के बीच रुपया शुक्रवार को पहली बार 88 के स्तर को पार कर गया। यह 61 पैसे की भारी गिरावट के साथ 88.19 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के भारी शुल्क लगाने, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और महीने के अंत में अमेरिकी डॉलर की मांग से रुपया लगातार दबाव में है। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया।

**रुपए पर और दबाव पड़ सकता है :** मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक (मुद्रा एवं कमोडिटी) अनुज चौधरी ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा क्योंकि अमेरिका के भारत पर अतिरिक्त व्यापार शुल्क लगाने से भारत के व्यापार घाटे को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। कमजोर घरेलू बाजार एवं विदेशी पूंजी की बिकवाली के दबाव से रुपये पर और दबाव पड़ सकता है।''

# शुल्क की चिंता में शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

- सेंसेक्स 271 और निफ्टी 74 अंक लुढ़का
- उच्च अमेरिकी शुल्क से पैदा हुआ दबाव
- विदेशी पूंजी की लगातार निकासी जारी रही

**मुंबई।** उच्च अमेरिकी शुल्क से पैदा हुए दबाव और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी के बीच स्थानीय शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 271 अंक और निफ्टी में 74 अंक की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका की तरफ से भारतीय उत्पादों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिए जाने के बाद से ही निवेशकों की धारणा सतर्क बनी हुई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 270.92 अंक टूटकर 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 74.05 अंक की गिरावट के साथ 24,426.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 2.96 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.21 प्रतिशत नुकसान में रहा।

### प्रतिस्पर्धा क्षमता पर असर पड़ने की आशंका

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''अमेरिकी शुल्क के पूरे प्रभाव को समझने की कोशिशों के बीच निवेशकों की धारणा सतर्क रही। इस मुद्दे के बने रहने से कुछ क्षेत्रों में भारत के निर्यात की भावी प्रतिस्पर्धी क्षमता पर असर पड़ने की आशंका है।/''

# रेलवे ने आयोजित किया जागरूकता और संवेदीकरण कार्यक्रम

- सुरक्षा एवं समानता सुनिश्चित करने में पूर्व तट रेलवे है मील का पत्थर

**खोरठा रोड (हरिभूमि न्यूज)।** सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी कार्यस्थल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, पूर्व तट रेलवे के खोरधारोड मंडल ने पलासा में यौन उत्पीड़न रोकथाम (पीओएसएच) अधिनियम, 2013 पर एक व्यापक जागरूकता और संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों की समझ और अनुपालन को बढ़ावा देना तथा कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के प्रति मंडल की शून्य-सहिष्णुता नीति को सुदृढ़ करना था। इस सत्र में तपस्विनी महानंदिया, सहायक कार्मिक अधिकारी सह विशाखा आंतरिक समिति की कार्यकारी सदस्य एवं खोरधारोड मंडल के शी बॉक्स की नोडल अधिकारी ने विस्तृत और व्यावहारिक व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने महिला कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पलासा में तैनात फ्रंटलाइन स्टाफ और अन्य कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जो एक सम्मानजनक और उत्पीड़न मुक्त कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



**बीएचईएल ने अनुसंधान व विकास, प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार श्रेणी में स्कोप एमिनेंस पुरस्कार जीता**

**नई दिल्ली।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स (बीएचईएल) ने वर्ष 2022-23 के लिए 'अनुसंधान व विकास, प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार' श्रेणी में प्रतिष्ठित 'स्कोप एमिनेंस पुरस्कार' जीता है। भारत की माननीय राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने यह पुरस्कार बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री के. सदाशिव मूर्ति, और बीएचईएल के निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास), श्री एस.एम. रामनाथन को माननीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी की उपस्थिति में प्रदान किया।

# भारतीय रेलवे गुरुतेग बहादुर जी की 350वीं शहादत दिन को श्रद्धापूर्वक मनाएगा

**नई दिल्ली।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, भारतीय रेलवे, सिखों के नौवें गुरु श्री गुरुतेग बहादुरजी की 350वीं शहादत दिन को श्रद्धापूर्वक मनाने जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य नई पीढ़ी को गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं और बलिदानों से अवगत कराना है, जिन्होंने धार्मिक स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। रेल भवन, नई दिल्ली में आज आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री श्री रवनीत सिंह ने कहा कि भारतीय रेलवे इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए विभिन्न सिख संस्थाओंके प्रतिनिधियों से प्राप्त सभी बहुमूल्य सुझावों का स्वागत करता है।

# भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा 29 अगस्त, 2025 को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

**नई दिल्ली।** एलआईसी हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में 29 अगस्त से 31 अगस्त, 2025 तक राष्ट्रीय खेल दिवस मना रहा है। इस दौरान, देश भर के विभिन्न एलआईसी कार्यालय कर्मचारियों को अपनी दिनचर्या में शारीरिक फिटनेस को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु इनडोर और आउटडोर खेल गतिविधियों का आयोजन करेंगे। इस समारोह के एक भाग के रूप में, सभी एलआईसी कर्मचारी 29 अगस्त, 2025 को फिट इंडिया फिटनेस शपथ लेंगे। मुंबई में, एलआईसी शारीरिक रूप से सक्रिय और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व को बढ़ावा देने के लिए 30.08.2025 को फिट इंडिया बॉकथॉन का भी आयोजन करेगा।

# सेल 'रिसर्च एंड डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट और इनोवेशन' के लिए स्कोप एमिनेंस अवार्ड से सम्मानित




**नई दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को साल 2022-23 के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट और इनोवेशन के क्षेत्र में शानदार काम करने के लिए प्रतिष्ठित "स्कोप एमिनेंस अवार्ड" से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार भारत की राष्ट्रपति माननीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 29 अगस्त 2025 को नई दिल्ली में स्कोप द्वारा आयोजित एक समारोह में प्रदान किया। यह अवार्ड सेल के स्वदेशी रिसर्च, प्रक्रियाओं में इनोवेशन को अपनाने और टेक्नोलॉजी में लगातार आगे बढ़ने की अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती है–

| E-Catalogue No. | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-37-2025 | दिनांक 15.09.2025 को 11:00 बजे | पानीपत (कार), सांपला (द्वितीय प्रवेश), टोहाना, करनाल (साइकिल–स्कूटर–मोटरसाइकिल–कार) = कुल 04 साइटें |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है । | | https://ireps.gov.in/ |

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:** 1. इच्छुक बोलीदाताओ को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरईपीएस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता; 4. आईआरईपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण 5. फण्ड का लियन मार्किंग 6. टर्नओपर का अद्यतनीकरण (Updation) 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नही है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है ।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 Email: pkg.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084 |

संख्या: 23AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांक: 29.08.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2623/25

**Government of Chhattisgarh**
**Directorate of Town & Country Planning Department**
**in coordination with AMRUT State Mission Directorate**

Letter No. 2525/AMRUT 2.0 Dated 25.08.2025

**CORRIGENDUM**

As per Clause no. 4 of the section 3 Information to Consultants, in response to the pre-bid queries on the RFP for Formulation of GIS-Based Master Plan for Class-II towns of Chhatisgarh invited vide NIT No. 2308 dated 01.08.2025, the suggestions have been examined by the department in the pre proposal conference meeting (hybrid mode) held on 18.08.2025 and amendments approved by the department have been issued in the form of corrigendum. The detailed corrigendum can be downloaded from the website https://tcp.cg.gov.in/ or https://uad.cg.gov.in/.

In the interest of public service, the last date of Proposal Due Date (PDD) of RFP under AMRUT 2.0 GIS Sub scheme on Formulation of GIS Based Master Plan for Class II Towns with population of 50,000 - 99,999 published vide NIT No. 2308 dated 01.08.2025 has been extended to 10th September 2025.

| Event Description | Scheduled Date |
|---|---|
| 1. Proposal Due Date (PDD) and time | Date 10.09.2025 |

The completed application, as per instructions in the RFP document, should reach the following address latest by **10** September **2025** upto **3.00** pm:

Mr. Sandeep Bangde, Nodal Officer & Additional Director,
Directorate of Town & Country Planning,
3rd Floor, 4th Block, Indrawati Bhawan, HOD Building,
Nava Raipur Atal Nagar, Chhattisgarh
Phone: 0771-20511852 Fax: 0771-2511854
Email: cgtownplan@gmail.com

Directorate of Town & Country Planning, Government of Chhattisgarh in coordination with AMRUT State Mission Directorate reserves the sole right to accept or reject any or all proposals without assigning any reason whatsoever.

(Sandeep Bangde)
Nodal Officer cum Additional Director
Directorate of Town & Country Planning
Nava Raipur Atal Nagar Chhattisgarh

G-252603110/1

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय**
**कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो नहर**
**संभाग क्रमांक 05, खरसिया (छ. ग.)**

**ई–प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

निविदा सूचना क्रमांक 02/व.ले.लि/समुह क्र. 01 एवं 02 /2025-26 दिनांक 25.08.2025

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 15.09.2025 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | समूह क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 174246 | 01 | सक्ती जिले के विकासखण्ड डभरा के अंतर्गत सुखदा जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य। | 287.95 | प्रथम आमंत्रण |
| 174247 | 02 | सक्ती जिले के विकासखण्ड मालखरौदा के अंतर्गत किरकार जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य। | 236.30 | प्रथम आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 01.09.2025, समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट :** 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है । 2. निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. दिनांक 01.08.2010 (संशोधित 01.08.2022 ) के अनुसार है।

कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 05 खरसिया (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता
मिनीमाता (हसदेव ) बांगो परियोजना जल संसाधन विभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

G-252603079/2

## राशिफल

**मेष** रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** भाग–दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## शब्द पहेली - 5973




**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5972 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | व | | | | मु | का | ब | ला |
| मी | | | त | म | त | मा | ना | | | ज |
| श | ब | | न | या | | न | दी | | जी | बा |
| न | र | क | | न | म | क | | ख | रा | ब |
| | दा | म | न | | जा | | न | फा | | |
| | न | | ख | त | | म | न | | म | |
| | | सा | रा | | आ | | द | म | न | |
| अ | ना | र | | र | स | म | | त | ह | री |
| मा | ता | | ल | क | | सौ | त | | र | त |
| न | | | च | म | क | दा | र | | | स |
| त | क | दी | र | | | | ल | ल | का | र |



# अमेरिकी ओपन : चार साल के बाद नाओमी पहली बार पहुंची तीसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

जापान की नाओमी ओसाका 2021 के बाद पहली बार अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई, जिन्होंने हैली बापटिस्टे को 6-3, 6-1 से हराया। ओसाका ने अपने चारों ग्रैंडस्लैम हार्डकोर्ट पर जीते हैं, जिनमें दो अमेरिकी ओपन और दो आस्ट्रेलियाई ओपन शामिल है।

वह 2020 में आखिरी बार यहां खिताब जीती थी, जिसके बाद 2021 में तीसरे, 2022 में पहले और 2024 में दूसरे दौर से बाहर हो गई थी। इस साल विम्बलडन में तीसरे दौर में बाहर होने के बाद ओसाका ने कोच पैट्रिक मूराटोग्लू से अलग होने का फैसला किया और अब नए कोच टोमाज विक्टोरोवस्की के साथ हैं, जो इगा स्वियातेक की टीम में रह चुके हैं।



## स्वियातेक और सिनेर की शानदार जीत





विम्बलडन चैंपियन स्वियातेक ने नीदरलैंड की 66वीं रैंकिंग वाली सुजैन लामेंस को 6-1, 4-6, 6-4 से हराया। वहीं विम्लबडन पुरुष एकल खिताब विजेता यानिक सिनेर ने अलेक्सेइ पोपिरिन को 6-3, 6-2, 6-2 से मात दी। अमेरिका की कोको गाफ ने डोन्ना वेकिच को 7-6, 6-2 से हराया। उनकी हमवतन अमांडा अनिसिमोवा ने माया जॉइंट को 7-6, 6-2 से मात दी। पुरुष वर्ग में तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने जैकब फीयर्नली को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। वहीं टॉमी पॉल ने साढे चार घंटे तक चले मैच में नुनो बोर्गेस को 7-6 (6), 6-3, 5-7, 5-7, 7-5 से शिकस्त दी।



## महिला युगल में पहला मैच जीती वीनस

*न्यूयॉर्क। चौदह बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स ने अपनी छोटी बहन सेरेना के बिना पिछले 14 साल में पहली बार अमेरिकी ओपन महिला युगल मैच जीता। लैला फर्नांडिज के साथ मिलकर उन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एन. किचेनोक और एलेन पेरेज की जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराया। 45 वर्ष की वीनस और लैला का दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। वीनस एकल वर्ग के पहले ही दौर में हार गई थी। वह 2022 के बाद पहली बार यहां युगल वर्ग में खेल रही है।*

## खबर संक्षेप



### मुंबई में अगले साल विश्व यूनिवर्सिटी स्क्वाश चैंपियनशिप

**मुंबई।** अगले साल तीन से नौ अगस्त तक मुंबई में आयोजित होने वाली एफआईएसयू विश्व यूनिवर्सिटी स्क्वाश चैंपियनशिप में 20 से ज्यादा देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह टूर्नामेंट सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय में आयोजित होगा, जिसे भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के सहयोग से और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेल महासंघ (एफआईएसयू) के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। एफआईएसयू अंतरराष्ट्रीय संचालन संस्था है, जो विश्व विश्वविद्यालय खेलों और विश्व विश्वविद्यालय चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट का आयोजन करती है।

### एफआईएच प्रो लीग में शामिल पाक हॉकी टीम



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान हॉकी टीम पुरुषों की एफआईएच प्रो लीग के आगामी सातवें सत्र का हिस्सा होगी, जिससे उसके 'होम एंड अवे' प्रारुप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के दौरान भारत के साथ किसी तटस्थ स्थल पर भिड़ंत की संभावना है। पाकिस्तान आगामी सत्र में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, इंग्लैंड, जर्मनी, भारत, नीदरलैंड और स्पेन के साथ शामिल होगा। इस साल की शुरुआत में मलेशिया में खेले गए एफआईएच हॉकी नेशंस कप के जरिए पाकिस्तान को प्रोमोट किया गया। विश्व संचालन संस्था एफआईएच ने कहा, 'इसलिए नियमों के अनुसार एफआईएच ने उपविजेता पाकिस्तान को भी निमंत्रण दिया है, जिन्होंने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है।'

### डब्ल्यूपीजीटीः अमनदीप ने जीता खिताब

**होसुर।** अमनदीप द्राल ने अंतिम दिन एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 12वें चरण का खिताब अपने नाम किया। अमनदीप की यह 2025 सत्र में दूसरी जीत है। उन्होंने तीन दिन में कुल दो अंडर 214 का स्कोर बनाया। उन्होंने युवा अनन्या गर्ग को पछाड़ा जो 2024 में हीरो डब्ल्यूपीजीटी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ उदीयमान गोल्फर रही थीं।

### भारतीय भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में सात पदक जीते

**अहमदाबाद।** भारतीय भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप के 5वें दिन सीनियर वर्ग में एक रजत और एक कांस्य सहित कुल सात पदक जीते जबकि उभरते हुए स्टार साईराज परदेशी ने रिकॉर्ड प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। मौजूदा राष्ट्रीय खेलों के चैंपियन दिलबाग सिंह ने पुरुषों की 94 किग्रा स्पर्धा में कुल 342 किग्रा (153 किग्रा स्नैच + 189 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर रजत पदक जीता। इस वजन वर्ग का स्वर्ण पदक मलेशिया के मोहम्मद सैहमी बिन नोर गजाली ने जीता जिन्होंने 343 किग्रा (150 किग्रा + 193 किग्रा) के साथ दिलबाग को पीछे छोड़ा जबकि ऑस्ट्रेलिया के ओलिवर सैक्सटन ने 336 किग्रा (150 किग्रा + 186 किग्रा) के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। वंशिता वर्मा ने सीनियर महिला 86 किग्रा वर्ग में 222 किग्रा (95 किग्रा + 127 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक जीता।

# दलीप ट्रॉफी : आकिब नबी ने रचा इतिहास, 4 गेंदों पर झटके 4 विकेट

नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन के क्वार्टर फाइनल का मुकाबला रहा रोमांचक

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

आकिब नबी ने दलीप ट्रॉफी में इतिहास रच दिया। इस टूर्नामेंट में 4 गेंदों पर 4 विकेट लेने वाले वह पहले गेंदबाज बन गए हैं। आकिब ने हैट्रिक पूरी कर दिग्गज कपिल देव के क्लब में पहुंच गए। जम्मू-कश्मीर के बारामूला के 28 वर्षीय तेज गेंदबाज ने बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर खेले जा रहे नॉर्थ जोन और ईस्ट जोन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लगातार 4 विकेट लिए।

53वें ओवर में आकिब नबी ने आखिरी तीन गेंदों पर तीन विकेट लेकर ईस्ट जोन की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर अपनी हैट्रिक पूरी की। उन्होंने सूरज जायसवाल को 10 रन पर आउट कर विकेटकीपर कन्हैया वधावन को कैच कराया। फिर मनीषी को शून्य पर एलबीडब्ल्यू आउट किया और मुख्तार हुसैन को बिना खाता खोले क्लीन बोल्ड कर दिया।

पारी की शुरुआत में आकिब विराट सिंह को 69 रन पर आउट किया और अंततः अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को सिर्फ 1 रन पर आउट करके पूर्वी क्षेत्र की पहली पारी का अंत किया और अपने पांच विकेट पूरे किए।





### शमी ने लुटाए 100 रन

टीम इंडिया से बाहर चल रहे अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद शमी ने घरेलू क्रिकेट में वापसी करते हुए दलीप ट्रॉफी में हैरान करने वाला काम किया है। वह ईस्ट जोन टीम का हिस्सा हैं जो नॉर्थ जोन के खिलाफ खेल रही है। इस मैच में शमी ने गेंदबाजी की और ऐसा प्रदर्शन किया, जिसकी उम्मीद उनसे कभी नहीं की जाती। शमी ने इस मैच में शतक जमाया, लेकिन ये सैकड़ा रनों को लुटाने वाला था। उनकी गेंदबाजी प्रभावी नहीं दिखी और वह आसानी से रन लुटाते रहे। उनको पहली पारी में शमी ने पूरी तरह से निराश किया। नॉर्थ जोन ने 405 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसमें 100 रन तो शमी ने ही बनवा दिए थे। दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने 23 ओवर फेंके और सिर्फ एक विकेट ही ले पाए। शमी से इस तरह का प्रदर्शन की उम्मीद नहीं रहती है।

### मालेवर ने लगाया दोहरा शतक

भारत के घरेलू क्रिकेट में दलीप ट्रॉफी 2025 में इस समय सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में सेंट्रल जोन की तरफ से 21 साल के



दानिश मालेवर और रजत पाटीदार ने कमाल का प्रदर्शन किया है। इन दोनों ही बल्लेबाजों ने शतक लगाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। मालेवर ने दोहरा शतक लगाकर गेंदबाजों की जमकर धज्जियां उड़ाई हैं। मालेवर ने बेहतरीन बल्लेबाजी का नमूना पेश किया। वह विरोधी गेंदबाजों के सामने किसी दीवार की तरह खड़े रहे और सधी हुई बल्लेबाजी की। उन्होंने पहले दिन 219 गेंदों में कुल 198 रन बनाए थे, जिसें 35 चौके और एक छक्का शामिल रहा था। मैच के दूसरे दिन अपने स्कोर में दो रन जोड़ते ही उन्होंने डबल सेंचुरी जड़ दी है।


### मनीषी ने लिए 6 विकेट

झारखंड के जमशेदपुर में जन्मे इस लेफ्ट आर्म स्पिनर मनीषी ने अपनी फिरकी का जादू दिखाते हुए नॉर्थ जोन के 6 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। 21 साल के स्लो लेफ्ट आर्म स्पिनर मनीषी ने दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में ईस्ट जोन की ओर से खेलते हुए नॉर्थ जोन के खिलाफ पहले दिन 3 विकेट लिए थे। उन्होंने दूसरे दिन भी 3 विकेट लेकर अपने विकेटों की संख्या छह पर पहुंचाई। उन्होंने इस दौरान 22.2 ओवर की गेंदबाजी की और 111 रन खर्च किए। मनीषी ने टॉप ऑर्डर के तीनों बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया और तीनों ही बल्लेबाज एलबीडब्ल्यू आउट हुए। फिर उन्होंने और 3 बल्लेबाजों को भी आउट किया और वो तीनों भी एलबीडब्ल्यू आउट होकर ही पवेलियन लौटे। मनीषी अपने फर्स्ट क्लास करियर का नौवां मैच खेल रहे हैं।

## एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप

# गुरप्रीत का शानदार प्रदर्शन भारत को दिलाया स्वर्ण पदक





एजेंसी ▶▶| मशिमकेंट

पिस्टल निशानेबाज गुरप्रीत सिंह ने लगातार दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन शुक्रवार को 25 मीटर सेंटर फायर स्पर्धा में भारत को टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक दिलाया। सेना के इस 37 वर्षीय निशानेबाज ने राजकंवर सिंह संधू और अंकुर गोयल के साथ मिलकर सेंटर फायर पिस्टल में 1733 अंकों के कुल स्कोर के साथ एक और बड़ी जीत हासिल की, जिससे भारत ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं में अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने इस से पहले गुरुवार को 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतने और टीम वर्ग में भी देश को शीर्ष पोडियम स्थान दिलाने में मदद की थी। गुरप्रीत, संधू (583) और अंकुर (571) की तिकड़ी ने 1733 अंक के साथ दबदबा बनाते हुए टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक हासिल किया। वियतनाम (1720) और ईरान (1700) ने इस स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

■ मानिनी ने 50 मीटर राइफल प्रोन में जीता कांस्य

### मानिनी का पहला अंतरराष्ट्रीय पदक

युवा भारतीय निशानेबाज मानिनी कौशिक ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल करने के साथ ही टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने में भी अहम भूमिका निभाई। मानिनी का व्यक्तिगत स्पर्धा में यह पहला अंतरराष्ट्रीय पदक है। जयपुर की 24 साल की इस निशानेबाज ने 617.8 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया की हाना इम (620.2) और यूनसेओ ली (620.2) ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। मानिनी ने प्रतियोगिता में पांचवां स्थान हासिल किया था, लेकिन उनसे आगे रहने वाले दो निशानेबाज दक्षिण कोरिया की येलीन चोई (620.1) और भारत की सिफ्त कौर सामरा (617.9) सिर्फ रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। आरपीओ निशानेबाज केवल अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

## बेल्ट एंड रोड टूर्नामेंट

# भारतीय मुक्केबाजों ने बेल्ट एंड रोड टूर्नामेंट में 7 स्वर्ण पदक जीते



भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाजों ने चीन के शिनजियांग में तीसरे बेल्ट एंड रोड अंतरराष्ट्रीय युवा मुक्केबाजी गाला में सात स्वर्ण के साथ कुल 26 पदक जीते। इसमें अंडर 17, अंडर 19 और अंडर 23 वर्ग में स्पर्धायें होंगी। लड़कियों की टीम ने फाइनल में दबदबा कायम करते हुए पांच स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य पदकों के साथ दबदबा बनाया। लक्ष्मी (46 किग्रा), राधामणि (60 किग्रा), हरनूर (66 किग्रा), ज्योति (75 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए, जबकि चंद्रिका (54 किग्रा) को चीन की मुक्केबाजी से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाजों के बीच हुए 46 किग्रा, 60 किग्रा, 66 किग्रा और 80 किग्रा से अधिक की श्रेणियों में अतिरिक्त रजत और कांस्य पदक सुनिश्चित हुए। लड़कों के वर्ग में भारत ने दो स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य पदक जीते। फलक (48 किग्रा) और उधम सिंह राघव (54 किग्रा) ने कजाकिस्तान के अपने प्रतिद्वंद्वियों पर शानदार जीत के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि ध्रुव खर्ब (46 किग्रा) और पीयूष (50 किग्रा) को करीबी मुकाबलों के हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उदय सिंह (46 किग्रा), आदित्य (52 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), देवेंद्र चौधरी (75 किग्रा), जयदीप सिंह हंजरा (80 किग्रा) और लोवेन गुलिया (80 किग्रा से अधिक) ने कांस्य पदक जीतकर पदक तालिका में योगदान दिया। भारत ने इस आयोजन में 58 सदस्यीय दल भेजा है जिसमें अंडर 17 वर्ग में 20 लड़के और 20 लड़कियां हैं जबकि साथ में 12 कोच, पांच सहयोगी स्टाफ, एक रैफरी और एक जज हैं ।

### नगालैंड ने 151 खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**कोहिमा।** नगालैंड ने पूर्वोत्तर क्षेत्र, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य 151 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सम्मानित किया। युवा संसाधन और खेल सलाहकार एसकेओशु यिमखियुंग ने बताया कि राज्य सरकार 'खेलो भारत नीति 2025' के अनुरुप एक नई खेल नीति का मसौदा तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह नीति राज्य के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगी और इसमें खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखा जाएगा। इस मौके पर नगालैंड के पुलिस महानिदेशक रुपिन शर्मा ने कहा कि राज्य पुलिस जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी, जिसमें योग्य खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप

# क्वार्टर फाइनल से बाहर ध्रुव-तनिषा

**पेरिस।** ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी चेन तांग जी और तोह ई वेई की मलेशियाई जोड़ी से सीधे गेम में हारकर बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला मिश्रित युगल पदक जीतने की कोशिश में थी लेकिन उन्हें दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 37 मिनट में 15-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में जीत से भारतीय जोड़ी को कम से कम कांस्य पदक की गारंटी मिल जाती। दुनिया की 17वें नंबर की भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को हांगकांग की तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट की पांचवें नंबर की जोड़ी को हराकर उलटफेर किया था।




# टाइमिंग के कारण हुई चूक, विश्व चैंपियनशिप तक लय हासिल करने की कोशिश : चोपड़ा

एजेंसी ▶▶| ज्यूरिख

भारतीय भाला फेंक नीरज चोपड़ा ने स्वीकार किया कि डायमंड लीग फाइनल में उनकी टाइमिंग अच्छी नहीं थी लेकिन उन्हें उम्मीद है कि अगले महीने टोकियो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप तक वह लय हासिल कर लेंगे। चोपड़ा लगातार तीसरी बार डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर ने 90 मीटर से अधिक के दो थ्रो फेंककर खिताब जीता।

चोपड़ा ने फाइनल के बाद कहा,' आज टाइमिंग अच्छी नहीं रही और रनअप खराब रहा। अभी हालांकि विश्व चैंपियनशिप में तीन सप्ताह का समय है और मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगा।'' चोपड़ा ने इस साल दोहा डायमंड लीग में पहली बार 90 मीटर की बाधा पार की लेकिन वह कई बार कह चुके हैं कि लगातार इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए उन्हें अपनी तकनीक में सुधार करना होगा।



उन्होंने कहा,' यह उतना बुरा नहीं था। लेकिन हम विश्व चैंपियनशिप के काफी करीब है लिहाजा सुधार जरूरी है। कुछ चीजें अच्छी रही और कुछ नहीं। आखिरी प्रयास में मैंने 85 मीटर का थ्रो फेंका। लेकिन मैं जूलियन के लिए बहुत खुश हूं, जिसने 91 मीटर का थ्रो फेंका। हम तीन सप्ताह बाद फिर मिलेंगे।'

## एशिया कप में भारत ने चीन को रौंदकर की विजयी शुरुआत

# चीन पर भारी पड़े टीम इंडिया के जांबाज, कप्तान हरमनप्रीत ने जड़ी हैट्रिक

एजेंसी ▶▶| राजगीर

कप्तान हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय हॉकी टीम ने शुक्रवार को शुरू हुए 12वें एशिया कप में चीन के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की है। भारतीय टीम ने अपने पहले मुकाबले में चीन को 4-3 के अंतर से मात दी।

चीन ने मेजबान टीम को कड़ी टक्कर दी भारत के लिए तीन गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह (19, 33, 47) ने और एक जुगराज सिंह(17) ने किया। वहीं चीन के लिए एक-एक गोल डु शिहाओ(11'), चेन बेनहाई(34') और गाओ जिशेंग (41') ने किए। दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।



### चीन दागा पहला गोल, फर्स्ट हाफ में भारत 2-1 से आगे

मैच की शुरुआत दोनों टीमों ने सधे हुए अंदाज में की। मैच में पहला गोल चीन ने पहले क्वार्टर के 11वें मिनट में करके 1-0 की बढ़त बना ली। चीनी टीम के लिए खाता डु शिहाओ ने खोला। उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। पहले क्वार्टर का अंत चीन की 1-0 की बढ़त के साथ हुआ। दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में जुगराज सिंह(17') ने फील्ड गोल करके भारतीय टीम को 1-1 की बराबरी पर ला दी। उन्होंने 19वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करके भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। हॉफ टाइम में भारतीय टीम 2-1 से आगे थी।

### हरमनप्रीत ने दिलाई बढ़त

मैच के चौथे और निर्णायक क्वार्टर की शुरुआत में भारतीय टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। हरमनप्रीत ने एक बार फिर कमान संभाली और 47वें मिनट में शानदार ड्रैग फ्लिक करके टीम इंडिया को एक बार फिर 4-3 से आगे कर दिया। इस गोल के साथ ही हरमनप्रीत सिंह ने मैच में अपनी हैट्रिक भी पूरी कर ली। इसके बाद अंतिम 13 मिनट में भारतीय टीम ने आक्रामक रुख बनाए रखा। अंत में और कोई गोल नहीं हुआ और भारत ने मैच 4-3 के अंतर से अपने नाम कर लिया।

### कोरिया ने चीनी ताइपै को दी 7-0 से शिकस्त

एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मलेशिया ने निचली रैंकिंग वाली बांग्लादेश टीम को एशिया कप पुरुष हॉकी टूर्नामेंट के पहले दिन शुक्रवार को 4-1 से हराया जबकि गत चैंपियन कोरिया ने चीनी ताइपै को 7-0 से शिकस्त दी। पूल बी के दूसरे मैच में कोरिया के लिये डैन सोन (17वां, 29वां और 58वां मिनट) ने हैट्रिक लगाई जबकि जिहुन यांग (27वां और 50वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागे। सियोंग ने 53वें मिनट में एक गोल किया। कोरिया के लिए 54वें मिनट में यूनहो कोंग और आखिरी मिनटों में सोन ने गोल करके टीम को शानदार जीत दिलाई।


रुद्रप्रयाग जिले में बादल फटने के बाद एसडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में जुटी

## उत्तराखंड में मौसम का कहर जारी

# रुद्रप्रयाग-चमोली-टिहरी में फटा बादल, बागेश्वर में 2 महिलाओं की मौत, कई लापता, व्यापक नुकसान

एजेंसी ▶▶ बागेश्वर

उत्तराखंड में अलग-अलग जगहों पर बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। बागेश्वर जिले के पौंसारी गांव में शुक्रवार को बादल फटने से काफी नुकसान हुआ है। इस दौरान एक घर भूस्खलन की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि तीन लोग अभी भी लापता है। गांव में राहत बचाव कार्य जारी है। दो महिलाओं के बरामद शव बसंती देवी और बछुली देवी के बताए जा रहे हैं। तीन पुरुष रमेश चंद्र जोशी, गिरीश चंद्र और पूरन चंद्र लापता हैं। वहीं गुरुवार रात को चमोली जिले के तहसील देवाल के मोपाटा में भी बादल फटा है। मोपाटा में रहने वाले तारा सिंह और उनकी पत्नी लापता बताए जा रहे हैं। जबकि विक्रम सिंह और उनकी पत्नी घायल हुए हैं। इनके गोशाला में 15 से 20 जानवर भी मलबे में दबने की सूचना है।

### रुद्रप्रयाग में एक महिला की मौत, 20 लापता

टिहरी के भिलंगना ब्लॉक के गेंवाली गांव पर भी बादल फटा है। यहां किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। रुद्रप्रयाग में बादल फटने से जखोली ब्लॉक के छेनागाड़, बांगर सहित कई जगहों पर अतिवृष्टि से व्यापक नुकसान हुआ है। कृषि भूमि, पेयजल लाइन, विद्युत लाइनों को नुकसान पहुंचा है। रुद्रप्रयाग जिले के टेंडवाल गांव में मलबे में दबने से एक महिला की मौत हो गई। जबकि 18 से 20 लोग यहां लापता बताए जा रहे हैं।



### राहत कार्यों में तेजी लाएं: सीएम धामी





सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित आपदा प्रबंधन की उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं। सड़क, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में उन्हें तत्काल सुचारू किया जाए। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से रुद्रप्रयाग, चमोली और टिहरी के जिलाधिकारियों से बादल फटने की घटनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा राहत एवं बचाव कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिए।

### ट्रंप के सलाहकार नवारो के बिगड़े बोल

## भारत पर टैरिफ लगाकर हम रूस की लाइफलाइन काट रहे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो अपनी बयानबाजी से बाज नहीं आ रहे हैं और लगातार भारत पर हमला बोलते हुए 50 प्रतिशत टैरिफ को जायज ठहरा रहे हैं। पपीटर नवारो ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप का भारत से आने वाले सामान पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला लागू हो गया है। यह रूसी राष्ट्रपति पुतिन की वॉर मशीन की लाइफलाइन काटने जैसा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी उपभोक्ता ऊंची टैरिफ दरों के बावजूद भारतीय सामान खरीद रहे हैं। वहीं भारत उसी डॉलर का इस्तेमाल कर रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है। भारत पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि 'भारतीय रिफाइनरीज, अपने रूसी सहयोगियों के साथ मिलकर कच्चे तेल को रिफाइन करके फिर से ब्लैक मार्किट में बेचकर तगड़ा मुनाफा कमा रही हैं। इससे रूस की जेब में नकदी आ रही है, जो यूक्रेन युद्ध में रूस को वित्तपोषित कर रही है।



### तेल आयात 30 प्रतिशत हुआ

नवारो ने लिखा कि यूक्रेन युद्ध से पहले भारत, रूस से एक प्रतिशत से भी कम कच्चे तेल का आयात करता था, आज वह आयात बढ़कर 30 प्रतिशत से ज्यादा हो गया है, जो करीब 15 लाख बैरल प्रतिदिन है। भारत की बड़ी तेल कंपनियों ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को रिफाइनिंग हब में बदल दिया है, जो रूस के लिए तेल से पैसा कमाने का जरिया बन गई हैं। भारतीय रिफाइनरी रूस से सस्ता तेल खरीद कर उसे यूरोप, अफ्रीका और एशियाई देशों को निर्यात कर रही हैं और निष्पक्षता के नाम पर प्रतिबंधों से भी बच रही हैं। भारत रूस के कच्चे तेल को रिफाइन करके हर दिन 10 लाख बैरल रिफाइन पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है।

### रूस ने ड्रोन से यूक्रेन का जहाज डुबोया

रूस के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेनी नौसेना के टोही जहाज सिम्फरोपोल को समुद्री ड्रोन हमले में डूबा दिया है। सिम्फरोपोल जहाज रेडियो, रडार और ऑप्टिकल टोही के लिए डिजाइन किया गया एक मध्यम आकार का लगुना श्रेणी का जहाज था। सिम्फरोपोल को 2019 में लॉन्च किया गया था और यह यूक्रेन का 2014 के बाद सबसे बड़ा नौसेना जहाज था। रूस के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार, 28 अगस्त को घोषणा की कि उसने यूक्रेनी नौसेना के टोही जहाज सिम्फरोपोल को समुद्री ड्रोन (नेवल ड्रोन) के एक हमले में उड़ा दिया गया है, यह जहाज अब समुंद्र के पानी के अंदर डूब गया है।

### पोलैंड में एफ-16 विमान क्रैश, पायलट की मौत



**वारसॉ।** पोलैंड में होने वाले रादोम एयरशो से पहले वायुसेना का एक एफ-16 फाइटर जेट रिहर्सल के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ, जब फाइटर जेट एक मुश्किल हवाई करतब का अभ्यास कर रहा था। हादसे से रनवे को भी भारी नुकसान पहुंचा है। हादसे के बाद रादोम एयरशो रद्द कर दिया गया है। यह घटना रडॉम एयरपोर्ट पर हुई, जो वारसॉ से करीब 100 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। पायलट की मौत के बाद देश के रक्षा मंत्री व्लादिस्लाव कोसिनियाक-कम्यश ने गहरा शोक जताया है।

### अगले चार दशक में मंगल ग्रह पर उतरेगा इसरो

## इंसानों को बसाएगा, 3डी प्रिंटेड घर और कई योजनाएं शामिल




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आने वाले 40 वर्षों के लिए बेहद महत्वाकांक्षी खाका तैयार किया है। इस रोडमैप में मंगल ग्रह पर 3डी प्रिंटेड घर बनाना, इंसानों को मंगल पर उतारना, चांद पर खनन करना और वहां इंसानी ठिकाना बनाना जैसी बड़ी योजनाएं शामिल हैं। यह रोडमैप पूरे देशभर में किए गए विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है और हाल ही में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर इसे अंतिम रूप दिया गया।

#### मंगल ग्रह पर नजर

इसरो की योजना है कि अगले चार दशकों में मंगल पर इंसानों को भेजा जाए और वहां 3डी प्रिंटेड घरों में इंसानों का ठिकाना बनाया जाए। यह काम चरणबद्ध तरीके से होगा। पहले मंगल पर उतरने की तैयारी होगी, उसके बाद लंबी अवधि तक ठहरने योग्य बुनियादी ढांचा बनाया जाएगा।

### नया रॉकेट बनाने की तैयारी कर रहा

*अभी तक इसरो का सबसे ताकतवर रॉकेट जीएसएलवी मार्क-थ्री है, जो 4 टन तक का पेलोड भू-स्थिर कक्षा (जीटीओ) में और करीब 8 टन तक का पेलोड निचली पृथ्वी की कक्षा (एलईओ) में ले जा सकता है। लेकिन भविष्य के लिए इसरो बहुत बड़ी छलांग की तैयारी कर रहा है। इसरो की तरफ से चंद्र मॉड्यूल प्रक्षेपण यान (एलएमएलवी) नाम का नया रॉकेट बनाया जा रहा है। यह 119 मीटर ऊंचा होगा (करीब 40 मंजिला इमारत जितना)। इसमें इतनी क्षमता होगी कि यह 80 टन तक का पेलोड निचली पृथ्वी की कक्षा में और 27 टन तक का पेलोड चांद की कक्षा में ले जा सकेगा। यह रॉकेट 2035 तक तैयार होने की उम्मीद है और इसी से भारत पहली बार वर्ष 2040 तक इंसानों को चांद पर भेजेगा।*






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109